20. *Ibid.*, p. 75 : also 'Evolution of the Buddhist Cult, its gods, images and art' - Imperial and Asiatic Quarterly Review, Jan., 1912.

The Chinese traveller refers to the Hārītī stūpa said to have been erected by Aśoka and which was located by Foucher at Sare-Makhedheri in Pesawar and narrates how her worship migrated outside India to Eastern China (through Chinese Turkistan and Kashmir), Korea and Japan, though in transformed character.[21] This shows that the antiquity of the worship of this goddess can be traced back to the Mauryan period, however, it is very doubtful. To believe that Aśoka was associated with the erection of Stūpas over such a cannibal goddess is also very doubtful. However, on the basis of Gāndhāra sculptures we can safely believe that in Kuṣāṇa period her iconographical representation had started.

In the art, Hārītī is readily recognised from the children hanging round her. Sometimes she is shown seated with a child resting in her lap and childishly playing with her necklace or at times simultaneously sucking her breast. Then again, she is found standing with her favourite child clinging to her bosom, placed astride on her hip in the manner women usually carry their children.

The earliest known sculptures uptill now of Hārītī are from Gāndhāra school of art. The figure of Hārītī from Takhti-Bāhī (now in Peshawar Museum)[22] is shown standing on a vase under a canopy of leaves, carrying the youngest of her many children on her left hip in the local fashion. The figure of the goddess, as usual, is full of motherliness, her pose dignified and stately - giving her a Madonna like appearance. She puts on an Indian dress and her ornaments include necklace, bracelets and anklets. On her head is a chaplet of leavers from which a viel falls down her back.

Another figure of Hārītī from Sikari, in the Lahore Museum,[23] also shows her standing with her favourite child clinging to her breast. She has one child between her feet, three at each side of whom two on the left are wrestling recalling the expression as mentioned in the Ratnakuṭa-Sūtra that each of her children was possessed of the strength of a great wrestler. At least two of the children have succeeded in climbing as far as her shoulders.

---

21. J.N. Banerjee, Some Folk Goddesses of Ancient and Medieval India, *Indian Historical Quarterly*, 1938, p. 101 ff.

22. J. Marshall, *The Buddhist Art of Gandhara*, p. 84, fig. 112.

23. A. Foucher, *The Beginning of Buddhist Art*, p. 283, pl. XLVII. 2.

There are several figures of Hārītī belonging to the Gāndhāra school on the Indian Museum, Calcutta in which she is shown with her husband Pāñcika.[24] One of the sculptures hailing from Jamalgarh[25] represents the couple standing under a tree in blossom, the male occupying a place to the right of the female. Here Hārītī stretches out her right hand towards her husband, while in the left, she carries an object looking like a noose. A naked child is shown standing between them and another in the upper background. Another sculpture of the same school in the Indian Museum[26] shows the male standing to the left of female. Here again is the figure of a child in the upper background another such figure standing between the couple. The right hand of the male, which is partly missing, seems to be clasping the left hand of the goddess. In still another sculpture,[27] Hārītī holds the handle of a pan-shaped vessel, evidently containing eatables by her right. Again a naked child stands between them and another seated to the left of Pāñcika. In another representation of the same school in Indian Museum itself,[28] Pāñcika seems to be offering something, while a child is striding towards Hārītī.

In the seated variety also, Hārītī is represented with Pāñcika. One of the finest and largest reliefs hailing from Sahari-Bahlol (excavated by Spooner in 1907)[29] both Hārītī and Pāñcika seated side by side. Here Pāñcika holds the lance in his right hand and money-bag in the left hand. Hārītī, however, is not carrying any child here and is represented with only

---

24. *Ibid.,* p. 141. Foucher observes, "In the man it has long been proposed and recognise Kuvera, the 'King of the Spirits' but the texts merely designate him as their 'general' by his name Pancika and is in virtue of this title that he is nearly always leaning upon a lance." The evolution of Pancika most probably was from the Yaksas who are essentially guardians of the treasures and the purse of gold in his hand prove that he got himself transformed from a 'jealous gaolar into a generous dispenser of riches.'

25. N.G. Majumdar, *A Guide to the Sculptures in the Indian Museum,* pt. II, p. 110, No. 1000, pl. XII, b.

26. *Ibid.,* p. 100, No. 111.

27. *Ibid.,* p. 100, NO. 113.

28. *Ibid.,* p. 100, No. 115.

29. A. Getty, *The Gods of Northern Buddhism,* p. 87; Foucher, L'art gercobouddhique du Gandhara, II, fig. 387.

the symbol of fecundity, the cornu copiae. In another sculpture of this school discovered from Takht-i-Bahi,[30] Hārītī holds the corn copiae and Pāñcika is shown only with money-bag. Another large composition from Sahri-Bahlol[31] exhibits both Hārītī and Pāñcika seated on a common pedestal side by side, the male seated to the right of the goddess, with both their legs pendent. In his hands, both broken, the pot bellied figure of Pāñcika may have held a lance in his right hand and a purse in the left. Hārītī is holding a baby in her left hand who is childishly playing with her necklace. Besides the child in her lap we notice five other children around them. In addition to these, sixteen more children are represented playing about on the pedestal.

In the contemporary Mathurā art of the Kuṣāṇa period also, Hārītī is represented in the company of her lord. In a specific example from Mathurā, now displayed in the Mathurā Museum,[32] Hārītī along with a male figure who is identified as Jambhala have been shown seated side by side, sharing the common pedestal, with both their legs pendent, Jambhala being seated to the right side of the goddess. Jambhala is holding a lance in his right hand and a cup of wine in the left hand. Hārītī is identified by the baby held in her left and resting on her left lap, who is touching the mother's left breast. The object held in her right hand is too indistinct to be identified. Another piece of sculpture depicting Hārītī and Pāñcika has been reported from Mathurā. Here Pāñcika and Hārītī has been shown squatting in a rectangular slab. Between the rectangular pedestals of these figures a child figure kneels with an object raised in his right hand. We notice torso of an infant seated on Hārītī's left leg and a round object probably lotus flower in her right hand. A small figure stands between the two. This Patna Museum piece is defaced and weathered.[33]

Another piece of sculpture, probably of the Gupta period, is preserved in the Allahabad Museum, where a couple is shown seated with a child seated

---

30. A. Getty, op. cit., p. 37, ASIAR, 1911-12, p. 8.

31. ASIAR, 1906-07, pl.XXXII, c; Foucher, *The Beginning of Buddhist Art*, p. 283, pl. XLVIII. 1.

32. B. Sahai, op. cit., p. 257, fig. 45.

33. *Catalogue of Antiquities*, p. 22.

on their left leg.[34] This pair can be identified as that of Kuvera[35] and Hārītī. In another representation preserved in Allahabad Museum, this couple is shown under a tree, both holding a child.[36] A very much similar piece is also noticed in this museum, where seat is rather elaborate.[37]

The Sārnātha Museum preserves a lintel of a large doorway which has been placed in the Gupta period by Marshall.[38] Here, in one of the niches a female is shown standing and she is giving something to a child squating on either side. This figure presumably represent Hārītī, the female energy of Kubera, the god of wealth, whom we find pictured in the fields at the end of the lintel.[39] We notice another female figure standing in one of the niches here between a pair of jars filled with gold or sweets. She holds a lotus in her left hand and a bunch of buds in the right. This figure also has been identified by P. Upadhyaya as Hārītī.[40] However, to identify this deity as Vasudhārā or Valundharā will be more apropriate, who is also connected with Jambhala or Kubera.

We notice so many sculptures of Harītī without her consort also. One of the earliest and beautiful sculpture of Hārītī in the British Museum,[41] is shown seated on a throne with both her legs pendent and a child resting in her lap and childishly playing with her necklace. The head of the child in the lap of the goddess is partly broken. Other persons, one of whom on the right is feeding a parrot, while two others on the left are wrestling, a fourth raising

34. P. Upadhyaya, *Female Images in the Museum of U.P. and Their Social Background*, p. 258.

35. *Ibid.*, p. 198, It is interesting to note that ancestory of Kuvera and Hārītī are of common nature. In the Śatapatha Brāhmaṇa Kubera, the lord and master of the Yaksas and Yakhis of later times, is called a Rākṣasa and a lader of miscreants. It was perhaps this feature of the god and the goddess that fired the fear of the people and they began to worship them in order to appease them and thus save themselves from the malevolence of the divine couple.

36. *Ibid.*, p. 258.

37. *Ibid.*, p. 258.

38. *Ibid.*, p. 242-43.

39. *Ibid.*, p. 242.

40. *Ibid.*, p. 242.

41. *Journal of Indian Art and Industries*, 1898, pl. 4, 2.

a fruit to his mouth, and a fifth is crouched on the front of the stand, evidently from part of the progeny of Hārītī. The figure of Hārītī reminds us distinctly of the type of Demeter. The bosoms are placed very high, as are usual in the school of Gāndhāra.

Representation of Hārītī in the Mathurā art also show the goddess surrounded by children and playing with them. The Archaeological Museum at Mathurā possesses few such figures.[42] The Patna Museum, Patna also preserves one sculpture of Hārītī from Mathurā belonging to Kuṣāṇa period, where the goddess is shown alone.[43] Here Hārītī is shown seated with legs wide apart with a child on her left leg. The boy touches her breast with his left hand. The Devi holds the thighs of the child with her left hand. The right hand raised above shoulder height holds a round object. A halo-like projection rises from the child's head to the object. This weathered image's lower portion is also missing.

Patna Museum, Patna preserves another sculpture of Hārītī from which can be placed in 3rd-4th Century A.D.[44] Here the goddess is shown seated in Pralambapāda āsana with legs wide apart. The head and arms of the goddess are broken. We notice one infant sitting on her left leg and another yaksha like infant squats between her legs. Nose of infant and lower part of image is also missing.

Sarnath Museum, Sarnath possesses fragment of a sculpture showing the left arm of a female holding a child.[45] This is probably part of a Hārītī figure and was unearthed to the north-west of the Jagat Singh Stūpa. This piece can be placed in the late Gupta age.

Beside this we have information about few very good representations of Hārītī both in stone as well as bronze. In one of the representations in bronze preserved in Nalanda Museum,[46] Hārītī is shown

42. Nos. F8 & 144; V.S. Agrawal, *Handbook of the Sculptures in the Curzon Museum of Archaeologi*, Muttra, p. 25.

43. *Patna Museum Catelogue of Antiquities*, p. 22.

44. *Patna Museum Arch.* No. 6337.

45. D.R. Sahni, *Cat. of the Museum of Archaeology at Sarnath*, p. 154, No. B (f) 50.

46. A. Ghosh, *A Guide to Nalanda*, pp. 30-31, No. 1-372.

seated in Lalitāsana with a child on the left knee and a fruit held in her right arm. An inscription at the back of the figure suggests it to have been carved in the reign of Devapāla. In front of pedestal, on its lower section, are a mirror, a dish with offerings and a vase.

We have another very good sculpture of Hārītī from Silour, Dist. Saran presently preserved in Patna Museum, Patna.[47] Here, the goddess is shown seated with her leg pendent. A child is noticed seated with añjalimudrā on her left leg. Another child is noticed standing on her right. Vessel and flying Vidyādharas have been represented on the top of the stela. Below Hārītī on her semi-circular seat, two women making butter and one woman with anjalimudrā have been represented. On the pedestal we notice a female in anjalimudrā, another with a child on her lap, two musicians and a dancer. This sculpture can be dated in the 11th-12th Century A.D.

National Museum, New Delhi preserves a bronze of 9th Century A.D. from Nalanda depicting Hārītī.[48] Here also the goddess is shown seated as the above mentioned bronze on a lotus seat placed over a pedestal marked by lions and devotees. She is having sweetmeat in her right hand while left is holding a child seated on her lap. Another brass image from Pandua, Dist. Malda datable in 10th Century A.D. depicts Hariti seated with a child on her left lap. While her right hand is in Varadamudrā holding sweet-meat, the left one is touching the lotus seat. The image is under a umbrella. This image is preserved in the Varendra Research Society, Rajshahi, now in Bangladesh.

A crude bronze from Kurkihar, presently preserved in Patna Museum, Patna depicts Hārītī in Mahārājalilā āsana with a child on her left lap. Her right hand resting on knee holds a fruit. This bronze can be dated in 12th Century A.D.

Gaya Museum, Gaya preserves a bronze statuette from Fatehpur in Gaya district representing Hārītī in the ardhaparyaṅkaattitude on a single pettaled flower.[49] Her right hand stretched down on the right knee holds

---

47. Patna Museum, Arch. No. 6362.

48. B. Bandhyopadhyay, *Metal Sculptures of Eastern India*, p. 111.

49. B. Sahai, Bronzes from Fatehpur, *J.B. :P.*, Vol. I, p. 181; R.D. *Banerji, Eastern India School of Medieval Sculptures*, p. LXXIII, e.

conical object probably casket of wealth, while she supports a small child seated on her left thigh by her left hand. She puts on a number of ornaments on her person. Here the goddess is seated in ardhaparyaṅka mudrā with a child in her left lap being supported by left hand and a conical object probably casket of wealth in her right hand. This image which has been identified as Durga is undoubtedly of Hārītī because no symbol of Durga is there.

However, the most interesting figure of Hariti from Paipārā is preserved in the Dacca Museum.[50] Here the four armed Hārītī is seated on a lotus seat with her legs locked. The upper right hand of the goddess holds a fish and the upper left hand has a drinking bowl. With the two normal hands, she holds a child in her lap. The child is playing with his necklace placed near her left breast. A devotee is noticed under the lotus seat on the pedestal of the stone image. The presence of two extra hands with the new symbols - a fish and a skull cup - appears to be a novel method and probably is reminiscent of the cannibal nature of the goddess.

Besides the above mentioned figures, few other pieces have also been identified as that of Hārītī. One of those is a circular plaque having an outer row of pearls (most of them missing) set in channel - gold repousse with pearls and cut garnets - from the Taxila area, datable in Circa 3rd-4th Century A.D., now in the Victoria and Albert Museum, London.[51] It portrays in low relief in the centre the goddess Hārītī wearing a tiara and holding a flowering stem in each hand.

Another image, discovered from Nalanda,[52] depicts the goddess with her right hand held in the varada-mudrā and the left holding a stalk supporting a vase with a foliage issuing out of it. Five overturned jars on the pedestal, a characteristic of Jambhala, leave no doubt as to her identity.

But to identify the first representation as that of Tārā and the second as Vasudhārā will be more appropriate because we notice so many sculptures

---

50. N.K. Bhattasali, *op. cit.*, p. 63, pl. XXV.

51. L. Ashton, *The Art of India and Pakistan*, p. 47.

52. A. Ghosh, *op. cit.*, p. 31, No. 1-459.

of standing Tārā of Pāla period with both his hands carrying lotus and Vasudhārā, who is also connected with Jambhala, with a vase or so many vases. .

Thus we see that cult of Hārītī had wide prevalence and popularity and the artist from atleast Kuṣāṇa period down to Pāla and Sena period produced sculptures of this deity both in stone as well as bronzes. Again she was popular with both Hindu and Buddhists.



मृत्तिका-कला में हारीती

कुमारी विभा मिश्र

इलाहाबाद

हारीती प्रधानतया बौद्ध देवी हैं यद्यपि हिन्दू ग्रंथों में षष्ठी या भद्रा के रूप में प्रतिष्ठित हैं। हारीति से सम्बन्धित कथानक **रत्नकूट** में मिलता है। यक्षी के रूप में जन्म लेने से पूर्व वह राजगृह में एक चरवाहे की पत्नी थी। एक बार गर्भावस्था के समय उसे बलपूर्वक एक उत्सव में नृत्य करने को कहा गया जिससे उसका गर्भपात हो गया। फलतः उसने यह प्रतिज्ञा ली कि वह राजगृह के समस्त बच्चों का भक्षण करेगी।[१]

विनयपिटक (सर्वास्तिवाद शाखा) के चीनी अनुवाद के अनुसार उसने राजगृह में हुआंशी[२] (संस्कृत नन्दा या नन्दिनी) के नाम से पुनर्जन्म लिया तथा ५०० बच्चों की माँ बनी। किन्तु पूर्वजन्म में ली गई प्रतिज्ञा के अनुसार उसने राजगृह के बच्चों को चुराना एवं खाना प्रारम्भ कर दिया। बच्चों को हरण करने, चुराने के कारण उसका नाम 'हारीती' पड़ा। राजगृह के निवासी भगवान बुद्ध की शरण में गये। भगवान बुद्ध ने उसके सबसे छोटे सर्वप्रिय पुत्र जिसका नाम **संयुक्तरत्न सूत्र** में पिंगल तथा क्षेमेन्द्र कृत **बोधिसत्वावदानकल्पलता** में प्रियंकर मिलता है, को छिपा दिया। हारीति अपने शिशु को ढूँढती बुद्ध के समीप आई। बुद्ध ने उसे अहिंसा एवं प्रेम की शिक्षा दी तथा हारीती ने बच्चों से प्रेम करने की प्रतिज्ञा की। बुद्ध ने उसके तथा उसके बच्चों के लिये अन्न की व्यवस्था कीं। इसी कथानक के आधार को लेकर चीनी यात्री ईत्सिंग[३] ने हारीती की प्रतिमा राजगृह के भोजनालय तथा मठ में देखी थी ऐसा वर्णन मिलता है। हारीति के प्रारम्भिक घोर रूप की तुलना **महाभारत** (II १८,१–६) में वर्णित जरा नामक राक्षसी से की जा सकती है। इसे भी बच्चों के साथ अंकित किया जाता है। **श्रीमद्भागवत** में (दशमस्कंध अध्याय ६ श्लोक २७,८,२७–२६) कृष्ण को मारने के लिए उद्यत पूतना नामक राक्षसी से इसकी तुलना की जा सकती है जिसे बालघातिनी, बालग्रह, लोकबालघ्नी आदि नामों से अभिहित किया गया है।

---

१. कुमारस्वामी, यक्ष पार्ट सेकेण्ड, पृष्ठ ५

२. जे०न० बनर्जी, डेवलेपमेण्ट आफ हिन्दू इकोनोग्राफी पृष्ठ ३८१

३. तकाकुशु ईत्सिंग ए रिकार्ड आफ बुद्धिस्ट रिलिजन, पृष्ठ ३७.

हिन्दू ग्रन्थों में वर्णित षष्ठी देवी हारीती का ही परिवर्तित यप है। डॉ० वासुदेवशरण इसे भद्रा से अभिन्न बताते हैं। "आरंभ में घोर नाम की राक्षसी और कुरुक्षेत्र में उलूखल मेखला नाम की यक्षी उसी के रूप थे।" यह मांस शोणित से तृप्त होती थी। किन्तु बौद्ध धर्म के साँचे में ढलकर वह शिवात्मक बन गई और मगध से गंधार तक बच्चों की रक्षक देवी के रूप में वह सर्वत्र फैल गई। ऋग्वेद में बहुप्रजा, परम्परा लोक में बहुपुत्रा हारीती या भद्रा के रूप में विकसित हुई[४]"।

चीनी यात्री ह्वेनसांग ने हारीती की पूजा का उल्लेख गांधार में किया है। उसने अशोक द्वारा निर्मित **हारीती स्तूप** का भी वर्णन किया है, जिसकी पहचान फूशे ने सारे माइवे ढेरी में (पेशावर) की है।[५]

हारीती की पूजा भारत के अतिरिक्त चीन, जापान एवं कोरिया में भी प्रचलित थी। गान्धार कला में हारीती का अंकन तख्ते बही, सिकरी, सहरी बहलोल आदि से प्राप्त हुआ है। गंधार शैली से निर्मित हारीती की मूर्ति पर यूनानी प्रभाव है। कौशाम्बी, मथुरा, साँची एवं अमरावती से हारीती की अतीव सुन्दर मूर्तियां उपलब्ध हुई हैं। कला में हारीती दो विभिन्न रूपों में प्रदर्शित की गई है–

१. **एकाकी मूर्तिः** जिसमें हारीती के साथ बच्चे दिखाये गये हैं।

२. **युग्म मूर्तिः** जिसमें हारीती के साथ कुबेर या पंचिक की प्रतिमा रहती है। मृत्तिका कला में ये दोनों ही प्रकार सुरक्षित हैं।

कौशाम्बी के उत्खनन से हारीती की तीन मृण्मूर्तियाँ प्रकाश में आई हैं।

१. पहली मृण्मूर्ति रक्षा प्राचीर क्षेत्र से मिली है। हाथ से निर्मित इस मूर्ति में सिर पर उत्कीर्ण शिरोभूषण, मस्तक पर टीका, कान में छिद्रों से युक्त कुण्डल, गले में अलग से चिपका उत्कीर्ण ग्रैवेयक, हाथ में उत्कीर्ण वलय एवं पैरों (बांये) में पायल स्पष्ट है। देवी की नाक तथा पैर नीचे से खण्डित हैं। आँख एवं ओठ उत्कीर्ण हैं। देवी के बांये भाग में एक छोटा बच्चा स्तन से चिपका दिखाया गया है जो हारीती के वात्सल्य प्रेम को दर्शाता है।

(कौशाम्बी एक्सकैवेशन रिपोर्ट १९५७–५९ चित्र ३०)(चित्र १)

"२. घोषिताराम विहार क्षेत्र के उत्खनन से हारीती की विशालकाय मृण्मूर्ति मिली हैं। देवी स्टूल पर बैठी हैं। देवी की शिरोभूषा अलंकृत है, मस्तक पर टीका, कान में लटकते सुन्दर कुण्डल, गले में दो ग्रैवेयक तथा एक हार स्पष्ट है। हाथ में केयूर, वलय तथा पैरों में अलंकृत पायल पहने हैं। अधोभाग में साड़ी है जिसकी परतें अत्यन्त कुशलता के साथ बनाई गई हैं। देवी के दोनों हाथ घुटनों पर हैं। (चित्र २)

---

४. डॉ० वासुदेव शरण अग्रवाल, भारतीय कला, पृष्ठ ३४५

५. डॉ० जे० एन० बनर्जी, डेवलपमेण्ट आफ हिन्दू इकोनोग्राफी पृष्ठ ३८१



हारीती
चित्र 1



हारीती
चित्र 2

सांचे से निर्मित यह कुषाणकालीन मृण्मूर्ति हारीती कुबेर पत्नी अथ्वा राज्ञी के रूप को प्रकट करती है।

३. राजप्रसाद क्षेत्र से हारीती की एक विशालकाय मृण्मूर्ति डी/२६६,ksxv G-६ उसके घोर रूप को प्रकट करती है। देवी के बाल, कुण्डल, ग्रैवेयक (अलंकार से चिपका है) वलय उत्कीर्ण हैं। पायल स्पष्ट है। देवी का मुख उसके रौद्र रूप को व्यक्त करता है। स्टूल पर बैठी देवी के दाहिनें हाथ में मधुपात्र है तथा बाँया हाथ एक शिशु के ऊपर है।

उक्त तीनों मृण्मूर्तियाँ इलाहाबाद विश्वविद्यालय के कौशाम्बी संग्रहालय में सुरक्षित हैं। इनके अतिरिक्त इलाहाबाद संग्रहालय में ४ सुरक्षित कौशाम्बी की बैठी हुई दो मृण्मूर्तियों सं० ३६८४,४५२६ में देवी के बांये स्तन के समीप बच्चा दिखाया गया है। नं० १०३४ में देवी के बांयें हाथ में तथा नं० ४५३२ में गोद में बच्चा है। उक्त समस्त मूर्तियों में देवी बैठी हुई है। ये मूर्तियाँ आर्ष हैं तथा हाथ में डौलिया कर निर्मित हैं।

लखनऊ संग्रहालय में कौशाम्बी से प्राप्त हारीती की एक मृण्मूर्ति है जिसमें वह बच्चे को गोद में लिये है (७६.१६.६–२१x१६ से.मी.)। कौशाम्बी से कुबेर के साथ हारीती की कोई मृण्मूर्ति नहीं मिली है, यद्यपि मथुरा से ऐसी एक सुन्दर मूर्ति मिली है।

टिप्पणी : कौशाम्बी से पाँच ऐसी अन्य मूर्तियां मिली हैं जिनमें स्त्री को स्टूल पर बैठे दिखाया गया है। इनके हाथ घुटने पर हैं, जैसा कि बृहत्काय प्रतिमा में अंकित है। बहुत संभव है कि ये भी हारीती के शान्त राज्ञी रूप को व्यक्त करती हों।

ये मूर्तियां रक्षा प्राचीर क्षेत्र से प्राप्त (नं० डी/१२६) हैं। अशोक स्तम्भ क्षेत्र से प्राप्त मूर्तियों की संख्याएं KSIII IVAI (2), MASI No 74, Pl XXXVIA 1,23 हैं।



एकलिंगजी की कतिपय मातृका-प्रतिमाएँ

डॉ० कुसुम कुमारी जायसवाल

लखनऊ

मातृका–पूजन की परम्परा भारतीय संस्कृति की मूल धरोहर है। अन्य देशों की भाँति भारत में भी मातृदेवी के रूप में इनकी पूजा अत्यन्त प्राचीन काल से प्रचलित है।[१] वैदिक देवी अदिति में मातृदेवी के अस्तित्व को ढूँढने का प्रयास किया गया है।[२] **ऋग्वेद** में वर्णित अग्नि की सात जिह्वाओं में विद्वानों के अनुसार मातृकाओं की संख्या सात का मूल निहित है।[३] इस संख्याा की पुष्टि **महाभारत**[४] में वर्णित शिशुओं की सात माताओं –काकी, हलिमा, मालिनी, वृहन्ता, आर्या, पलाला एवं वैमित्रा से भी होता हैं जिन्होंने स्कन्द का पुत्रवत् पालन किया तथा स्कन्द की कृपा से जगत् की माता के रूप में विख्यात हुईं। इस प्रकार तत्कालीन समाज में ये मातृकाएं निम्नकोटि की लोकदेवियों के रूप में मान्य ज्ञात होती हैं।[५]

बृहत्संहिता में उपलब्ध मातृकाओं से सम्बन्धित विवरण सर्वाधिक प्रमाणिक है। वराहमिहिर ने मातृः, मातृगणः, मातृणां, मातृभिः आदि शब्दों का उल्लेख किया है[६] किन्तु वे मातृकाओं की संख्या व नामों के विषय में पूर्णतया मौन हैं। इस ग्रन्थ की टीका में उत्पल ने मातृकाओं का नामोल्लेख इस क्रम में किया है– ब्रह्माणी, वैष्णती, रौद्री, कौमारी, ऐन्द्री, यामी, वरूणी एवं **कौबेरी**।[७] बाद में अन्य मातृकाओं के रूप में नारसिंही, वाराही एवं वैनायकी का भी उललेख हुआ है।[८] **अमरकोश**[९] की सप्तमातृका सूची–ब्राह्मी, माहेश्वरी, ऐन्द्री, रौद्री, वाराही,

---

१. E.J.H. Mackay, Early Indus Civilization, pp. 53-54; j., Marshall, *Mohenjo-daro and the Indus Civilization*, I,p. 135.

२. V.S., Agarawala, " Mathura Terracottas", *JUPHS*, Vol. IX. pt. 2,July, 1936,pp. 19-26.

३. M.K. Dhavalikar, " To Origin of Saptamatrika", *BDCRI*, Vol. XXI, 1960-61 pp. 21-22.

४. **महाभारत**, ३. २२८, ७–१०

५. वासुदेवशरण अग्रवाल, प्राचीन भारतीय लोकधर्म, पृ० ५२.

६. A.M. Shastri, *India as Seen in the Bṛhatsaṁhitā of Varāhamihira*, p. 154.

७. *Ibid.*, p. 154.

८. *Ibid.*, p. 154 fn. 3; J.M., Banerjea, *Development of Dindu Iconography*, p. 504

कौबेरी और कौमारी–उपर्युक्त पहली सूची से अधिक भिन्न नहीं है। **कुमारसम्भव**[१०] में काली सहित मातृकाओं को शिव का अनुगमन करने वाली कहा गया है। स्कन्दगुप्त के विहार स्तम्भ लेख[११] से स्कन्द के साथ मातृकाओं के सम्बन्ध पर प्रकाश पड़ता है। इस प्रकार गुप्त काल तक मातृका–पूजन का शैव धर्म में समन्वय हो चुका था और शैव सम्प्रदाय के साथ–साथ मातृका–उपासना भी विकसित होती गई।

पौराणिक काल में प्राचीन काल से चली आ रही सात माताओं की कल्पना का समावेश ब्राह्मण धर्म में हुआ और वे विभिन्न देवताओं की शक्तियों के रूप में प्रतिष्ठित हुईं। पुराणों में मातृकाओं का प्रदुर्भाव अन्धक[१२] अथवा शुम्भ– निशुम्भ[१३] दैत्यों के वध के सन्दर्भ में हुआ बताया गया है। इन दैत्यों की सेना से घिरी देवी (अम्बिका) की सहायता हेतु ब्रह्मा, शिव, कार्त्तिकेय, विष्णु, वराह, यम आदि देवताओं ने अपने–अपने शरीर से शक्तियों को उत्पन्न किया, जो अपने–अपने देव के समान रूप, पराक्रम एवं वाहन से युक्त थीं। इन देवियों को मातृगणों के नाम से सम्बोधित किया गया है।

मातृकाओं की संख्या सामान्यतः सात है।[१४] किन्तु कभी–कभी यह बढ़कर आठ[१५], नौ[१६], दस[१७] सोलह[१८], अथवा असंख्य[१९] हो गई है। इस प्रकार सप्त मातृकाएँ हैं– ब्रह्माणी, माहेश्वरी, कौमारी, वैष्णवी, वाराही, इन्द्राणी एवं चामुण्डा। इसके अतिरिक्त शास्त्रों में नारसिंही, वैनायकी, अग्नेयिका, याम्या, वारुणी और वायव्यी मातृकाओं का उल्लेख भी मिलता है। उत्तर भारत की पूर्वमध्य युगीन मूर्तिकला में सप्तमातृकाओं के स्वतन्त्र चित्रणों के समान नारसिंही, वैनायकी, अग्नेयिका आदि के भी चित्रण यदा–कदा मिलते हैं।

एकलिंगजी (उदयपुर,राजस्थान) के विन्ध्यवासिनी मन्दिर में अनेक मातृकाओं की मूर्तियां उत्कीर्ण हैं। इन मूर्तियों में से कतिपय मातृकाओं – ब्रह्माणी, महेश्वरी, वैष्णवी, वाराही, चामुण्डा, नारसिंही एवं अग्नेयिका– की मूर्तियों के पृथक्–पृथक् विवरण निम्नलिखित हैं :

---

९. **अमरकोश**, १,१,३५.

१०. **कुमारसंभव**, ७/३८–३९.

११. *Corpus Inscriptionum Indicaram*, III, p. 47.

१२. **वाराहपुराण**, अ० २७, **शिवपुराण** २,५५ अ० ४४–४६, **मत्स्यपुराण**, अ० १७९.

१३. **मार्कण्डेयपुराण**, अ० ८२–८७.

१४. **अग्निपुराण**, ५०, १८–२३, **अपराजितपृच्छा**, २२३,१५–२१, **मानसोल्लास**, २,३१,७९–९९.

१५. **वाराहपुराण**, २७,२९–३२, **मत्स्यपुराण**, २६०,२४–३८, **गरूडपुराण**, १,१३४,३–४. **देवीभगवतपुराण**, ६,५०,७६–८०; **चतुर्वर्गचिन्तामणि**, **व्रतखण्ड**, अ० १ पृ० ८२–८४; **देवतामूर्तिप्रकरण**, ८,६१–७५.

१६. **स्कन्दपुराण**, ४,२,८३,३३.

१७. **देवीभागवतपुराण**, ३,६–१४.

१८. J.N., Banerjea, *op.cit.*, p. 504.

१९. **मत्स्यपुराण**, ११८,६–१८; **ब्रह्मवैवर्तपुराण**, ६४,८७–८८.

ब्रह्माणी :

इस मातृका की प्रस्तुत मूर्ति (चित्र १) में देवी एक मुख और चार भुजाओं से युक्त द्विभंग मुद्रा में खड़ी है। उनका एक हाथ अक्षसूत्र लिए हुए वरद–मुद्रा में स्थित है और शेष हाथ क्रमशः पद्म, पद्म (?) एवं कमण्डल से युक्त है। देवी के मस्तक पर जटामुकुट है और वे सामान्य आभूषणों से अलंकृत हैं। देवी के बायें पार्श्व में वाहन हंस अंकित है। मातृका ब्रह्माणी ब्रह्मा की शक्ति है।

शास्त्रों में इन्हें ब्रह्मा के सदृश ही निर्मित करने का विधान बताया गया है। इस मातृका के प्रतिमा लक्षण पुराणों[२०], शिल्प एवं वास्तु शास्त्रों[२१] में मिलते हैं। इन शास्त्रों में ब्रह्माणी की प्रायः चार मुखों से युक्त चतुर्भुजी मूर्तियों का वर्णन है। इन मूर्तियों के हाथों में निम्नलिखित आयुधों में से कोई चार होते हैं; अक्षसूत्र, स्रुव, पुस्तक, कमण्डलु आदि । इस मातृका के वाहन के रूप में प्रायः हंस का उल्लेख है। उपर्युक्त प्रतिमा में ब्रह्माणी के एक मुख, चार हाथों, अधःकरों के आयुधों और वाहन का चित्रण **अपराजितपृच्छा** और **रूपमण्डन** के ब्रह्माणी–विवरण से साम्य रखता है किन्तु **अपराजितपृच्छा** में ब्रह्माणी के मुखों की संख्या चार बतायी गयी है। इस मातृका के लिए 'पद्म' आयुध का उल्लेख देवतामूर्ति प्रकरण[२२] में मिलता है,किन्तु षड्भुजी मूर्ति के लिए।

माहेश्वरी:

माहेश्वरी की स्थानक मूर्ति उदाहरणस्वरूप उल्लेखनीय हे (चित्र २)। इसमें चतुर्भुजी देवी द्विभंग मुद्रा में स्थित हैं। उनके दक्षिणाधः कर में मातुलिंग और वामाधः कर में कमण्डलु है, शेष ऊर्ध्वकरों में से दाएँ में त्रिशूल और बायें में खट्वांग है। जटामुकुटधारी देवी कुण्डलों, हारों, केयूरों, कंकणों, मेखला, नूपुरों आदि अलंकरणों से विभूषित हैं। वाहन का चित्रण स्पष्ट नहीं है। माहेश्वरी शिव की शक्ति हैं। इस मातृका का विवरण अनेक लक्षण ग्रन्थों में मिलता है। इन लक्षण ग्रन्थों[२३] में इस मातृका को प्रायः महेश्वर के सदृश तीन नेत्रों, चन्द्रांकित जटाजूट और सर्पाभरणों से अलंकृत तथा वृषभ वाहन पर आरूढ़ निर्मित करने का निर्देश है। इनमें माहेश्वरी की चतुर्भुजी मूर्तियों का वर्णन है। देवी का एक हाथ प्रायः त्रिशूलधारी होता है तथा शेष हाथों में निम्नलिखित आयुधों अक्षसूत्र, खड्ग, खट्वांग, कपाल, मातुलिंग आदि में से तीन होते हैं। इस प्रतिमा में माहेश्वरी का चित्रण **अपराजितपृच्छा** और **रूपमण्डन** के प्रतिमा–लक्षणों से निकटता रखता है, लेकिन पूर्णतया नहीं।

---

२०. मत्स्यपुराण, २६०,२४–२५; अग्निपुराण, ५०,१८; मार्कण्डेयपुराण, ८५,१४.

२१. अपराजितपृच्छा, २२३,१६; रूपमण्डन ५,६३.

२२. देवतामूर्तिप्रकरण, ८,६१–६३.

२३. मत्स्यपुराण, २६०,२५,२६; अग्निपुराण, ५०,१८–१६; अपरापितपृच्छा, २२३,२१; रूपमण्डन, ५,६४०

वैष्णवी :

इस मातृका की चतुर्भुजी मूर्ति में देवी द्विभंग स्थानक मुद्रा में स्थित हैं (चित्र ३) । देवी का पहला हाथ वरद मुद्रा में स्थित है और शेष हाथ क्रमशः अंकुश, पाश और चक्रधारी है। आभूषणों से अलंकृत देवी का वाम पार्श्व में वाहन गरुड़ (पुरुषाकृति) की आकृति है। विष्णु की शक्ति वैष्णवी को शास्त्रों[२४] में प्रायः अपने देवता विष्णु के समान श्यामवर्ण, पीताम्बरधारी, वरदमाला से अलंकृत, शंख, चक्र, गदा, पद्म आदि आयुधों से युक्त एवं गरुड़ पर आरूढ़ बताया गया है। इस मूर्ति में वाहन से युक्त चक्रधारी वैष्णवी का चित्रण शास्त्रीय विवरणों के अनुरूप है। यद्यपि यहाँ देवी द्वारा लिये गये दो आयुध पाश और अंकुश शास्त्र निर्दिष्ट नहीं है तथापि आशापुरी (मध्य प्रदेश) से उपलब्ध एक अष्टभुजी प्रतिमा[२५] में वैष्णवी के आयुध के रूप में पाश और अंकुश का चित्रण उललेखनीय है।

वाराही :

इस मातृका की प्रस्तुत प्रतिमा (चित्र ४) में वराहमुखाी देवी नृत्यमुद्रा में स्थित हैं। उनका दक्षिणाधः कर वरद–मुद्रा में स्थित अक्षसूत्रधारी है और शेष तीनों हाथ क्रमशः गदा[२६], चक्र और शंखधारी हैं। सामान्य आभूषणों से अलंकृत वाराही के बायें पार्श्व की आकृति सम्भवतः वाहन की है। यह मातृका विष्णु के वाराह रूप की शक्ति हैं। वाराही को शास्त्रों[२७] में प्रायः वराह के सदृश सूकर मुख से युक्त निर्मित करने का निर्देश है। देवी की चतुर्भुजी मूर्तियों के हाथों में निम्नलिखित आयुधों में से कोई चार होते हैंः शंख, चक्र, गदा, पद्म, दण्ड, शिर, चामर, खड्ग, अक्षसूत्र, घण्टा, कमण्डलु आदि । वाहन के रूप में प्रायः महिष का उल्लेख हुआ है। इस मूर्ति में अधिकांश आयुधों से युक्त वाराहमुखी देवी का चित्रण पुराणों एवं शिल्पशास्त्रों के वाराही–विवरण से साम्य रखता है।

चामुण्डा :

इस मातृका की प्रस्तुत मूर्ति (चित्र ५) में उग्र मुखाकृति से युक्त निर्मांसा और कृशोदरी देवी प्रेतवाहन पर नृत्य मुद्रा में खड़ी हैं। देवी की अधिकांश भुजाएं एवं दायां चरण खण्डित हो चुके हैं। अतः भुजाओं की संख्या का अनुमान लगाना कठिन है। अवशिष्ट हाथों में से एक दायाँ कर्तरीधारी तथा एक बायाँ कपालधारी है, एक बाएं हाथ की उंगली मुख के निकट है (कोहिनी

---

२४. मत्स्यपुराण, २६०,२८–२६; अग्निपुराण,८८,१५; मार्कण्डेयपुराण, ८८,१५; गरुडपुराण, १,२१०,५; अपराजितपृच्छा,२२३, २०; रूपमण्डन, ५,६६.

२५. M. Rao " Some Notable Paramara Sculptures of Birla Museum, Bhopal", Art of the Paramaras of Malwa, p. 80,pl.VIII.

२६. रत्नचन्द्र अग्रवाल के अनुसार यह आयुध खट्वांग है (मेवाड़ के दो दुर्गा भवन; शोध-पत्रिका, उदयपुर, वर्ष १७, अंक ३, १९६६, पृ० १४)।

२७. मत्स्यपुराण, २६०, ३०–३१ अग्निपुराण, ५०,२०; मार्कण्डेयपुराण, ८५,१८; अपराजितपृच्छा २२३,१६; रूपमण्डन, ५,६७–६८.

में खट्वांग दबा है)। प्रभामण्डल से युक्त देवी व्याघ्रचर्म का परिधान (अधोवस्त्र) पहने हैं। वे जटामुकुट, मुण्डमाला और भुजंगाभरणों से अलंकृत हैं। देवी के चरणों के पीछे वाहन प्रेत है। देवी के दाएँ पार्श्व में कर्तरी और कपालधारी प्रेत का चित्रण है। यह मातृका किसी देव विशेष की शक्ति न होकर स्वतन्त्र रूप से वर्णित है।[२८] चामुण्डा के प्रतिमा लक्षण विभिन्न पुराणों[२९] और अनेक शिल्प एवं वास्तुशास्त्रों[३०] में उपलब्ध हैं। इन शास्त्रों में चामुण्डा की कृशोदरी मूर्ति का वर्णन है। इन मूर्तियों में देवी को दो, चार, आठ, इस, बारह अथवा सोलह भुजाओं से युक्त बताया गया है, जिनमें भुजाओं की संख्या के आधार पर कपाल, कर्तरी, खट्वांग, नरमुण्ड, खड्ग, खटक, पट्टिश, घण्टा, डमरू, पाश, वज्र, धनुष, बाण, पानपात्र, दर्पण, शंख, चक्र, गदा आदि आयुधों का चित्रण होता है। वाहन के रूप में प्रायः प्रेत अथवा शव का उल्लेख है। इस मूर्ति में वाहन एवं अधिकांश आयुधों से युक्त कृशोदरी व निर्मांसा चामुण्डा का चित्रण प्रतिमा–शास्त्रीय विवरणों के अनुरूप है।

नारसिंही :

इस मातृका की प्रतिमा (चित्र ६) में सिंहमुखी देवी चार भुजाओं से युक्त नृत्य मुद्रा में खड़ी है। उनके नेत्र गोल और जिह्वा लटक रही है। देवी के ऊर्ध्व करों में से दायॉ खड्ग और बाँया खेटकधारी है तथा दोनों अधःकर सम्भवतः नृत्य मुद्रा में स्थित (अथवा शंख से युक्त) हैं। देवी के मस्तक पर करण्ड मुकुट है और वे कुण्डल, हार, वरमाला, केयूर, कंकण, नुपुर आदि आभूषणों से विभूषित हैं। मातृका नारसिंही विष्णु के नरसिंह अवतार की शक्ति हैं। पुराणों[३१] में इस मातृका को नरसिंह के सदृश निर्मित करने का निर्देश है किन्तु उनके विस्तृत रूप का वर्णन नहीं है। अतः पौराणिक विवरण के आधार पर नारसिंही–मूर्तियां नरसिंह (मुख सिंह का और शेष शरीर मनुष्य का) के समान निर्मित हुई प्रतीत होती हैं। प्रस्तुत प्रतिमा में नारसिंही के खड्ग एवं खेटक आयुधों का चित्रण **मत्स्यपुराण**[३२] में उपलब्ध नरसिंह विवरण से प्रभावित है। नारसिंही मातृका की नृत्य मूर्तियां दुर्लभ हैं।

अग्नेयिका:

इस मातृका की प्रस्तुत मूर्ति (चित्र ७) विशेष उल्लेखनीय है। इसमें देवी चतुर्भुजी है और द्विभंग मुद्रा में खड़ी है। उनके निचले हाथों में से दायाँ वरद मुद्रा में स्थित अक्षसूत्रधारी है और बायाँ कमण्डलुधारी है तथा ऊपरी हाथों में से दायाँ स्रुवधारी और बायाँ पुस्तकधारी है। बाऍं पार्श्व में वाहन मेष चित्रित है। यह मातृका अग्नि देवता की शक्ति है। **लिंगपुराण**[३३] में अग्नेयिका

---

२८. वाराहपुराण में इस मातृका को यम की शक्ति कहा गया है (T.A.G. Rao *Element of Hindu Iconography*, p.381).

२९. मत्स्यपुराण,२६१,३३–३६;मार्कण्डेयपुराण,८४,५–७; देवीभागवतपुराण,५,२६,३६–४३; अग्निपुराण,५०,२१–२३.

३०. अपराजितपृच्छा, २२३,१५; २२३,१७; रूपमण्डन, ५,७०–७२; देवतामूर्तिप्रकरण, ८,७२–७४.

३१. मार्कण्डेयपुराण, ८५,१६, देवीभागवतपुराण, ५,२८,२५; स्कन्दपुराण, ४,२,७०,३१.

३२. मत्स्यपुराण, २६०,३१,३५.

३३. लिंगपुराण, पूर्वादर्ध, ८२,६६–६७.

का उल्लेख मातृका–रूप में हुआ है। इस प्रतिमा में वाहन मेष से युक्त चतुर्भुजी अग्नेयिका का चित्रण **अपराजितपृच्छा**[३४] और **रूपमण्डन**[३५] में उपलब्ध अग्नि देवता के मूर्ति–विवरण से उचित ही साम्य रखता है। मूर्तिशिल्प में मातृका अग्नेयिका के चित्रण दुर्लभ हैं।[३६]

उपर्युक्त अध्ययन से यह स्पष्ट है कि एकलिंगजी की लगभग दसवीं शती ईसवी की मातृका–मूर्तियां प्रतिमाशास्त्रीय विवरणों मुख्यतः **अपराजितपृच्छा** एवं **रूपमण्डन** से अधिक निकटता रखती हैं। मातृकाओं में ब्रह्माणी, माहेश्वरी, वैष्णवी, वाराही एवं चामुण्डा की प्रतिमाएं लक्षण–ग्रन्थों में उपलब्ध अपनी–अपनी मूर्तिगत विशेषताओं से साम्य रखती हैं। नारसिंही और अग्नेयिका के मूर्ति विवरण शास्त्रों में विस्तार से नहीं मिलते हैं।

अतः इन मातृकाओं को शिल्पियों द्वारा उनके देवताओं के प्रतिमा–लक्षण के अनुरूप उचित की उकेरा गया है। इस प्रकार एकलिंगजी के उपर्युक्त मातृका–समूह में सप्तमातृकाओं[३७] के साथ आठवीं और नवीं मातृका के रूप में क्रमशः नारसिंही एवं अग्नेयिका का अंकन उल्लेख्य है। उत्तर भारत की मूर्तिकला में राजस्थान क्षेत्र से प्राप्त मातृकाओं के ये चित्रण प्रतिमा–विज्ञान की दृष्टि से विशेष महत्त्व रखते हैं।



---

३४. **अपराजितपृच्छा**, २१३,१०.

३५. **रूपमण्डन**, २.३२.

३६. इस सन्दर्भ में गुजरात के लाडोल U.P. Shah " Some Mediaeval Sculptures from Gujarat and Rajasthan", *JISOA*. Vol. I, N.S., spl. No. १९६५–६६, पृ. ८१, चित्र ८६ और बड़ौदा M.N.P. Tiwari., & K. Giri, " A Note on the Matrika Figure from E.M.E. Dakshina Murti Temple, Baroda", Sambobhi, से उपलब्ध मातृका अग्नेयिका की एक–एक पूर्व मध्ययुगीन मूर्तियाँ उल्लेखनीय हैं।

३७. इस मातृका समूह में कौमारी और इन्द्राणी की मूर्तियां लेखिका को नहीं मिली हैं। सम्भव है, इन मातृकाओं की मूर्ति एकलिंगजी के विन्ध्यवासिनी मन्दिर में उत्कीर्ण हो।

ओसिया के वैष्णव मन्दिरों के भद्र रथिकाओं की देव प्रतिमाओं का शास्त्रीय विवेचन

डॉ० शशिबाला श्रीवास्तव

भारत के मरुस्थलीय अंचल में बसे हुए ओसिया ग्राम के प्राचीन मन्दिर सिकता राशि के अनन्त विस्तार में एकाकी खड़े हुए अपने अतीत की गौरव गाथा सुना रहे हैं। यह स्थान जोधपुर से पोखरन के मार्ग पर बत्तीस मील दूर स्थित है तथा सम्पूर्ण राजस्थान में ओसवाला वणिकों के मूल निवास के रूप में सुविदित है। जैन ग्रन्थों में यह "उपकेशपट्टन" के नाम से उल्लिखित है। प्रतिहार शासकों के संरक्षण में पल्लवित इन मन्दिरों में गुप्त कालीन मन्दिर–वास्तु का अगला चरण दृश्यमान होता है। वस्तुतः यहाँ नागर शैली अपनी शैशवावस्था में दृष्टिगत होती है। कालक्रम की दृष्टि से ओसिया के मन्दिर तीन वर्गों में विभक्त किये गये हैं। प्रथम वर्ग में वे समस्त देवायतन आते हैं जो पहाड़ी से दक्षिण की ओर पूर्व से पश्चिम हैं और लम्बवत् स्थित हैं। इनका निर्माण आठवीं से नवीं शताब्दी में हुआ। जैन मन्दिर एवं सच्चियमाता के प्रांगण में अवस्थित लघु मन्दिरों की गणना द्वितीय वर्ग के अन्तर्गत की जाती है। ये ग्यारहवीं शताब्दी में निर्मित किए गये। अन्तिम युग में सच्चियमाता मन्दिर का निर्माण हुआ जिसकी तिथि मन्दिर में उपलब्ध अभिलेखों के अनुसार बारहवीं शताब्दी है।

गर्भगृह के बाह्य भित्ति की मूर्तियां

ओसिया के समस्त मन्दिरों[१] तथा उनके गौण मन्दिरों के गर्भगृह में पृष्ठवर्ती तथा दोनों पार्श्ववर्ती भित्तियों पर मूर्तियां उत्कीर्ण हैं। ये मूर्तियां भित्ति से उभरी हुई हैं। प्रत्येक पार्श्व की भित्ति पर मध्य में एक एक मुख्य रथिका का निर्माण किया गया है, जिसे वास्तुशास्त्र के ग्रन्थों में "भद्ररथ" की संज्ञा दी गयी है। इसके दोनों पार्श्व में एक अनुरथ निर्मित है। तत्पश्चात् कर्णरथों का निर्माण हुआ है। इस प्रकार प्रत्येक पार्श्ववर्ती भित्ति पर निर्मित रथिकाओं की संख्या पाँच–पाँच है।

भद्र रथिकाओं पर विष्णु के विभिन्न अवतारों, शिवपार्वती तथा सूर्य की मूर्तियां हैं। कतिपय मन्दिरों में अनुरथों पर लौकिक प्रतिमाएँ उपलब्ध हैं अन्यत्र देव मूर्तियां प्रदर्शित हैं। अधिकांश मन्दिरों में कर्णरथ विश्वपति आकृतियों द्वारा अलंकृत हैं।[२] ओसिया में मात्र एक मूर्ति

---

१. अपवाद स्वरूप गान्धार शैली में निर्मित स०मा० मन्दिर तथा लघु मन्दिरों सं० ५,६ एवं ७ में भी मात्र भद्र रथिकाओं का अंकन हुआ है।

२. अपवादों का उल्लेख यथा समय यथास्थान किया गया है।

अंकित (पंक्ति) है। स०म० के तीन लघु मन्दिर एवं जैन लघु मन्दिरों में रथिकाओं के मध्यवर्ती भाग में शार्दूल आकृतियां बनाई गयी हैं। देव मन्दिरों में यह सादे ही हैं।

भद्र रथिकाओं की मूर्तियां

ओसिया मन्दिरों के बाह्य भित्ति में निर्मित भद्र रथिकाओं की मूर्तियों का अध्ययन प्रवेश द्वार के संदर्भ में करना समीचीन होगा। यहाँ पर निर्मित मुख्य द्वादश देवालयों में से उड़ीसा की भाँति कतिपय मन्दिर[३] पूर्वाभिमुख हैं, अधिकांशतः पश्चिमाभिमुख हैं।[४] उल्लेख्य है कि भारत के अन्य मन्दिर केन्द्रों के विपरीत यहाँ तीन मन्दिर सं० ५,१० (पिप्पलदेवी) तथा जैन मन्दिर उत्तराभिमुख निर्मित हैं। इन मन्दिरों की भित्ति पर एक भद्र रथिका है, जिसे अनिवार्यतः देव मूर्ति से अलंकृत किया गया है।

वैष्णव मन्दिर

ओसिया में मं० स० १,२,३,४,८ तथा स०मा० के प्रांगण में स्थित उ०पू०, उ०प०, द०प० लघु म० एवं सं० १ का उ०प० गौण म. वैष्णव मन्दिर है। इन मन्दिरों की भद्र रथिकाओं में विष्णु के अनेकानेक अवतार, लक्ष्मी नारायण, हरिहर, सूर्य, महिषमर्दिनी तथा गणेश की प्रतिमाएं उपलब्ध हैं।

पूर्वी भद्र रथिका

अधिकांश वैष्णव मन्दिर पश्चिमाभिमुख होने के कारण उनमें पूर्वी भद्र रथिका उपस्थित है।[५] म०स० ८ में इस स्थान पर सूर्य की मूर्ति है। म०स० १ तथा २ में स्थानक मुद्रा में चतुर्भुज हरिहर की प्रतिगा है। शेष स्थानों पर विष्णु का विभिन्न रूपों में अंकन हुआ है।

स०मा० के उ०पू० लघु मन्दिरों की इस रथिका में लक्ष्मी–नारायण की युगल प्रतिमा स्थानक मुद्रा में स्थापित है, (द्र० चि०)। दोनों मन्दिरों में देवता का अंकन प्रायः समान रूप में हुआ है। पद्म कलिका[६] एवं वामाधः कर में शंख है, जो लक्ष्मी के वाम स्कन्ध पर स्थित है।[७] द्विभुज देवी का दक्षिण कर देवता के दक्षिण स्कन्ध पर है, एवं वाम कर में पद्म कलिका प्रदर्शित है। देवता किरीट–मुकुट तथा सभी आभूषणों एवं वैजयन्ती माला से अलंकृत है, उनकी कटि में पीताम्बर सुशोभित है। देवी रत्न जटित केश सज्जा, हार, कंकण, कटिबन्ध, भुजबन्ध तथा नुपुर धारण किये हैं। उनका शरीर साड़ी एवं कंचुकी से आवृत है।[८] युगल प्रतिमा की मुख मुद्रा लालित्य भाव से पूर्ण है। पार्श्व अंकन की दृष्टि से दोनों प्रतिमाओं में आंशिक भिन्नता

---

३. म०सं० ३,६, तथा ७

४. स०मा०, म०सं० १,२,४,८ तथा ६

५. अपवाद स्वरूप सं० ३ पूर्वाभिमुख है।

६. उ०पू० में वह कर खण्डित है।

७. उ०पू०मं० में देवी का वाम कर खण्डित है।

८. द्र०चि०सं० १

परिलक्षित होती है। उ०प० लघु मन्दिर में देवता के दक्षिण पार्श्व में गरुड़ की मानव रूपी सपक्ष प्रतिमा स्थानक मुद्रा में अंकित है। उनके कर स्तुति मुद्रा में जुड़े हैं। वे धोती, हार, कुण्डल, भुजबन्ध एवं वलय धारण किए हैं। देवता के वाम पार्श्व में एक अनुचर की लघु आकृति उत्कीर्ण है। उ० पू० लघु म० में गरुड़ प्रतिमा का अभाव है। यहाँ देवता के दक्षिण पार्श्व में एक भक्त अंजलि मुद्रा में प्रदर्शित है। राव के अनुसार लक्ष्मी नारायण की प्रतिमा आलिंगन मुद्रा में प्रस्तुत की जानी चाहिए।[९] इस मूर्ति में विष्णु का नारायण रूप उपस्थित है। ध्यातव्य है कि प्रायः समस्त शास्त्रों में मूर्ति निर्मित करने का उल्लेख आग्नेय, नैर्ऋत्य, वायव्य एवं ईशान कोणों पर हुआ है परन्तु मन्दिरों में कोणों पर अष्ट दिक्पति विराजमान है, तथा भद्र रथिकाएँ भित्ति के माध्य भाग में निर्मित की गयी हैं। अतः प्रत्येक कोण के नाम से उनमें सम्मिलित दोनों दिशाओं का अर्थ ग्रहण करना समीचीन होगा । **परमेश्वर संहिता**[१०] में अन्तर्मण्डल के चतुःकोण पर निर्मित देवताओं में नारायण को ईशान कोण पर रक्खा गया है।[११] **अ० पु०** में नवायतन के सन्दर्भ में लक्ष्मी को पूर्व दिशा में निर्मित करने का आदेश है।[१२] वर्तमान मन्दिरों में नारायण का अंकन लक्ष्मी के साहचर्य में पूर्व दिशा में हुआ है।

स०मा० मन्दिर के द० प० लघु मन्दिर की इस रथिका में विष्णु के वाराह अवतार की अत्यन्त रोचक प्रतिमा उत्कीर्ण की गयी है। चतुर्भुज देवता आलोढ़ मुद्रा में अंकित है। उनका द० पाद भूमि पर टिका है तथा वाम पाद पद्म पत्र पर स्थित है। विष्णु के दक्षिणोर्ध्व कर में विशाल गदा है एवं दक्षिणाधः कर में एक नाग की पुच्छ है, जो देवता के द० पार्श्व में जानु के सन्निकट अंकित है। वाराह अपने वामोर्ध्व कर में चक्र धारण किये हैं। उनके वामाधः भुजा की स्थिति में मौलिकता प्रकट होती है। दुर्भाग्यवश यह भुजा खण्डित है तथापि सुरक्षित अंश से स्पष्ट है कि कोहनी जानु पर आधृत है और ऊपर उठे करतल पर पृथ्वी की त्रिभंग प्रतिमा स्थान मुद्रा में अंकित है। देवी प्रतिमा भी दुर्भाग्यवश खण्डित अवस्था में है। सर्वाभरण विभूषित द्विभुजी देवी दक्षिण कर ऊपर उठा कर देवता द्वारा गृहीत चक्र का स्पर्श कर रही हैं, तथा उनका वाम कर नीचे लटक रहा है। देवता के शीर्ष पर विशाल पद्म पत्र का छत्र प्रदर्शित है जो प्रतीकात्मक रूप से इस घटना के स्थान को इंगित कर रहा है। वे किरीट मुकुट रत्नजटित भुजबन्ध, वैजयन्तीमाला, कटिबन्ध, नुपुर, कौस्तुभ मणि तथा कटि में पीताम्बर धारण किये हैं। दुर्भाग्यवश वाराह एवं पृथ्वी का मुख मण्डल खण्डित है। देवता के वाम वार्श्व में आयुध शंख अंकित है। वाराह का वाम चरण जिस पद्म पत्र पर अंकित है उसके नीचे सपत्नीक हिरण्याक्ष की आकृति है, जिसके शरीर का पृष्ठ भाग सर्पाकार है।

---

९. ई० एच० आई० ख० १ मा० १ पृष्ठ २५८–५६

१०. यह ग्रन्थ पौष्कर संहिता पर आधारित है। उत्पल के उद्धरणों की दृष्टि से यह दसवीं शती से पूर्व का है। परमेश्वर सं० में वर्णित मूर्तियों के स्थानों के नियम के अनुसार ही दक्षिण भारत श्री रंगम् मन्दिर के विभिन्न अंगों में निर्मित देवताओं की स्थापना की गयी है। इस दृष्टिकोण से यह ग्रन्थ वैष्णव मछिनों के लिए विशेष महत्त्वपूर्ण है।

११. प०स० तालिका श्री रंगाख्य वृत्तान्त दिव्य विमानदेवता।

१२. "लक्ष्मी वैश्रवणी पूर्वे......" अ०पु० ४३/६

उपर्युक्त प्रतिमा की सामान्य विशेषता **वै० आ०, शिल्पत्न, रु० म०, अ० पु०** तथा **वि०ध०पु०** के विवरण के अनुसार है।[१३] उनके ऊर्ध्व करों के प्रदर्शन में **रु० म०, शिल्प रत्न** तथा **वै० आ०** के नियमों का अंशतः पालन हुआ है। अर्थात् दक्षिणोर्ध्व कर में गृहीतआयुध,गदा का उल्लेख **रु०म०**[१४] एवं **शिल्परत्न** में हुआ है, तथा **वै० आ०** में वामोर्ध्व कर में चक्र का विधान है। यद्यपि उपलब्ध ग्रंथों में देवी का प्रदर्शन वाम करतल पर करने का निर्देश नहीं है, तथापित **शिल्परत्न, अ०पु०** एवं **वि०ध०पु०** में भूमि को देवता के वाम कर की कुहनी पर निर्मित करने का उल्लेख अवश्य हुआ है।[१५]

हय० प० में वैष्णव मन्दिरों की पूर्वी भित्ति पर, अर्थात् इन्द्र की दिशा में वारह अवतार की मूर्ति निर्मित करने का निर्देश हुआ है। "महावराहमैन्द्रान्त.......।" प. १३/३१

इस प्रकार **अ०पु०**[१६] एवं **हय० प०**[१७] के चौदहवें पटल में वाराह को ईशान कोण में उत्कीर्ण करने का आदेश दिया गया है। उपर्युक्त मूर्ति के अंकन में इन नियमों का अक्षरशः पालन किया गया है।

म०स० ४ की इस रथिका में विष्णु की चतुर्भुज मूर्ति उपलब्ध है। सर्वाभरण विभूषित देवता समभंग मुद्रा में पद्म पीठिका पर स्थित है। उनके ऊर्ध्व करों में पूर्ववत् गदा एवं चक्र प्रदर्शित है, वामाधः कर में शंख है तथा दक्षिणाधः कर खण्डित हो गया है। देवता के दोनों पार्श्व में चमरधारिणी स्थानक मुद्रा में अंकित है। चक्र पुरुष एवं शंख पुरुष की पद्मपीठिका पर ललितासीन आकृतियां विष्णु के क्रमशः दक्षिण एवं वाम पार्श्व में प्रदर्शित हैं। चक्र तथा वाम कर नीचे लटकता हुआ प्रदर्शित है। इसी प्रकार शंख पुरुष के वाम कर में शंख है एवं दक्षिण कर जानु पर स्थित है।

उपर्युक्त विष्णु मूर्ति के आयुध क्रम त्रिविक्रम विष्णु के आयुध क्रमों के समरूप हैं।[१८] **प० सं०**[१९] में ईशान कोण पर वासुदेव को स्थापित करने का निर्देश दिया गया है।[२०] स्पष्ट है कि यह सभी विष्णु के स्वरूप हैं, अतः अपर्युक्त विष्णु प्रतिमा इन्हीं नियमों के अनुसार निर्मित की गयी है।

---

१३. ई० एच० आई०, ख० १ भाग १, पृ० १३२–३४

१४. नृवराहो गदाम्बुजम्........ रु०म० ३/२४

१५. ई० एच० आई० ख० १ मा० १ पृ० १३२–३४, उल्लेख है कि बादामी की प्रसिद्ध भूवराह प्रतिमा के वामाधः कर के करतल पर देवी का स्थानक मुद्रा में अंकन हुआ है। राव, वही, चित्र ३७

१६. **अ०पु०** अ० ४३–२

१७. **हय०पं०प०** १४/२–३

१८. **अ०पु०**......... रू०म० बलराम श्री, द्वारा अनु० पू० ५१, तलिका सं० १५

१९. **प०स०** तालिका श्री रंगाख्य वृत्तायत दिव्य विमान देवता

२०. "वामनं च वायव्यां वासुदेवमथापरे" **हय० पं०** १३/३३

म०स० १ के उ०पू० गौण मन्दिर की यह रथिका नर–नारायण द्वारा अलंकृत है। यहाँ दो द्विभुज पुरुषाकृतियाँ आसन मुद्रा में प्रदर्शित हैं। यह मूर्ति इस दृष्टि से विलक्षण है कि यहाँ दोनों आकृतियों में से एक का दक्षिण तथा दूसरी का वाम चरण एक ही योग पट्ट द्वारा बँधा हुआ है। दक्षिण पार्श्ववर्ती आकृति का दक्षिण कर योग पट्ट पर तथा वाम कर वक्ष पर स्थित है। वामवर्ती आकृति के करों की स्थिति ठीक इसके विपरीत है, अर्थात् उनका वाम कर योगपट्ट पर तथा दक्षिण कर वक्ष पर प्रदर्शित है। दोनों आकृतियों के कोणों में वृत्ताकार कुण्डल तथा शीर्ष पर मनकों का आभरण सुसज्जित है।[२१] इस दृश्य में नर–नारायण को योग मुद्रा में चित्रित किया गया है।

महाभारत में शान्ति पर्व में तपस्यारत नर–नारायण, जो कृष्ण एवं अर्जुन के स्वरूप हैं, का उल्लेख करते हुये उनके शीर्ष पर जटाभार, चौड़ा ललाट, सुन्दर भृकुटी एवं नासिका का वर्णन किया गया है। उनका तपस्या में लीन ऋषि के रूप में वर्णन है जिनके वक्ष पर श्रीवत्स का चिह्न अंकित था।[२२] उनके कर एवं चरण आबद्ध थे। उपर्युक्त प्रतिमा के प्रदर्शन में यद्यपि **वि०प०पु०** के नियमों का अंशतः पालन किया गया है– इसके अनुसार उन्हें वृक्ष के नीचे बैठा हुआ एवं शीर्ष पर जटाभार धारण किये हुये निर्मित करने का उल्लेख है,[२३] तथापि अधिकांश प्रदर्शन में मौलिकता दृष्टिगत होती है जैसे शास्त्रों के विपरीत दोनों आकृतियाँ द्विभुज हैं एवं एक ही योग पट्ट द्वारा आबद्ध हैं। उनके कर भी रोचक रीति से प्रदर्शित हैं। इस प्रकार का उल्लेख न ही उपलब्ध शास्त्रों में हुआ है और न ही यह विशेषताएँ देवगढ़ के दशावतार मन्दिर की प्रतिमा में द्रष्टव्य है यद्यपि वहां भी नर–नारायण तपस्या रत ही निर्मित हैं।[२४]

उपर्युक्त प्रतिमा में विष्णु को नारायण के रूप में अंकित किया गया है। **प०स०** में ईशान कोण पर नारायण को निर्मित करने का निर्देश है।[२५] अतः उपर्युक्त नर–नारायण की मूर्ति का पूर्वी भद्र पर प्रदर्शन इसी ग्रन्थ के नियमानुसार हुआ है। ध्यातव्य है कि पूर्वकालिक दशावतार मन्दिर की नर–नारायण प्रतिमा भी उसके पूर्वी भद्र पर ही उत्कीर्ण है।

म०स० ८ की इस भद्र रथिका में सूर्य की स्थानक मूर्ति अंकित है। द्विभुज देवता समभंग मुद्रा में प्रदर्शित है। वे किरीट मुकुट, वर्म, कटिबन्ध, परत्राण तथा ग्रीवा में रुद्राक्ष की विशाल माला धारण किए हैं। उनके करों में पूर्ववत् सनाल पद्म अंकित है तथा दोनों पार्श्व में दण्ड एवं पिंगल प्रदर्शित हैं। उपर्युक्त मूर्ति के अंकन में **रू०म०** के नियम का पालन हुआ है।[२६] इसके अनुसार सभी लक्षणों से युक्त सर्वाभरण विभूषित द्विभुज सूर्य एक मुख वाले हों

---

२१. त्रिपाठी ने इन्हें नरनारायण की संज्ञा दी है, पृ० १७, भण्डारकर इनका अभिज्ञान करने में असमर्थ है।

२२. ई० एच० आई०, ख० १ भ० १, पृ० २७५

२३. वही, पृ० २७५–७६

२४. मे० आफ० आर्क० सं० आफ० ई० सं० ७०, चित्र ६ (अ)

२५. प०स० तालिका श्री रंगाख्यवृत्तायतदिव्यविमानदेवता।

२६. रु०म०अ० १/१८

तथा करों में श्वेत पद्म धारण किये हों। वि० ध० पु० में उनके पार्श्व में दण्ड एवं पिंगल को निर्मित करने का उल्लेख हुआ है।[२७]

मान के अनुसार भास्कर को ईशान में स्थापित करना चाहिए – "ईशाने भास्करं तथा" (३२/६६) इसी प्रकार वि० ध० पु० में सूर्य तथा शुक्र को पूर्व दिशा में स्थापित करने का निर्देश (८७/३१) है।

प्रा० म० में पूर्व एवं पश्चिमाभिमुख निर्मित किये जाने वाले देवताओं का वर्णन करते हुये यह उल्लिखित है कि ब्रह्मा, विष्णु, शिव, सूर्य, इन्द्र और स्कन्द का मुख दक्षिण या उत्तर दिशा में नहीं रखना चाहिये। ये सदैव पूर्व एवं पश्चिम दिशाभिमुख होने चाहिए –

"पूर्वापरास्यदेवानां कुर्यान्नो दक्षिणोत्तरम्
ब्रह्माविष्णुंशिवार्केन्द्रगुहाः पूर्वापरांगमुखाः" (२/३७)

अतः वैष्णव मन्दिर के पूर्वा भद्र पर सूर्य का अंकन इन्हीं उपर्युक्त नियमों के अनुसार हुआ है।

म० स० १ तथा २ की यह रथिका हरिहर की चतुर्भुज मूर्ति द्वारा अलंकृत है। शास्त्रीय विधानानुसार प्रतिमा के दक्षिणोर्ध्व में शिव की तथा वामादर्ध विष्णु की विशेषताएं उपस्थित हैं। समभंग देवता के दक्षिणवर्ती करों में से एक अभय मुद्रा में हैं तथा अन्य त्रिशूल धारण किये प्रदर्शित हैं। इस अदर्धांश में जटामुकुट, सर्पमेखला, तथा व्याघ्र चर्म अंकित है। इसी प्रकार वे वाम करों में चक्र एवं शंख धारण किये हैं तथा इस अदर्धांश में किरीट–मुकुट रत्नजटित मेखला एवं पीताम्बर सुशोभित है। कर्णाभरण के प्रदर्शन में रोचकता का आश्रय लिया गया है। उड़ीसा के विपरीत उनके दोनों कर्णों में समान आकृति के कुण्डल अंकित हैं।[२८]

पार्श्व अंकन की दृष्टि से दोनों प्रतिमाएं भिन्न हैं। सं० १ में देवता के पार्श्वों में वाहन प्रदर्शित हैं। मूर्ति के पृष्ठ भाग में नन्दी की स्थानक मुद्रा में आकृति उत्कीर्ण है जो मुख मोड़ कर देवता को निहार रहा है। हरिहर के वाम पार्श्व में मानव रूप गरुड की लघु प्रतिमा आसन मुद्रा में प्रदर्शित है। इसी प्रकार उनके दक्षिण पार्श्व में एक भक्त की आकृति स्तुति मुद्रा में अंकित है।

हरिहर मूर्तियों के स्वरूप के प्रदर्शन में तथा पार्श्व अंकन में रु०म० के नियमों का पालन किया गया है। इसके अनुसार इनके दक्षिणादर्ध में शिव एवं वामादर्ध में ऋषिकेश की आकृतियों को बनाना चाहिए। उनके पार्श्व में दाहिने वृष एवं वाम में गरुड हों।[२९] आयुध की दृष्टि से मात्र ऊर्ध्व करों के आयुध ही साम्य रखते हैं।

---

२७. वि०ध०पु०, अ० २१ लेखक बद्री नाथ मालवीय लगभग वैसी ही प्रतिमाएं राजपुताना अजमेर संग्रहालय में संगृहीत हैं। ई० एच० आई०, ख १, भा० २ चित्र सं० ६०–१–३

२८. उड़ीसा की प्रतिमाओं के द० कर्ण में अनिवार्यतः सर्प कुण्डल एवं वाम में वृत्ताकार कुण्डल प्रदर्शित है।

२९. रु०म०अ० ४/३१–३

म०स० २ में वृषभ दक्षिण पार्श्व में अंकित हैं वह सम्मुख दर्शन प्रदर्शित है। वृष के दक्षिण पार्श्व में त्रिशूल पुरुष की स्थानक मुद्रा में त्रिभंग आकृति उत्कीर्ण है। उनके वाम कर में त्रिशूल है तथा दक्षिण कर जानु पर स्थित है। वे जटा, मुकुट, उत्तरीय तथा मृगछाला धारण किये हैं। इसी प्रकार देवता के वाम पार्श्व में चक्र पुरुष की त्रिभंग प्रतिमा उपलब्ध है जिसका दक्षिण कर चक्रधारी है एवं वाम कर जानु पर स्थित है। वेकरण्डमुकुट, उत्तरीय तथा अधोवस्त्र धारण किये हैं।

उपर्युक्त प्रतिमा के पार्श्व में रु०म० में उल्लिखित आयुधों त्रिशूल एवं चक्र दर्शन आयुध पुरुष के रूप में किया गया है।

अ० पु०[३०] एवं हय०प०[३१] में वैष्णव मन्दिरों में ईशान कोण पर रुद्र अथवा लिंग निर्मित करने का निर्देश हुआ है। अतः इसी नियम का पालन करते हुये उपर्युक्त मन्दिरों की पूर्वी भद्र रथिका पर रुद्र के एक रूप हरिहर को प्रदर्शित किया गया है।

पश्चिमी भद्र रथिका की प्रतिमाएं

चार मन्दिरों – स०मा० के द०प०,उ०प० तथ उ०पू० लघु मन्दिर एवं सं० ३ में पश्चिमी भद्र रथिका उपलब्ध हैं।[३२] इनमें प्रथम स्थान पर लक्ष्मी नारायण की प्रतिमा स्थापित है। अवशिष्ट मन्दिरों में विष्णु के त्रिविक्रम अवतार को आंशिक परिवर्तन के साथ उत्कीर्ण किया गया है।

प्रथम मन्दिर की लक्ष्मी नारायण की प्रतिमा इसी मन्दिर के प्रांगण में स्थित उ०पू० एवं उ०प० लघु मन्दिरों के पूर्वी भद्र पर स्थित आलिंगन मूर्ति की समरूप है। यहां गरुड मूर्ति का अभाव है तथा उ०पू० लघु मन्दिर के समान देवता के दक्षिण पार्श्व में एक भक्त स्थानक मुद्रा में विनीत भाव से उनकी स्तुति कर रहा है। इस प्रतिमा का लक्षण पूर्व वर्णित है। यद्यपि यहाँ देवता के आयुधों का क्रम श्रीधर के आयुध क्रम से साम्य रखता है,[३३] तथापि उनके ऊर्ध्व कर में गदा एवं चक्र का क्रम भिन्न है। सम्भवतः अन्य ग्रन्थों में यही क्रम हो। हय० पं० में पश्चिमी दिशा में श्रीधर को स्थापित करने का उल्लेख किया गया है।[३४]

अन्य तीन मन्दिरों में यह रथिका त्रिविक्रम की चतुर्भुज प्रतिमा द्वारा अलंकृत है। इनका वामपाद मस्तक तक उठा हुआ है। इस पाद के नीचे वामन रूप विष्णु द्वारा बलि से दान लेने का दृश्य अंकित है। सर्वत्र त्रिविक्रम किरीट–मुकुट, हार, कंकण, भुजबन्ध, वैजयन्ती एवं कटि में

---

३०. अथवा रुद्ररूपन्तु अथवा नवधामसु..... अ०पु०अ० ४३/३–४

३१. "ऐशान्यां स्थापयेल्लिंगमथवा रुद्ररूपकम्" हय०प०प० १४/५

३२. शेष मन्दिरों के इस भित्ति पर प्रवेश द्वार निर्मित किया गया है।

३३. ....रु०म०त०स० १४ पृ० ५०/२ ख० की दे०प्र० अवस्थी पृ० ८६

३४. "प्रतीच्यां श्रीधरं......."हय०प०प० १३/३२–३

व्याघ्र चर्म धारण किये हैं। वामन के शीर्ष पर जटाभार, कटि में मेखला तथा एक कर में छत्र प्रदर्शित है। बलि नृपोचित वेश भूषा में हैं तथा शुक्राचार्य जटाभारयुक्त और प्रायः लम्बकूर्च प्रदर्शित हैं। उड़ीसा की त्रिविक्रम प्रतिमाओं के विपरीत यहाँ मुकुट के दोनों किनारे नीचे – ऊपर तक लगभग समानान्तर हैं। इसी प्रकार यहाँ वैजयन्ती माला का अंकन भी भिन्न प्रकार से किया गया है। उल्लेखनीय है कि सभी मूर्तियों में पार्श्व अंकन एवं देवता के करों की स्थिति भिन्न है। उ०प० लघु मन्दिर में चतुर्भुज देवता का दक्षिण चरण पद्मपीठिका पर दृढ़तापूर्वक स्थित है (द्र०चि०) उनका वाम पाद मस्तक तक उठा हुआ आकाश में झूलते हुये असुर के विकराल प्रसारित मुख में प्रविष्ट है। असुर के गोल नेत्र कोटर में हैं एवं विशाल दंत द्रष्टव्य हैं। देवता के ऊर्ध्व करों में अन्य विष्णु मूर्तियों के समान गदा एवं चक्र हैं, तथा दक्षिणाधः कर वक्ष पर ज्ञान मुद्रा में स्थित है संयोगवश वामाधः कर पूर्णतः खण्डित है। त्रिविक्रम के वाम पाद के नीचे तुन्दिल वामन हैं जिनके दक्षिण पार्श्व में बलि तथा शुक्राचार्य की आकृतियां प्रदर्शित हैं। इसके शीर्ष पर जटाभार है। नमुचि असुर देवता के दक्षिण पार्श्व में घुटने पीछे मोड़कर आसीन हैं। इसका मुख देवता के विपरीत दिशा में है तथा दोनों कर पृष्ठ पर बंधे हैं। यह मुख ऊपर करके विस्मित मुद्रा में देवता को निहार रहा है। त्रिविक्रम के वाम पाद के नीचे तथा वामन के पीछे एक अश्व की आकृति अंकित है जो अपने पिछले खुरों पर खड़ा है। देवता के शीर्ष एवं असुर मुख के मध्य स्थान पर ब्रह्मा की चतुर्भुज मूर्ति अंजलि मुद्रा में उत्कीर्ण है। उनके दोनों अधः करों में देवता के पद प्रच्छालन हेतु एक अजपात्र है। वे त्रिविक्रम की ओर विस्मयपूर्वक देख रहे हैं।[३५]

त्रिविक्रम प्रतिमाओं का विवरण वै० आ० में उल्लिखित वर्णन से प्रायः साम्य रखता है। उनके करों की मुद्रा एवं आयुध वेशभूषा तथा दृश्य में ब्रह्मा, बलि, वामन, शुक्राचार्य एवं नमुचि की उपस्थिति उपर्युक्त ग्रन्थ के विवरण के अनुरूप है।[३६] इस दृश्य में अश्व का अंकन मांगलिक प्रतीक के रूप में किया गया है। इसी प्रकार ब्रह्मा के पार्श्व में प्रदर्शित विकराल मुख ब्रह्माण्ड का प्रतीक है, जिसका उल्लेख वाराह पु० में हुआ है।[३७]

उ०पू० लघु मन्दिर की प्रतिमा यद्यपि अंशतः खण्डित है, तथापि पार्श्व अंकन की दृष्टि से उल्लेखनीय है। यहाँ देवता का दक्षिणाधः कर ज्ञान मुद्रा के स्थान पर पद्म कलिकायुक्त प्रदर्शित है। उनके दक्षिण पार्श्व में एक अनुचर स्थानक मुद्रा में उत्कीर्ण है। देवता के वाम पार्श्व

---

३५. पुरी स्थित जगन्नाथ मं० के प्रांगण में स्थित एक मन्दिर के मुख्य झरोखे में त्रिविक्रम प्रतिमा का अंकन ऐसा ही है। यहाँ ब्रह्मा की आकृति देवता के उठे हुए चरण पर रखे पद्म पीठिका पर आसीन, उत्कीर्ण किया गया है, जिसके दोनों करों में एक जलपात्र है। पूर्वकालिक त्रिविक्रम मूर्तियों का अंकन भी प्रायः ऐसा ही हुआ है। राव वही, चित्र १,५२, पृ० १७५, चित्र सं० ५१,५०,४६ तथा ४८।

३६. ई० एच० आई०, ख० १, भा० १ पृ० १६४–६५

३७. वाराह पुराण में वर्णन है कि जब वामन ने त्रिविक्रम का विशाल रूप धारण कर लिया और आकाश नापने हेतु चरण उठाए तब उनके चरण के प्रहार से खण्डित ब्रह्माण्ड द्वारा जल प्लावन होने लगा, यह आकृति उसी खण्डित ब्रह्माण्ड की प्रतीक है। राव–वही, पृ० १६८

में बाएं से दाएँ तीन आकृतियां हैं– प्रथम वामन की मूर्ति है, द्वितीय आकृति घुटने टेके दोनों हाथ पीछे किए हुए अंकित है, सम्भवतः यह राजा बलि हैं। तृतीय मूर्ति स्थानक मुद्रा में है, जो शुक्राचार्य की सम्भावित है। दुर्भाग्यवश तीनों आकृतियों के शीर्ष भाग खण्डित हैं। इस प्रतिमा में देवता के उठे हुए चरण के वामपार्श्व में एक आकृति पद्म पीठिका पर उत्कूटिकासीन है। इनके कर स्तुति मुद्रा में हैं तथा ये सन्यासी वेष में है। सम्भवतः यह **वै०आ०** में उल्लिखित शिव हैं जो त्रिविक्रम की प्रशंसा में स्तुति कर रहे हैं।[३८] शेष विवरण प्रथम मूर्ति के समान है। पार्श्व अंकन की दृष्टि से कतिपय भिन्नता सं० ३ की प्रतिमा में मिलती है। यहां अश्व की ग्रीवा मात्र प्रदर्शित है। देवता के प्रसारित वाम पाद के नीचे उत्कीर्ण अन्तिम आकृति छत्रधारी वामन की है जो वाम कर द्वारा संकल्प ले रहे हैं। उनके दक्षिण पार्श्व में बलि हैं जो पात्र द्वारा वामन के करतल पर जल गिरा रहे हैं। बलि के पृष्ठ भाग में दो आकृतियाँ हैं। इन में पिछली आकृति, अगली की भुजा पकड़ कर अपनी ओर खींच रही है। यह वै० आ० में वर्णित गरुड हैं जो संकल्प कार्य में बाधक होने के कारण शुक्राचार्य पर आक्रमण कर रहे हैं।[३९] लगभग ऐसा ही अंकन म०स० २ की दक्षिणी भद्र रथिका के त्रिविक्रम प्रतिमा में उपलब्ध है।

जया० स० के अनुसार नृसिंह से वाराह पर्यन्त तीन देवताओं की क्रमशः दक्षिण से उत्तर तक स्थापना करनी चाहिए।[४०] स्पष्ट है कि इन तीन देवताओं में नृसिंह, त्रिविक्रम एवं वाराह का उल्लेख किया गया है। अर्थात् त्रिविक्रम को पश्चिम में निर्मित करने का विधान है। अतः उपर्युक्त त्रिविक्रम मूर्तियों का अंकन जया सं० के नियमानुसार हुआ है।

उत्तरी भद्र रथिका

सभी वैष्णव मन्दिरों की यह रथिका मूर्तियों द्वारा अलंकृत है। म०स० ८ के अतिरिक्त शेष सभी मन्दिरों में विष्णु के विभिन्न अवतारों का अंकन है। म०स० १,२,३ तथा ४ की इस रथिका में नरसिंह अवतार की भव्य प्रतिमाएं प्रतिष्ठित हैं। स०मा० के प्रांगण में अवस्थित उ०पू० एवं उ० प० लघु मन्दिरों में वाराह अवतार का अंकन हुआ है। म०स० १ के अ०पू० गौण म० में हरिहर मूर्ति उपलब्ध है। परन्तु म०स० ८ की इस रथिका में विष्णु के विपरीत महिषमर्दिनी की चतुर्भुज प्रतिमा अंकित की गयी है।

सभी स्थानों पर नरसिंह आसन मुद्रा में प्रदर्शित हैं। वे हार, कंकण, भुजबन्ध, कटिबन्ध एवं धोती धारण किये हैं। अधिकांश प्रतिमाओं के शीर्ष खण्डित हैं फलतः शिरोभूषण का अनुमान लगाना दुष्कर है। सभी प्रतिमाओं में देवता अपने मुख्य करों द्वारा हिरण्यकश्यपु का उदर विदीर्ण करते हुये प्रदर्शित हैं। परन्तु दृश्य के अन्य पात्रों और उनकी स्थिति में विभिन्नता परिलक्षित होती है। यथा म०स० १ में चतुर्भुज देवता के दक्षिण पाद पर असुर असहाय पड़ा है। वे अधः

---

३८. **वही**, पृ० १६७

३९. **वही**, पृ० १६३

४०. अत्रैव नारसिंहाख्यं वराहान्तत्रयं क्रमात्।

करों द्वारा उसका उदर विदीर्ण कर रहे हैं। उनके ऊर्ध्व कर शीर्ष के समानान्तर ऊपर उठे हैं। देवता का वाम पाद एक अन्य असुर के पृष्ठ पर स्थित है, यह असुर भूमि पर घुटनों एवं भुजाओं के बल अधोमुख पड़ा है। नरसिंह के वाम पार्श्व में प्रह्लाद की स्थानक मुद्रा में लघु आकृति उत्कीर्ण है, वे देवता के विकराल रूप की स्तुति कर रहे हैं। नरसिंह विशाल माला तथा अन्य आभूषण धारण किये हैं। देव प्रतिमा का शीर्ष दुर्भाग्यवश खण्डित है। प्रह्लाद कटि में धोती धारण किये हैं। उनके शीर्ष पर लम्बी केश राशि है जो स्कन्धों तक झूल रही है तथा मुख पर हर्ष एवं विस्मय के लक्षण विद्यमान हैं। नरसिंह अवतार की ऐसी सजीव मूर्ति खजुराहो तथा उड़ीसा में कम उपलब्ध है।

म०स० २ की प्रतिमा उपर्युक्त प्रतिमा के प्रायः समरूप है परन्तु यहाँ देवता के मुड़े हुए पाद पर असुर खड़ा है तथा दक्षिण पाद भूमि पर स्थित है। पार्श्व अंकन में भी पर्याप्त अन्तर मिलता है। वहां प्रह्लाद मूर्ति का अभाव है, तथा नरसिंह के दक्षिण एवं वाम पार्श्व में क्रमशः पाशधारी एवं गदाधारी दो असुर आक्रामक मुद्रा में प्रदर्शित हैं। दुर्भाग्यवश इस प्रतिमा का भी शीर्ष खण्डित है।

स० ३ में षष्ठभुज नरसिंह पूर्ववत् प्रदर्शित हैं। वे अपने निचले दो करों द्वारा असुर राज को जानु पर लिटाए हैं। इनके ऊर्ध्व कर खण्डित हैं तथा मुख और दोनों कर पूर्ववत् उदर विदीर्ण करने में संलग्न हैं। देवता का चरण एक असुर के पृष्ठ पर था परन्तु अब इसकी मूर्ति विनष्ट हो चुकी है। हिरण्यकश्यपु के दक्षिण कर में एक लघु खड्ग प्रदर्शित है।

म०स० ४ रथिका अष्टभुजी नरसिंह प्रतिमा द्वारा अलंकृत है। यहाँ इनके चरणों की स्थिति सं० २ के समान है। अन्य मूर्तियों के समान देवता दो करों द्वारा असुर का उदर विदीर्ण कर रहे हैं। द्वितीय कर युग्म खण्डित है। तृतीय कर युग्म से असुर की अन्त्रि रज्जु के समान खींच कर ऊपर अन्तिम कर युगल उठाए हैं। अन्तिभ कर युगल स्कन्ध तक उठे हैं और वे इनमें पुष्प धारण किये हैं। यहां देवता की दो सुदीर्घ लटें उनकी भुजाओं तक झूल रही हैं। भूमि पर एक असुर साष्टांग पड़ा है तथा देवता के दोनों पार्श्व में एक एक असुर दण्ड लिए हुए आक्रमक मुद्रा में उत्कीर्ण हैं। यह दण्ड मूसल की आकृति का है।

उपर्युक्त समस्त नरसिंह प्रतिमाओं की सामान्य विशेषतायें **वै०आ०** के स्थौण नरसिंह के वर्णन से प्रायः रखती है।[४१] देवता के वाम पाद पर असुर की असहाय देह यष्टि, दो मुख्य करों द्वारा उसका उदर विदीर्ण करना, असुरों द्वारा देवता पर आक्रमण हिरण्यकश्यपु के कर में खड्ग का प्रदर्शन तथा पार्श्व में विस्मयकारी मुद्रा में प्रह्लाद का अंकन, सभी तत्त्व उपर्युक्त ग्रन्थ के अनुसार हैं। प्रायः समस्त मूर्तियों में देवता के दो कर कर्ण तक उठे हुए निर्मित हैं, इनमें यद्यपि असुर की अंतड़ियों को खींच कर माला के सदृश उठाए हुए का अंकन नहीं है तथापि उनके करों की स्थिति से स्पष्ट है कि इन करों में अंतड़ियों का प्रदर्शन अवश्य हुआ होगा जो अब खण्डित

---

४१. ई० एच० आई० ख०१, भाग १, पृ० १५२–१५४

हो गया है। **वि०ध०पु०** के नियमानुसार यह सभी मूर्तियां आलीढ़ासन में प्रदर्शित हैं।[४२] **वै०आ०** में उल्लिखित आयुध मूर्ति के करों के खण्डित हो जाने के कारण द्रष्टव्य नहीं है।

परमेश्वर संहिता में वैष्णव मन्दिरों के "अन्तर्मण्डलकोणचतुष्टये" में वर्णित देवताओं के सन्दर्भ में वायव्य कोण पर नरसिंह अवतार की मूर्ति निर्मित करने का विधान दिया गया है।[४३] अतः उपर्युक्त मन्दिरों की उत्तरी भद्र रथिका पर नरसिंह–मूर्ति के अंकन में **प०सं०** के नियम का पालन हुआ है। स०मा० के उ०पू० एवं उ०प० लघु मन्दिरों में वाराह अवतार की प्रतिमाएं उपलब्ध हैं। यह मूर्तियां द०प० लघु म० के पूर्वी रथिका में उपलब्ध वाराह मूर्ति के समरूप हैं परन्तु इनकी कतिपय विशिष्टताएं वहाँ नहीं मिलतीं।

उ०प० लघु म० में चतुर्भुज देवता आलोट मुद्रा में प्रदर्शित है। उनके करों में पूर्ववत् गदा एवं चक्र है तथा उनको वामोर्ध्व कर मुड़े हुए वामपाद के जानु पर स्थित है। सर्वाभरण विभूषित देवता के दक्षिणाधः कर में नर रूपी सर्प की पुच्छ है तथा वामाधः कर कुहनी से मुड़कर वक्ष पर स्थित, पृथ्वी की लघु प्रतिमा ललितासन मुद्रा में प्रदर्शित है। देवता इसी कर में शंख धारण किए हैं। देवी की भुजाएं तथा मुख खण्डित हैं। वाराह आल्हादित मुद्रा में उनकी ओर निहार रहे हैं। इस प्रतिमा की विशिष्टता यह है कि वहां पर देवता के शीर्ष पर किरीट मुकुट के स्थान पर रत्न ग्रथित केश राशि का जूड़ा प्रदर्शित है,[४४] जो वाराह रूप को और अधिक मुखरित कर रहा है। देवता के दोनों पार्श्व में अनुचर एवं अनुचरी हैं। अन्य प्रतिमाओं के विपरीत यहाँ हिरण्याक्ष की पत्नी उसके वाम पार्श्व में प्रदर्शित है तथा पद्म पत्र उनके मस्तक के ऊपर आच्छादित है जिसे वे दोनों अपने भुजाओं पर उठाए हैं तथा अन्य भुजाएं भूमि पर टिकी हैं। उनके पुच्छ आपस में गुंथे हैं। वे नृपोचित आभूषणों से अलंकृत हैं।

उपर्युक्त प्रतिमा का लक्षण प्रायः पूर्व उल्लिखित मूर्तियों के समान ही है।[४५] यहाँ पृथ्वी का अंकन देवता के वामाधः कर की कुहनी पर हुआ है जो **अग्नि पु०** के वर्णन से साम्य रखता है।[४६] देवता के दक्षिणाधः कर द्वारा गृहीत नर रूपी सर्प का किसी शास्त्र में उल्लेख नहीं हुआ है। सम्भवतः यह आदि शेष के परिवार के अन्य सदस्यों का देवता द्वारा हनन दिखाने हेतु निर्मित किया गया है। उल्लेखनीय है कि ओसिया तथा खजुराहो की समस्त वाराह प्रतिमाओं में सपत्नीक आदि शेष का अंकन जिस रीति से हुआ है वह शास्त्रों में उल्लिखित नहीं है। ऐसा अंकन मारवाड़ की एक प्रतिमा में उपलब्ध है।[४७]

---

४२. वही, पृ० १५४

४३. **प० सं०** श्री रंगाख्यवृत्तायतदिव्यविमानदेवतातालिका।

४४. महाबलिपुरम् की मूर्ति के शीर्ष पर भी ऐसी ही जटा निर्मित है। राव, चित्र ३६

४५. द्र० पूर्व भद्र रथिका की मूर्तियां।

४६. ई० एच० आई०, ख० १ भाग १, पृ० १३४

४७. वही, चित्र सं० ३६–२

उ०पू० लघु मन्दिर की उत्तरी रथिका में प्रदशित वाराह प्रतिमा उपर्युक्त मूर्ति के समरूप है, अंशतः भिन्नता परिलक्षित होती है, यथा– यहां देवता का दक्षिणाधः कर जानु पर स्थित है। ऐसा ही प्रदर्शन मारवाड़ की प्रतिमा तथा कलकत्ता संग्रहालय की मूर्ति में भी द्रष्टव्य है।[४८] यहाँ पृथ्वी का वाम कर उनके कर्ण पर रक्खा है। सपत्नीक असुर का अंकन परम्परागत है।

अ०पु०[४६] तथा **हय०प०**[५०] के नियमानुसार वैष्णव मन्दिरों में ईशान कोण पर "सूकर" की मूर्ति प्रदर्शित करनी चाहिए । अतः उपर्युक्त वाराह मूर्तियों का उत्तरी भद्र पर अंकन इन्हीं ग्रंथों के अनुसार हुआ है।

म०स० १ के उ०पू० गौण मन्दिर में इस रथिका में हरिहर की प्रतिमा प्रतिष्ठित है। इस स्थान पर देवता का अंकन इसी गौण मन्दिर के मुख्य मंदिर की पूर्वी भद्र रथिका में निर्मित हरिहर मूर्ति के समान है। मात्र वाहन का यहां अभाव है तथा देवता के अधः कर खण्डित हैं।[५१]

म०स० ८ की यह भद्र रथिका महिषमर्दिनी की भव्य प्रतिमा द्वारा अलंकृत है। यहाँ सर्वाभरण विभूषित चतुर्भुजी देवी सिंह पर आरूढ हैं। उनका द० पाद महिष की ग्रीवा पर स्थित है। वामोर्ध्व कर में सर्प है तथा वामाधः कर द्वारा वे असुर की ग्रीवा पकड़े हैं। देवी दक्षिणाधः कर में गृहीत शूल से महिष की ग्रीवा को वेध रहीं हैं एवं दक्षिणोर्ध्व कर में खड्ग धारण किये हैं। उड़ीसा की प्रतिमाओं के समान यहाँ भी महिष के कटे हुए ग्रीवा से नए रूप में असुर उद्भूत हो रहा है। उसके दोनों पैर महिष के कण्ठ के अन्दर ही है तथा वह देवी पर आक्रमण कर रहा है। सिंह भी महिष के पृष्ठ पर दंत प्रहार कर रहा है। प्रफुल्लवदना देवी के मुख पर शौर्य के लक्षण विद्यमान हैं तथा वे असुर संहार में मग्न हैं। इस प्रतिमा में देवी की मुद्रा म०स०१ तथा ३ की अनुरथ में उत्कीर्ण प्रतिमा की मुद्रा से साम्य रखती है, परन्तु आयुध एवं असुर के अंकन की दृष्टि से तीनों मूर्तियों में पर्याप्त अन्तर दृष्टिगत होता है।

उपर्युक्त प्रतिमा का लक्षण **शिल्प रत्न, वि०प०पू०** तथा राव द्वारा प्रस्तुत कात्यायनी के विवरण से साम्य रखता है।[५२] यद्यपि उपर्युक्त प्रतिमा के अनुरूप दशभुजी, बीस भुजी एवं दश भुजी देवी का वर्णन है तथापि उपर्युक्त प्रतिमा के अनुरूप ही उनके दक्षिण करों में त्रिशूल एवं खड्ग का उल्लेख हुआ है। वामाधः कर के अंकन में मौलिकता दृष्टिगत होती है। वामोर्ध्व कर के सर्प का प्रत्यक्ष वर्णन नहीं है तथापि सभी ग्रन्थों में असुर को नागपाश में आबद्ध

---

४८. वही, चित्र २–३

४६. **अ०पु०** अ० ४३/२

५०. आग्नेये नैर्ऋत्ये चैव वायव्यां त्वीशगोचरे। वामनं नारसिंहश्च हयशीर्षनृशूकरम्।। **हय०प०प०** १४/२–३

५१. द्रष्टव्य पृ० सं० (५३)

५२. ई० एच० आई०, ख० १, भाग २ पृ० ३४६–४७

किया गया है। उल्लेख्य है कि चतुर्भुजी महिषासुर मर्दिनी की मूर्ति कुषाण काल से निर्मित होने लगी थी।५३

मान के अनुसार वायु तथा सोम दिशा के मध्य दुर्ग को स्थापित करने का विधान है।५४ उपर्युक्त मूर्ति के प्रदर्शन में इस नियम का अक्षरशः पालन हुआ है। इसी प्रकार सम्भवतः यहाँ महिषमर्दिनी अथवा कात्यायनी की उपस्थिति का कारण पंचदेवों सूर्य, गणेश, अम्बिका, शिव का प्रदर्शन है। **प्रा० म०** के अनुसार विष्णु के पंचायतन देवों में मध्य में विष्णु को स्थापित कर के उनके प्रदक्षिणा क्रम से गणेश, सूर्य, अम्बिका और शिव को स्थापित करने का निर्देश है।५५ रथिकाओं की संख्या तीन होने के कारण चार देवताओं की मूर्तियाँ नहीं बनायी जा सकती थीं। अतः तीन देवता गणेश, दुर्गा एवं सूर्य को ही भद्र रथिकाओं में स्थान दिया गया है। उल्लेख्य है कि शिव द्वार उत्तरंग में उपस्थित हैं।

दक्षिणी भद्र रथिका

सभी वैष्णव मन्दिरों के इस भद्र रथिका में मूर्तियां उपलब्ध हैं। म०स० १,२ तथा ४ में यहां पर त्रिविक्रम अवतार की मूर्तियां उत्कीर्ण हैं। म०स० १ के उ०पू० गौण मन्दिर में यह रथिका विषणु की गरुडासीन मूर्ति द्वारा अलंकृत है। शेष तीन मन्दिरों सं० ३,८ तथा स०मा० के प्रांगण में स्थित द०प० लघु मन्दिरों से प्रथम में हरिहर, द्वितीय में गणेश तथा अन्तिम मन्दिर में नरसिंह अवतार की प्रतिमा प्रतिष्ठित की गयी हैं।

म०स० १,२ तथा ४ में अंकित त्रिविक्रम प्रतिमाएं यहाँ के अन्य मन्दिरों के विभिन्न रथिकाओं में निर्मित मूर्तियों के समान ही हैं। सर्वत्र देवता का अंकन समान रीति से हुआ है। आयुध के प्रदर्शन में भिन्नता उपलब्ध होती है। पार्श्व अंकन की दृष्टि से सभी मूर्तियों में आकृतियों की यद्यपि समानता मिलती है, तथापि उनका प्रस्तुतीकरण भिन्न है। अतः सभी प्रतिमाओं में आंशिक विभिन्नता परिलक्षित होती है।

म०स० १ में चतुर्भुज देवता का वाम पाद भूमि पर स्थित है। वे त्रैलोक्य नापते हुए दक्षिण पद आकाश में उठाए हैं। उनके दक्षिणोर्ध्व कर में गदा, वामोर्ध्व में चक्र है तथा दक्षिणाधः कर उदर पर स्थित है। देवता के दक्षिण पाद को नमुचि बलपूर्वक थामे हैं। यहाँ इनके पृष्ठ भाग में अश्व का मात्र मुख अंकित है। उठे हुए चरण के नीचे वामन की छत्रधारी प्रतिमा संकल्प लेते हुए उत्कीर्ण है। उनके वाम पार्श्व में बलि स्थानक मुद्रा में हैं जलपात्र द्वारा वामन देवता के कर तल पर जल गिरा कर संकल्प कर रहे हैं। बलि के पृष्ठ भाग में शुक्राचार्य स्तुति मुद्रा में उपस्थित हैं। वामन के दक्षिणपार्श्व में दो आकृतियां उत्कीर्ण हैं, जो झुक कर इस कौतुक को निहार रही हैं। यह सम्भवतः बलि के यज्ञ में सम्मिलित होने वाले अन्य असुरगण

---

५३. द्र० मथुरा कला ।

५४. वायुसोमोभयोर्मध्ये विष्णुदुर्गतथालयम्। मान० ३२–७३

५५ "विष्णोः प्रदक्षिणेनैव" गणेशार्काम्बिका शिवाः । प्रा०म०अ० २/४३

हैं।[५६] त्रिविक्रम की विशाल प्रतिमा के साथ शेष सभी मूर्तियां यथोचित वस्त्राभूषण द्वारा अलंकृत हैं, परन्तु सभी प्रतिमाओं के अधोवस्त्र मात्र जानुओं तक ही प्रदर्शित हैं।

इस प्रतिमा का लक्षण पूर्ण वर्णित त्रिविक्रम मूर्तियों के समान ही है, परन्तु यहाँ देवता के चरणों की स्थिति उन प्रतिमाओं के विपरीत **शिल्परत्न** के अनुसार है अर्थात् ग्रन्थानुसार उनका वाम पद भूमि पर स्थिर है तथा दक्षिण चरण ऊपर उठा है।[५७] इसी प्रकार दक्षिणाधः कर का प्रदर्शन कटि पर हुआ है। ऐसी ही मुद्रा मध्य प्रदेश के रायपुर से उपलब्ध त्रिविक्रम प्रतिमा में द्रष्टव्य है।[५८]

म०स० २ में यद्यपि देवता का अंकन पूर्व रीति से ही हुआ है तथापि अन्तर द्रष्टव्य है यहाँ देवता का दक्षिण पाद भूमि पर स्थित है तथा अश्व सशरीर उपस्थित है। वामन देवता के दक्षिणपार्श्व की अन्तिम आकृति अपने आगे वाली आकृति की भुजा पकड़ कर अपनी ओर खींच रही है, मानों बलि को शुक्राचार्य संकल्प कृत्य से रोक रहे हैं। त्रिविक्रम दक्षिणाधः कर में पद्म धारण किए हैं।

सं० ४ में प्रतिष्ठित त्रिविक्रम प्रतिमा का दक्षिणाधः कर वरद मुद्रा में है एवं झूलते हुए वामाधः कर में शंख प्रदर्शित है। उनके दक्षिण पाद के समीप दो असुर उपस्थित हैं इनमें एक पाश धारी है। यहां उठे चरण के नीचे वामन सिर पर छत्र धारण किए तथा वाम कर ऊपर उठाए ललितासीन निर्मित हैं। उनके वाम पार्श्व में नीचे सपत्नीक बलि की आसीन मूर्ति उपलब्ध है, तथा ऊपर की ओर महोदर शुक्राचार्य उपस्थित हैं। नीचे की समस्त आकृतियों के मुख दुर्भाग्यवश खण्डित हैं अतः मुख मुद्रा द्रष्टव्य नहीं है।

अग्नि पुराण[५९] तथा **हय०प०**[६०] में आग्नेय कोण पर वामन को स्थापित करने का निर्देश है। दक्षिणी भद्र पर उपर्युक्त त्रिविक्रम मूर्तियों के प्रदर्शन में इसी नियम का पालन हुआ है।

म०स० ३ की यह रथिका हरिहर प्रतिमा से अलंकृत है। यह मूर्ति म०स० १ के हरिहर प्रतिमा के समान ही है[६१]। भेद यह है कि यहां पर देवता का दक्षिणोर्ध्व कर पद्म कलिका युक्त उनके वक्ष पर स्थित है एवं वामाधः कर खण्डित है। वाहन अनुपस्थित है तथा दोनों पार्श्व में एक एक खण्डित आकृतियाँ हैं जिनका एक कर वक्ष पर तथा दूसरा जानु पर स्थित है परन्तु आयुध पुरुषों के समान इनके करों में आयुधों का अंकन नहीं हुआ है।

---

५६. ई० एच० आई०, ख० १ भाग १ पृ० १६४–६७

५७. **वही**, पृ० १६७

५८. **वही**, चित्र सं० ४८

५९. **अ०पु०अ०** ४३/२–३

६०. **हय०प०** आदि काण्ड प० १४/२–३

६१. द्र० उत्तरी भद्र रथिका की मूर्तियाँ।

हरिहर की ग्रीवा में विशाल माला है जिसका दक्षिणार्ध नरमुण्डों एवं वामार्ध वैजयन्ती पुष्पों द्वारा अलंकृत है।

अ०पु० में वैष्णव मन्दिरों के दक्षिण दिशा में शिव को निर्मित करने का उल्लेख हुआ है।[६२] हरिहर मूर्ति शिव एवं विष्णु का मिश्रित स्वरूप है अतः इस रथिका में उनका अंकन नियम के अनुसार हुआ है।

म०स० ८ में इस स्थान पर चतुर्भुज गणेश ललितासीन मुद्रा में उपस्थित हैं। उनका अंकन अन्य गणेश मूर्तियों के समान ही है परन्तु दक्षिण कर खण्डित है। वामोर्ध्व कर में कुठार एवं वामाधः कर में पूर्ववत् मोदक पात्र है। सर्वाभरण अलंकृत देवता के प्रभावली के दोनों पार्श्व में खजुराहो मूर्तियों के समान विद्याधर आकृतियां प्रदर्शित हैं। गणेश का दक्षिण भद्र पर प्रदर्शन **अ०पु०** के उपर्युक्त नियम के अनुसार ही हुआ है।[६३]

स०मा० के द०प० लघु मन्दिर के इस रथिका में ृसिंह अवतार की भव्य प्रतिमा प्रतिष्ठित है। (चित्र सं०) अष्टभुज देवता के मात्र दो ार अवशिष्ट हैं। यद्यपि प्रतिमा अन्य नृसिंह मूर्तियों के समान ही है तथापि आकृतियों के ्रदर्शन एवं भुजाओं की स्थिति में विभिन्नताएं उल्लेखनीय हैं। देवता दो भुजाओं द्वारा हिरण्य क्शयपु को अपने दक्षिण जानु पर लिटाए हैं। असुर के केश उनके दक्षिण कर में तथा ज ानु वाम कर में है। वे मुख्य करों द्वारा असुर का उदर विदीर्ण कर रहे हैं। असुर के दक्षिण कर में खड्ग है तथा वाम कर उसके सिर के नीचे रखा है। नृसिंह का वाम पाद यहाँ धरती पर स्थित है एवं दक्षिण पाद घुटने से मुड़कर एक अन्य असुर के वक्ष पर रखा है। यह असुर भूमि पर वक्ष ऊपर उठा कर गिर पड़ा है। देवता के दक्षिण पार्श्व में दो असुर भयभीत मुद्रा में छिपते हुए प्रदर्शित हैं, मानों वे नृसिंह की क्रोधाग्नि से बचने का असफल प्रयास कर रहे हैं। प्रह्लाद की आसीन आकृति भूमि पर स्थित है। उनका वाम कर खण्डित है तथा दक्षिण कर ऊपर उठाकर विस्मय एवं प्रसन्नता व्यक्त कर रहे हैं। शीर्ष पर केश राशि की जटा बाँधा है। दुर्भाग्यवश इस विराट् प्रतिमा का मुख खण्डित है। उनके शीर्ष के दोनों पार्श्व में तथा वक्ष पर लहराते हुए अयाल सुस्पष्ट हैं। वे हार, मुक्तावली, भुजबन्ध एवं नुपुर द्वारा अलंकृत हैं। इस प्रतिमा का लक्षण पूर्व वर्णित नृसिंह मूर्तियों के समान ही है। वहां उनके ग्रीवा को अयाल से आच्छादित निर्मित किया गया है जो **वै० आ०** के वर्णन से साम्य रखता है।[६४]

हय० प०[६५] के अनुसार वैष्णव मन्दिरों के दक्षिणी रथिका में नृसिंह की मूर्ति निर्मित होनी चाहिए। उपर्युक्त प्रतिमा अक्षरशः इसी नियम के अनुसार अंकित है।

---

६२. लक्ष्मीः वैश्रवणी पूर्वे दक्षे मातृगणं न्यसेत्। स्कन्दं गणेशमीशाने सूर्यादीन् पश्चिमे ग्रहान्। अ०पु०अ० ४३/६

६३. वही।

६४. ई०ऐम०आई०, ख० १, भाग १, पृ० १५१

६५. **हय० पं० प०** १३/३१

म०स० १ के उ०पू० गौण मन्दिर में यह रथिका विष्णु की गरुडासीन प्रतिमा द्वारा अलंकृत है। सर्वाभरण विभूषित देवता के ऊर्ध्व करों में अन्य विष्णु मूर्तियों के समान गदा एवं चक्र है, दक्षिणाधः कर वरद मुद्रा में है तथा वामाधः कर खण्डित है। गरुड दोनों करों से देवता के चरण थामे हुए उड़ने के लिए उद्यत हैं। वि०प०पु० में विष्णु को संकर्षण के रूप में वैष्णव मन्दिरों में दक्षिणाभिमुख उत्कीर्ण करने का विधान किया गया है।[६६]



६६. दक्षिणाभिमुखः कार्यो देवः संकर्षणः प्रभुः।। वि०ध०पु० ख० ३, अ० ८७/१६

THE VEDIC VAJRA

Prof. D.N. TRIPATHI

Gorakhpur

According to Yāska[1] the word *Vajra* is derived from the root *Vrij*, meaning 'that which deprives'. Since the weapon separates life from the body, the word Vajra would mean a weapon which takes away life from the body[2]. Libert Cösta[3] is of the view that the word Vajra has been used both in abstract and concrete senses which he etymologically relates to Vajra meaning 'possessing a kind of virile procreative potence', which ultimately came to be known as a weapon or thunderbolt related in Indian thought with rain-phenomenon. Küiper F.B.J.[4], considers that Vajra is a demon-slaying potence of the club and the Vajra concept has come out of Soma-stone concept as he thinks that the Indra-Vṛtra fight represented in the *Ṛgveda* was originally a cult representation of the Soma-pressing. Dr. Siddheshwar Varma[5], while discussing the etymology of the word Vajra, has concluded that 'it was so called because it deprives living beings of their lives' and has taken it to mean 'thunderbolt'. He says that the actual root was *'Vaj'*, going back to Indo-European 'Veg' meaning to be powerful, active. Dr. Tripathi[6] also considers that the root of the word is 'Vaj' meaning 'speed' or as Whitney thinks (वज गतौ) 'stoutness'. V. Pokorney takes the word Vajra to mean 'to roll' or 'to move it around'. There may be difference of opinion among the scholars about the origin of the word 'Vajra' but most of the scholars have

---

1. *Nirukta*, 3/11.
2. Sheo Narain Shashtri, *Nirukta ke pāncha Adhyāya* (1912), Varanasi, p. 337-338.
3. *Indo-Iranica, Orientalia Sue-Coma,* Uppasala, 11, 1962, pp. 126-154.
4. 'Indra-Vritra contest represents as Aryan myth of Creation', *Museum,* 52, 198-200.
5. Siddheswar Varma, *The Etymologies of Yaska* (1953), Hoshiyarpur, p. 111.
6. Bhagirath Prasad Tripathi, *Pāṇinīya Dhātu Pāṭha Samīkṣā* (V.S. 1887), Varanasi, p. 434.

taken it to mean a weapon. Mādhava[7] in his *Nāmānukramaṇī* (line 580) has mentioned it in his list of weapons and considers it to be a name for weapons in general. The *Nirukta*[8] (3/11) gives us eighteen synonyms of this word which was used for killing and was a weapon par-excellence of Indra. Apte[9] also considers that the Vajra was not a thunderbolt but a metallic weapon which forms a part of the stable equipment of Indra. We find about 150 references to Vajra in the *Ṛgveda* alone and in the majority of the places it has been referred to as weapon used by Indra to kill Vṛtra. It is, therefore, clear that Vajra was a deadly weapon used in the Vedic period to kill the enemy. It is rather unfortunate that despite intensive research in the Vedic literature for over a century the actual weapon has not been identified till todate.

The purpose of this paper is to bring to the notice of the scholars the literary descriptions of the Vajra as gleaned through the studies of the Vedic literature and to place it along with the archaeological findings of the period concerned, in order to understand if Vajra can be identified with one of the weapons found in the archaeological excavations and explorations.

Vajra has been described in the *Ṛgveda* as a very special weapon of Indra.[10] At some places thunderbolt has been also metaphorically called Vajra[11]. It was made by Tvaṣṭā[12] and Uśanā[13] and handed over to Indra. It is said to be made of metal[14] and is of golden,[15] yellow[16] or white[17] in colour. These are in fact colours of thunderbolt.

---

7. Sheo Narain Shastri, *op.cit.*, p. 339.
8. See *Nighaṇṭu*, 2/20 for synonyms.
9. V.M. Apte,: (a) "Indra as a God of light in the Rigveda' *Sagar University Journal*,I, 1952, pp. 105-110; also 16th *All India Oriental conference*, Lucknow, 1951, pp. 25-26. (b) 'Vajra in the Rigveda', *Annals of Bhandarkar Oriental Research Institute*, 37, 292-295.
10. *Ṛgveda*, VI. 22.9; 18.9 and 45.18 'धिष्व वज्रं दक्षिण इन्द्र हस्ते'.
11. *Ibid.*, VII. 104.19.
12. *Ibid.*, I. 32.2, 52.7, 85.9; V. 31.4; X. 48.3.
13. *Ibid.*, I. 121.12; V. 34.2.
14. *Ibid.*, I. 52.8, 80.12, 81.4; III. 96.3; X. 48.3, 96.3-4, 113.5.
15. *Ibid.*, I. 57.2,85.9; VIII. 68.3; X. 23.3, 96.3-4
16. *Ibid.*, X. 96.3.
17. *Ibid.*, III. 44.5 'अर्जुनवर्णम्'.

It is of quadrangular in shape (चतुष्कोण)[18] and has hundred joints (शतपर्वणा)[19]. It was many-edged (सहस्त्रभृष्टि:)[20] weapon and used to be quite sharp[21]. Vajra is also similarly described as deadly weapon in the *Mihir Yasta* of *Avesta* (X. 96). It is described as spear (रिष्टि:)[22], sharp or pointed (तिग्म)[23], double-edged dagger (चकुषनाम्)[24], double-edged (वितअेघनाम्)[25] and the one that cuts into pieces (कर्तृनाम्)[26]. The word Vajra continued to be used in Iran in the sense of great weapon upto 6th-5th c. B.C. In Behistun inscription[27] of Darius, we find the use of the word 'Vajraka' in the sense of greatness. Thus it is clear that Vajra was not only an important weapon of Vedic God Indra but also that of Iranian God MIHIR. Vajra was very sharp weapon (तिग्मेन)[28]. It is described as one quite heavy and that no one can escape (वज्रंधना, अपराजित:)[29]. The Vajra is also described as a mighty weapon which is a great killer (वज्रं वृषणं)[30]. It is like an arrow (वज्रसायकं)[31] and when thrown it pierces the enemy (अभिश्नथ)[32]. It used to slay the enemy (प्रभृण:)[33]. It is also described as a weapon which used to cut into pieces like a butcher (विवृश्च)[34]. In the *Ṛgveda* it is described as one cutting the ninety-nine hoods of the great serpent[35]. It was used as a missile thrown over the

---

18. *Ibid.,* IV. 22.2.
19. *Ibid.,* I. 80.6; VIII. 6.6, 76.2, 89.3.
20. *Ibid.,* I. 80.12, 85.9; V. 34.2; VI. 17.10; X. 96.4 'सहस्त्र शोका:'.
21. *Ibid.,* I. 130.4; VII. 18.18.
22. *Mihir Yasta,* X. 128-132.
23. *Ibid.*
24. *Ibid.,* X. 130.
25. *Ibid.*
26. *Ibid.,* X. 131.
27. *Behistun Inscription,* Face 1, line 1. 'अदम् दारपवउश् वजकख्शापथिय'.
28. *Ṛgveda,* I. 33.13, 130.4.
29. *Ibid.,* I. 8.3; II. 16.3.
30. *Ibid.,* IX. 106.3.
31. *Ibid.,* I. 32.3, 84.11; X. 8.3, 84.6.
32. *Ibid.,* X. 138.5.
33. *Ibid.,* III. 30.6, 33.7; IV. 19.3 (विहन्); C. 27.21 (विवृत:).
34. *Ibid.,* I. 61.10, 12, IV. 17.7.
35. *Ibid.,* V. 29.6.

enemy. It is said to have broken cities and also a hill[36]. It was also used for digging rivers[37]. When thrown[38] it used to go upto enemy making thundering noise (कनिक्रदतां)[39].

The Vajra used to become blunt due to use as such Tvaṣṭā has to sharpen it (ततक्ष[40], शिशीते[41], स्वपस्तमं[42]). W. Rau[43], considers these words to mean 'cold hammering', but to my mind this mighty and sharp weapon could not have been simply made by cold hammering alone. Casting and annealing could also have been used as at one place in the *Ṛgveda*[44]. Agni has also been credited as the maker of Vajra. In another place a metalsmith (कारव:)[45] is also referred to as a maker of Vajra.

The Vajra is described to have been used sometimes by both hands and sometimes only by the right hand[46]. It is described as the weapon striking upon the shoulders of Vṛtra or breaking his jaw[47]. Sometimes it used to be thrown at the enemy which tears him into pieces. It used to grind the enemy (पिपेष)[48].

On the basis of these descriptions Apte thinks Vajra as a 'specific kind of weapon, a stable metallic weapon (like club or hammer), held firmly in the hands of Indra[49]. Some other think that it was a trident (त्रिशूलमित्यन्ये[50]).

---

36. *Ibid.,* I. 130.7; IV17.3.
37. *Ibid.,* II. 15.3.
38. *Ibid.,* II. 19.9.
39. *Ibid.,* II. 11.10; VI. 27.4 (vjks[kh).
40. *Ibid.,* I. 52.7, 121.12.
41. *Ibid.,* I. 55.1.
42. *Ibid.,* I. 61.62 also I. 121.3 तक्ष; I. 130.4. संश्यत्; I. 32.2. स्वर्यं
43. Rau *Wilhel, Metalle und Metallgerate im Vedischen Indien,* Mainz, 1974 (8).
44. *Ṛgveda,* X. 87.4.
45. *Ibid.,* X. 92.7, 99.1.
46. *Ibid.,* I. 33.10, 51.7, 63.2, 81.4; II. 11.6, 16.2, 17.6, 20.8; IV. 22.3; VI. 18.9, 22.9,23.1, 45.15; VII. 28.2; VIII. 12.7, 29.4, 61.18, 70.2, 96.3-5; X. 44.2, 52.5, 153.4, 23.1.
47. *Ibid.,* I. 80.5.
48. *Ibid.,* II. 15.6.
49. Apte, V.M., *op. cit.*
50. See Skandaswamy (line 152); also note 2, p. 339.

W. Rau[51] after a detailed discussion about the Vajra as given in the Later Vedic literature has come to conclude that the 'passages fit well into the description of copper harpoons' found in the Copper Hoards of the, Gangetic valley. W.W. Malandra[52], on the basis of the descriptions of the Vajra in the *Avestā* and the *Ṛgveda* has come to the conclusion that 'mace-heads found in Iran and the ancient Near East, bear a striking resemblance to the Avestan and Rigvedic descriptions, as they are generally belong or spherical and ..... fitted with knobs, blades .....'. Tapan Kumar Dasgupta in his thesis 'Der Vajra : Eine Vedische Waffe[53] identifies the Vedic Vajra with anthropomorphic figures of the Gangetic Copper Hoards which is rightly rejected by Maurizio Taddei on various grounds of which the most convincing argument seems to be the one based on the distribution of the so-called anthropomorphic figures. Since these anthropomorphic figures are limited only in the Gangetic basin, 'while one would expect to find them in the whole area where the Vajra (Avestan 'Vazra') is known from the literary sources, i.e., also in Iran and the north west of India'[54].

Since the Ṛgvedic period is generally considered to have belonged to the second half of the second millennium B.C. and that the Copper Hoards of the Gangetic Valley are also dated in this period, W. Rau and Tapan Kumar Dasgupta seem to be in the right direction when they are trying to identify one of the objects found in the Copper Hoards as Vedic Vajra. I have mentioned elsewhere that the *Ṛgvedic 'Ayas'* is nothing else but copper; and it was later in the Later Vedic period when *Kṛṣṇāyas* and *Śyāmāyas* were coined to denote iron[55]. We have seen that in the *Ṛgveda*, Vajra is generally said to have been made of *ayas,* hence it could be nothing but a copper or bronze implement found in the Indian context in the second half of the second millennium B.C. Of the two possible identifications, Dasgupta's identification with anthropomorphic figures has been rightly rejected by Maurizio Taddei. So far as W. Rau's identification with copper

---

51. Rau, W., *op. cit.,* p. 44.

52. W.W. Malandra, 'A Glossary of terms for weapons and armours in Old Iranian', *Indo-Iranian Journal,* Holland, 15(4), 1973-74, pp. 281-283.

53. Dasgupta, Tapan Kumar, *Der Vajra : Eine Vedische Waffe* Hamburg University, Wiesbaden, 1975.

54. Maurizio Taddei, Book-review of Tapan Kumar Dasgupta (see n. 53), *East and West,* N.S., Vol. 29, Nos. 1-4, 1979, p. 280.

55. See f.c., volume, *Archaeology and Tradition* on 'Ayas in Rigveda'.

enemy. It is said to have broken cities and also a hill[36]. It was also used for digging rivers[37]. When thrown[38] it used to go upto enemy making thundering noise (कनिक्रदतां)[39].

The Vajra used to become blunt due to use as such Tvaṣṭā has to sharpen it (ततक्ष[40], शिशीते[41], स्वपस्तमं[42]). W. Rau[43], considers these words to mean 'cold hammering', but to my mind this mighty and sharp weapon could not have been simply made by cold hammering alone. Casting and annealing could also have been used as at one place in the *Ṛgveda*[44]. Agni has also been credited as the maker of Vajra. In another place a metalsmith (कारव:)[45] is also referred to as a maker of Vajra.

The Vajra is described to have been used sometimes by both hands and sometimes only by the right hand[46]. It is described as the weapon striking upon the shoulders of Vṛtra or breaking his jaw[47]. Sometimes it used to be thrown at the enemy which tears him into pieces. It used to grind the enemy (पिपेष)[48].

On the basis of these descriptions Apte thinks Vajra as a 'specific kind of weapon, a stable metallic weapon (like club or hammer), held firmly in the hands of Indra[49]. Some other think that it was a trident (त्रिशूलमित्यन्ये[50]).

---

36. *Ibid.,* I. 130.7; IV17.3.
37. *Ibid.,* II. 15.3.
38. *Ibid.,* II. 19.9.
39. *Ibid.,* II. 11.10; VI. 27.4 (vjks[kh).
40. *Ibid.,* I. 52.7, 121.12.
41. *Ibid.,* I. 55.1.
42. *Ibid.,* I. 61.62 also I. 121.3 तक्ष; I. 130.4. संश्यत्; I. 32.2. स्वर्यं
43. Rau *Wilhel, Metalle und Metallgerate im Vedischen Indien,* Mainz, 1974 (8).
44. *Ṛgveda,* X. 87.4.
45. *Ibid.,* X. 92.7, 99.1.
46. *Ibid.,* I. 33.10, 51.7, 63.2, 81.4; II. 11.6, 16.2, 17.6, 20.8; IV. 22.3; VI. 18.9, 22.9,23.1, 45.15; VII. 28.2; VIII. 12.7, 29.4, 61.18, 70.2, 96.3-5; X. 44.2, 52.5, 153.4, 23.1.
47. *Ibid.,* I. 80.5.
48. *Ibid.,* II. 15.6.
49. Apte, V.M., *op. cit.*
50. See Skandaswamy (line 152); also note 2, p. 339.

W. Rau[51] after a detailed discussion about the Vajra as given in the Later Vedic literature has come to conclude that the 'passages fit well into the description of copper harpoons' found in the Copper Hoards of the, Gangetic valley. W.W. Malandra[52], on the basis of the descriptions of the Vajra in the *Avestā* and the *Ṛgveda* has come to the conclusion that 'mace-heads found in Iran and the ancient Near East, bear a striking resemblance to the Avestan and Rigvedic descriptions, as they are generally belong or spherical and ..... fitted with knobs, blades .....'. Tapan Kumar Dasgupta in his thesis 'Der Vajra : Eine Vedische Waffe[53] identifies the Vedic Vajra with anthropomorphic figures of the Gangetic Copper Hoards which is rightly rejected by Maurizio Taddei on various grounds of which the most convincing argument seems to be the one based on the distribution of the so-called anthropomorphic figures. Since these anthropomorphic figures are limited only in the Gangetic basin, 'while one would expect to find them in the whole area where the Vajra (Avestan 'Vazra') is known from the literary sources, i.e., also in Iran and the north west of India'[54].

Since the Ṛgvedic period is generally considered to have belonged to the second half of the second millennium B.C. and that the Copper Hoards of the Gangetic Valley are also dated in this period, W. Rau and Tapan Kumar Dasgupta seem to be in the right direction when they are trying to identify one of the objects found in the Copper Hoards as Vedic Vajra. I have mentioned elsewhere that the *Ṛgvedic 'Ayas'* is nothing else but copper; and it was later in the Later Vedic period when *Kṛṣṇāyas* and *Śyāmāyas* were coined to denote iron[55]. We have seen that in the *Ṛgveda*, Vajra is generally said to have been made of *ayas,* hence it could be nothing but a copper or bronze implement found in the Indian context in the second half of the second millennium B.C. Of the two possible identifications, Dasgupta's identification with anthropomorphic figures has been rightly rejected by Maurizio Taddei. So far as W. Rau's identification with copper

---

51. Rau, W., *op. cit.,* p. 44.

52. W.W. Malandra, 'A Glossary of terms for weapons and armours in Old Iranian', *Indo-Iranian Journal,* Holland, 15(4), 1973-74, pp. 281-283.

53. Dasgupta, Tapan Kumar, *Der Vajra : Eine Vedische Waffe* Hamburg University, Wiesbaden, 1975.

54. Maurizio Taddei, Book-review of Tapan Kumar Dasgupta (see n. 53), *East and West,* N.S., Vol. 29, Nos. 1-4, 1979, p. 280.

55. See f.c., volume, *Archaeology and Tradition* on 'Ayas in Rigveda'.

harpoons is concerned, although it cannot definitely be asserted, chances of this identification being nearer to truth is admitted. We find copper harpoons made of stone and bone in the Upper Paleolithic and Mesolithic complexes of western Europe, Western Asia, India and South Asia. In the *Ṛgveda* also, Vajra is said to be made of seer Dadhīchi. The text of the *Bṛhaddevatā*[56] also holds the same view. It seems to be logical that when copper was known to the Ṛgvedic Aryans, they started making these harpoons with the help of copper. The passages of the *Ṛgveda* fit well into the description of copper harpoons. Processes involved in making copper harpoons (Gasting, annealing and cold-hammering) are specifically mentioned in the *Jaiminīya Brāhmaṇa*[57]. The shape of the Vajra as described in *Ṛgveda, Atharva*-Veda[58], *Śatapatha Brāhmaṇa*[59], *Aitareya Brāhmaṇa*[60], *Kāṭhaka* Saṃhitā[61] and *Mādhyandina Saṃhitā*[62] fits in well with the shape of the copper harpoons of the Ganga valley. It is also described in *Ṣaḍavimśa Brāhmaṇa*[63]. In *Mādhyandin Saṃhitā*[64] it is described as being thrown as a missile by the right hand while in *Taittirīya Saṃhitā*[65] and *Śatapatha Brāhmaṇa*[66] it is described as having arrows in its inner side.

Thus it is clear that the meaning of the word Vajra changed in due course of time like that of the German word 'Gewehr' meaning weapon originally but which meant later thunderbolt used by gods as a sharp burning missile. We have seen how the word 'Vazra' in *Avesta* originally meaning a weapon later on meant greatness. In Indian contexts also a similar change in the meaning of the word could be seen. We have also seen that originally Vajra is

---

56. *Bṛhaddevatā,* III, 23 also quoted by Biswanath Mukhopadhyaya, 'Vāk and Vajra', *Vishvesharanand Indological Journal,* Hoshiarpur, Vol. XIX pts. 1-11, June-Dec., 1981, pp. 1-3.
57. *Jaiminīya Brāhmaṇa,* 3.64-65; 3.310, 205.
58. *Atharvaveda,* 11.10.12-13; 12.5.66; 5.18.7.
59. *Śatapatha Brāhmaṇa,* 3.4.4.8.
60. *Aitareya Brāhmaṇa,* 2.35.5; 3.4.4.14; 1.2.4.1; 1.2.4.5.
61. *Kāṭhaka Saṃhitā*, 10.10 (136.3); 20.4 (22.7); 20.5 (24.23).
62. *Mādhyandina Saṃhitā,* 3.2.10 (31.11).
63. *Ṣaḍavimśa Brāhmaṇa,* 2.1.5; 3.6.3; 3.7.2; 8.9.2; 4.2.8; 4.4.5; 4.5.1; 4.5.5; 5.4.2.
64. *Mādhyandina Saṃhitā,* 3.8.1; (92.10-11); 3.8.2 (94 ---).
65. *Taittirīya Saṃhitā,* 5.2.6.1-2; 6.1.3.4-5; 7.4.7.1-2.
66. *Śatapatha Brāhmaṇa,* 1.2.4.1.

said to have been made of bone (Dadhyañcha)[67] and later on of copper (*ayas*). In the course of time the Vajra which had the shape of copper harpoons might have also changed its shape as we see in the case of various weapons used in second World War which are now having altogether different shape carrying the same name. I am, therefore, of the opinion that the Vajra originally meant the harpoons (first made of stone and then of bone and copper) and later on it came to be used for any other missile in the hands of man used more in war than in game. W. Rau may be correct in taking the description of the *Jaiminīya Brāhmaṇa* (the man-like shape of knife being used by God) as a reminder of the anthropomorphic context of the copper Hoard civilization of the Ganga Valley.



67. *Ṛgveda*, I. 84.13.

STŪPA ARCHITECTURE OF SĀRNĀTHA

Dr. O.P. PANDEY

Sārnātha is one of the most important spots in India, having a covetable wealth in the form of religious tradition and archaeological remains which attract thousands of pilgrims, archaeologists, historians and students to this place both from India and outside. It is one of the four most sacred places of pilgrimage for the Buddhists, as here Buddha turned the wheel of law for the first time. The place is held equally holy by the Jains, as being the venue of the austerities and death of Sreyaṁśanātha, the eleventh Tīrthaṅkara. Situated at a distance of 8 km. from Varanasi, it is now part of greater Varanasi, which is one of the most sacred places of Hindus.

Excavations at Sārnātha have revealed monuments from the Mauryan age down to Pāla period or the time of Gahaḍavālas. A good number of them are stūpas of various sizes. The three important stūpas of Sārnātha which are important for the study of stūpa architecture are Dharmarājikā stūpa, Dhamekh stūpa and Chaukhaṇḍī stūpa.

Aśoka is credited to have built so many things at Sārnāth, one of which was a stūpa, about 30.7 meter high, called the Dharmarājikā stūpa, which was crowned at its top by a monolithic railing. This Dharmarājikā stūpa of Aśoka was pulled down by Jagat Singh, Dewan of Raja Chet Singh of Banaras, as part of his depredation for building materials. This tragic event brought Sārnātha to the knowledge of the modern world.[1]

It is said that after Aśoka became a follower of Buddhism, he employed all his resources and pious zeal to spread the message of Buddha. The charming life of Buddha exercised such a fascination on his jind that he decided to go on a pilgrimage to the holy places associated with the Master. During his pilgrimage, he must have visited Sārnātha also.

---

1. V.S. Agrawal, *Sārnātha,* 1984, page 7.

The Dharmarājikā stūpa, as its name indicates, was built by Aśoka to enshrine the bodily relics of Buddha at the time of his re-distributing the relics of the original seven stūpas and enshrining them in a number of other stūpas at different places. As a matter of fact, a stone box was found inside this stūpa containing a green marble relic-casket with some relics and ashes. The relics were thrown into the Ganges at the instance of Jagat Singh. The casket has since disappeared, but the stone box is preserved in the Indian Museum. It is said that in 1835-36, Sir Alexander Cunningham rediscovered the stone box of the Dharmarājikā stūpa referred to above and he handed over that box along with various other excavated material of Sārnātha to the Asiatic Society of Calcutta and that is now in the Indian Museum, Calcutta.[2]

Taking Sārnātha as one of the holiest places of Buddhism, Aśoka must have selected it as worthy of a stūpa for enshrining the holy relics of Buddha. A sculpture of Buddha was discovered from this stūpa on which pedestal, there is an inscription of the time of Mahipāla, dated A.D. 1026. The sculpture which was noticed in the house of Jagat Singh is now preserved in Sārnāth Museum.

The excavation have revealed six successive enlargements of the original stūpa. The original structure raised by Aśoka was 13.49 meter in diameter with bricks of the size of 49.5X36.8X6.4 Cm and others slightly wedge-shaped of 41.9X31.7X8.8 Cm. size.[3] The first expansion of the stūpa was made in the Kuṣāṇa period with bricks measuring 38.1X26.2X7 Cm. size. The second enlargement came in the 5th-6th Century A.D. i.e. the Gupta period with the addition of circumambulatory path (pradakshiṇāpatha) nearly 4.88 meter wide around the stūpa and encompassed by a solid outer wall, 1.35 M. high, pierced by four doorways in the four directions.[4] In the third enlargement, in the 7th century A.D., the pradakshiṇāpatha was filled up and access to the stūpa was provided by placing four monolithic staircases. The next two additions were made in the ninth-eleventh centuries. The sixth and the last encasing of the stūpas took

---

2. *Ibid.*, p. 8.
3. D.R.Sahni, *Catalogue of the Museum of Archaeology at Sārnāth*, pp. 10-11.
4. *A.S.I.R.*, 1904-05, pp. 65-66.

place when the monastery of Kumāradevī, wife of Gahadwal ruler Govindachandra, was built in the 12th century A.D. She is credited to have got repaired all the important Buddhist structures at Sārnātha.[5]

The excavations have revealed more than a dozen railing pillars of about 1st Century B.C. near the Dharmarājikā stūpa during the excavations of Mr. F.O. Ortel. They may have formed part of the stone railing which was put around the stūpa during the Śuṅga period, just as stupas at Sānchi were provided with railings at this time.

According to Krishnadeva,[6] a monolithic railing with a Mauryan inscription and polish, found near the stūpa, presumably formed its crowning *harmikā*. According to Mr. Vogel, this monolithic railing denotes the holiness of the place where Buddha had delivered his first sermon. Dayaram Sahni is also of opinion that this railing must have been part of crowning *harmikā* of Dharmarājikā stūpa.[7] According to *Mahāvaṁsa,* Aśoka has got built vihāras also along with the stūpas.[8] In view of Dr. C.S. Upasak, this Dharmarājikā stūpa is a pre-Mauryan Commemorative stūpa and the earliest stūpa of Sārnātha.[9] - (plate 1).

Here we find a marked difference between Aurobindo's conception of the evolutionary process, and that of the western philosophers of modern evolutionism. For Alexander, Morgan and Smuts, evolution exhibits a nisus from lower to higher levels; there is a straight -line evolution. The higher levels are not existent at the level of events or space-Time. Though there is progress in evolution, the higher is explained in terms of the lower. But Aurobindo does not find in such schemes an adequate explanation or evolution. He cannot accept the absence of Divine at any stage of evolution. For him, the Brahman is eternally present at each level of evolution in a more or less involved state. It is because of the previous involution or what he calls 'descent' that the present evolution or 'ascent' is possible. Mere evolution is not a sufficient explanation; it must be supplemented by the doctrine of previous involution. "Ascent without descent, evolution without involution is unthinkable".[17] The spirit descends and during its descent it gets involved into various levels; evolutionary process or ascent is the nisus towards the realisation of its original state. In the philosophy of Aurobindo, the evolutionary process is circular rather than rectilinear.

THE SUPRAMENTAL MANIFESTATION

Aurobindo refers to a series of gradations between the mental and supremental levels according to the sublimations of the consciousness, viz., Higher Mind, Illumined Mind, Overmind. In due course of time, there will be a race of supramental beings on the earth just as now there is a race of mental beings.[18] "The gnostic consciousness is a consciousness in which all contradictions are cancelled or fused into each other in a higher light of seeing and being, in a unified self-knowledge and world-knowledge."[19]

"It is not to be supposed that all humanity would rise in a block into the supermind; at first those only might attain to the highest or some intermediate heights of the ascent whose inner evolution has fitted them for

---

17. S.K. Maitra: *An Introduction to the Philosophy of Aurobindo,* p. 5.

18. *Letters of Sri Aurobindo,* First series, p. 15. Sri Aurobindo Circle, Bombay, 1947. Also see the chapter on 'The Gnostic Being' in 'The Life Divine', p. 1151.

19. *The Life Divine,* p. 1265.

so great a change or who are raised by the direct touch of the Divine into its perfect light and power and bliss. The large mass of human beings might still remain for long content with a normal or only a partially illumined and uplifted human nature. But this would be itself a sufficiently radical change and initial transformation of earth life. ...."it would be a new orientation of the earthly life but not the consummation of its change".[20]

According to many modern biologists and philosophers, evolutionary process is epigenetic. Life and mind have emerged as a result of peculiar combining factors under definite conditions in the history of the earth. For them emergence is a fact which has to be noted and accepted in a spirit of "natural piety", and no explanation can be given for it. "What emerges is something new, which was not previously present in any of the constituting factors analysed or considered separately. It is something more than a mere sum of the entities entering into any organisation. This has led them to distinguish between the resultant and emergent phenomena.

Aurobindo rejects the doctrine of materialistic emergence and advances his psychical interpretation of the world-process. If there is unity and continuity in the world-process and "if we suppose the unity to be unbroken, we then arrive at the existence of consciousness in all forms of the Force which is at work in the world". ...."Mind and Matter are rather different grades of the same energy, different organisations of one conscious force of Existence". He thinks that life, mind and supermind are present in the atom, are at work even there, but invisible, occult, latent in a subconscious or apparently unconscious action of the Energy. "The electron and atom are in this view eternal somnambulists".[21] He says:

"It is quite true that to a surface view life seems only an operation of Matter, mind an activity of life", ...But this is a superficial view of things ....."One might as well on the same lines have concluded that electricity is only a product or operation of water and cloud matter, because it is in such a field that lightening emerges; but a deeper inquiry has shown that both cloud and matter have, on the contrary, the energy of electricity as their foundation, their constituent power or energy-substance; that which seems to be a result

20. *The Supramental manifestation,* pp. 39-40, Pondicherry, 1952.

21. *The Life Divine,* p. 848.

is in its reality, though not in its form - the origin; the effect is in the essence pre-existent to the apparent cause, the principle of the emergent activity precedent to its present field of action. So it is throughout evolutionary Nature ; Matter could not have become animate if the principle of life had not been there constituting Matter and emerging as a phenomenon of life-in-matter; life-in-matter could not have begun to feel, perceive, think, reason, if the principle of mind had not been there behind life and substance".[22]

Aurobindo agrees with the evolutionists that higher levels have successively emerged on this earth, but he does not believe that their emergence is a production of something new which was not already involved there. "The progress of Nature from Matter of life, from Life to Mind, may be conceded: but there is no proof yet that Matter developed into Life of Life-energy into Mind-energy; all that can be conceded is that Life has manifested in Matter, Mind in living Matter" ...."Even if it be discovered here after that under certain chemical or other conditions life makes its appearance, all that will be established by this coincidence is that in certain chemical conditions are constituents of life".[23]

Aurobindo rejects the doctrine of "The Physical Basis of Life", made so popular by T.H. Huxley and many others. He says:

"Materialism indeed insists that, whatever the extension of consciousness, it is a material phenomenon inseparable from our physical organs and not their utiliser but their result". But "it is becoming always clearer that not only does the capacity of our total consciousness far exceed that of our organs, the senses, the nerves, the brain, but that even for our ordinary thought and consciousness these organs are only their habitual instruments and not their generators. Consciousness uses the brain which its upward strivings have produced, brain has not produced nor does it use the consciousness. There are even abnormal instances which go to prove that our organs are not entirely indispensable instruments, - that the heart-beats are not absolutely essential to life, any more than is breathing, nor the organised brain-cells to thought. Our physical organism no more causes or explains thought and consciousness than the construction of an engine causes or

---

22. *Ibid.* p. 1016.
23. *Ibid.* p. 988.

explains the motive-power of steam of electricity. The force is anterior, not the physical instrument".[24]

Or, again, "So long as Matter was Alpha and Omega to the scientific mind, the reluctance to admit intelligence as the mother of intelligence was an honest scruple. But now it is no more than an outworn paradox to affirm the emergence of human consciousness, intelligence and mastery out of an unintelligent, blindly driving unconsciousness in which no form or substance of them previously existed. Man's consciousness can be nothing else than a form of Nature's consciousness".[25] It is not the function of nervous matter as Huxley used to maintain.

S. -Alexander's metaphysics of evolution resembles in some respects with Aurobindo's doctrine of evolution. Alexander talks of the emergence of higher and higher levels of consciousness and believes in the emergence of a consciousness higher than the mental that has so far emerged, and calls it 'Deity'. Though both talk of the 'nisus' towards something supramental, Alexander frankly admits his inability to explain the nisus, and enjoins upon us to accept it with 'natural piety'. Aurobindo, on the contrary, holds that the nisus is due to the higher levels which have already been existing in an involved state in the inconscient matter. Aurobindo gives spiritual explanation in justification of the evolutionary process, whereas Alexander has none such to offer. The ascending evolutionary process would not have occurred if Brahman had not already descended by a process of involution. Alexander stops at Space-Time, and does not feel any need to extend his concerning the how and why of his original substance.

Aurobindo, strictly adhering to the logic of *satkāryavāda*, thus affirms that the entire material nature, of this earth and all that is beyond it, is the manifestation of the spirit of Brahman; "a self-energy put forth by the Brahman, a form and substance of Brahman".[26]

CONCLUDING REMARKS

Aurobindo has tried to improve Indian metaphysical thought by the incorporation of the doctrine of evolution. The Samkhya also believed in

---

24. *Ibid.* pp. 101-102.
25. *Ibid.* pp. 106-107.
26. *Ibid.* p. 1174.

evolutions and involutions, but its eternal dualism of Puruṣa and Prakṛti did not make it a thorough-going philosophy of evolution. There was no question of the emancipation of Prakṛti in the Samkhya system. So also, the physical world of the Jaina as well as the Vaisesika was an eternally separate segment of reality, whose relation with the souls was of a temporary nature; i.e., till their emancipation. But there was no question of the emancipation of the physical nature as such. Indian philosophy upto this time was primarily concerned with the nature and purpose of the individual and was some what indifferent to the question of the nature and purpose of the world. But Aurobindo seems to have as much concern for the deliverance of Nature as for the souls. The physical world is not a separate segment of reality, but is an essential part of the whole circle. From Aurobindo's point of view, remarks Prof. S.K. Maitra[27], matter, which is the usual philosophical *pariah*, is spiritual, and has, therefore, been treated with due respect. Evolution is a spiritual movement from bottom upwards, the raising of the lower to the higher level.

Aurobindo thus thinks of the gradual transformation of the whole Nature that got involved in the previous process of descent. His scheme of evolution exhibits a higher unity and integration than was ever achieved in Indian Philosophy.



---

27. S.K. Maitra: *'Meeting of the East and the West in Sri Aurobindo's philosophy'*, p. 238. Also his book *'An Introduction to the philosophy of Sri Aurobindo'*. pp. 8-9.

शं नो निखाता वल्गाः (अथर्ववेद, १६.६.६)

डॉ० माया मालवीय

प्रयाग

अथर्ववेद संहिता (अ० सं०) का प्राचीनतम नाम **अथर्वांगिरस्** रहा है जो इसके स्वरूप, इसके प्रकृतिगत आन्तरिक विभेद एवं वैशिष्ट्य को सूचित करता है। **अ०सं०** में अथर्वांगिरस् को 'स्कम्भ' का मुख कहा गया है– **अथर्वांगिरसो मुखम्**[1]। मांगलिक, भेषज, शान्त और शोभन प्रकार के मन्त्र और 'अभिचार' आथर्वण कहे गये हैं, और घोर तथा क्रूर प्रकार के 'आंगिरस्'। इन दोनों प्रकारों को मूलतः **अथर्ववेद** की ही सम्पत्ति और वैशिष्ट्य माना जाता है लेकिन वस्तुतः दोनों ही प्रकार के अनुष्ठान एवं मान्यतायें प्राचीन वैदिक धर्म के अंग थे और तत्कालीन समाज में स्वीकृत भी थे। अश्वमेध यज्ञ के अवसर पर दोनों वेदों के अंशों का पाठ किया जाता था। भेषज का पाँठ **आथर्वण** से और घोर का **आंगिरस्** से होता था[2]। अथर्वांगिरस् वैशिष्ट्य युक्त सामग्री का जितना उपयोग यज्ञों में हो सकता था, अच्छी तरह किया गया है। यज्ञों में विभिन्न अनुष्ठानों के मध्य अवसर मिलते ही *"योऽस्मान् द्वेष्टि यं च वयं द्विष्मः"* के उद्घोष के साथ अपने समस्त शत्रुओं के विरुद्ध घोर अभिचारों का प्रयोग बेधड़क किया गया है[3]। घोर अभिचार वर्ग का ही एक कृत्य–विशेष वैदिक साहित्य में 'वलग' नाम से प्रसिद्ध है जो दैत्यों, राक्षसों, आभिचारिकों, प्रतिद्वन्द्वियों और शत्रुओं के विरुद्ध प्रयुक्त होता था। इस लेख में वैदिक संहिताओं में वलगों के प्रयोग पर एक संक्षिप्त विवेचन अभीष्ट है।

द्वेष्य–वधार्थ भूमि में गाड़े गये कृत्या विशेष 'वलग' नाम्ना अभिहित हैं। अभिचार विद्या में शत्रु से सम्बद्ध, उसके द्वारा उपभुक्त, प्रयुक्त, कभी उसके शरीर का अंग रही किसी वस्तु विशेष को भूमि में गाड़ने का अर्थ है शत्रु को लक्ष्य कर किसी अनिष्टकारी परिणाम को घटित कराना। अभिचार विद्या में वह वस्तु–विशेष या पदार्थ पृथक् होने के बाद भी उस व्यक्ति विशेष का ही अविभाज्य अंग और प्रतिरूप माना जाता है और उस पर की गई आभिचारिक क्रिया उस व्यक्ति विशेष को यथा कल्पित ढंग से प्रभावित करती है। इसी प्रकार भूमि में गाड़ी गई वस्तु को उखाड़ फेंकने या खोद डालने का अर्थ है विशिष्ट अभिप्राय से गाड़े गये टोने को नष्ट कर देना

---

१. **अ०सं०** १०.७.२०.

२. **शतपथ** १३.४.३३ आदि।

३. **तैत्तिरीय संहिता** १.३.१ में अवटों का परिलेखन करते समय–"परिलिखितं रक्षः परिलिखिता अरातय इदमहं रक्षसो ग्रीवा अपि कृन्तामि योऽस्मान् द्वेष्टि यं च वयं द्विष्मः"।

जिससे शत्रु का अभीष्ट परिणाम न घटित हो। वलग जमीन में गाड़ा गया गुप्त अभिचार (burial witchcraft) है। जब शत्रु के अस्थि–नख–रोम–चरणों की धूलि आदि को जीर्ण कट–पटादि के टुकड़ों में बाँध कर भूमि में हाथ भर गड्ढे में गाड़ा जाता है तो उसे वलग कहते हैं[४]। वह वलग वहीं से अपने शत्रु पर मारक प्रहार करता है। इस प्रकार वलग गड्ढे में गाड़ा गया, छिपाया गया, ढका, अदृश्य गुप्त अभिचार है जो इष्ट शत्रुओं को नष्ट करता है, उन्हें हानि पहुँचाता है और उनके द्वारा किये गये अभिचारों को कीलता भी है। इसका उल्लेख कभी–कभी कृत्या के साथ भी प्राप्त होता है[५]। प्रायः वलग के साथ √खन् धातु का प्रयोग और कृत्या के साथ √कृ धातु का प्रयोग मिलता है। वलगों को नष्ट करने वाले को 'वलगहन्' और 'वलगों' के विशारद को 'वलगिन्' कहते हैं।

ऋग्वेद में 'वलगिन्' शब्द का प्रयोग नहीं मिलता है लेकिन 'मूलकर्म' (root witch-craft) के प्रचलन का संकेत मिलता है[६]। अंगिरस् अभिचार-विद्या के जनक माने गये हैं। **ऋग्वेद** में सरमा–पणि सम्वाद सूक्त में सरमा पणियों को **"अंगिरसश्च घोराः[७]"** कह कर डराती है। इससे प्रतीत होता है कि वलग भी अज्ञात न रहा होगा। लेकिन **ऋग्वेद** के मुख्यतः स्तुतिपरक होने एवं इतर विषयों की अप्रासंगिकता के कारण वलग रूप घोर अभिचार का उल्लेख प्राप्त नहीं होता है।

'वलग' शब्द का प्रयोग **अथर्ववेद**[८] के साथ ही **तैत्तिरीय संहिता**[९], **काठक संहिता**[१०], **वाजसनेयि संहिता**[११] और **शतपथ ब्राह्मण**[१२] में मिलता है। **अ०सं०** के एक मन्त्र में कृत्याकृत् वलगिन्, मूलिन्, और शपथेय्य शब्दों का एक साथ प्रयोग मिलता है जो रक्षात्मक प्रतीकारात्मक अभिचारों की चार विधाओं को द्योतित करता है। इस मन्त्र में इन्द्र और अग्नि देवताओं से वलग, कृत्या, और मूलकर्म में लिप्त और शाप देने वाले लोगों को अपने तीक्ष्ण हथियारों से नष्ट करने की प्रार्थना की गई है।

कृत्याकृतं वलगिनं मूलिनं शपथेय्यम्[१३]।
इन्द्रस्तं हन्तु महता वधेनाग्निर्विध्यत्वस्तया।।

---

४. "सायण, **तैत्तिरीय संहिता**-भाष्य १.३.२ आनन्दाश्रम संस्कृत–ग्रन्थावलिः ४२।" जीर्णकटपटादिखण्डबद्धा अस्थि–नख–रोम–पादपांसुप्रभृतयो विरोधिनां मारणार्थं ये भूमौ निखन्यन्ते ते वलगास्तान्घ्नन्तीति वलगहनः।"

५. **अ०सं०**– १२.३१; १०.१.६; १८, ३१; १६.६.६.

६. **ऋग्वेद** १०.१४५.१; **अ०सं०** १.२८.३ (मूरमादधे) आदि।

७. **ऋग्वेद** १०.१०८.१०

८. **अ०सं०** ५.३१.४, १२; १०.१.१८.३१; १६.६.६.

९. **तै० सं०** १.३.२.१, ६.२.११, १–२

१०. **का०सं०** २.११; २५.६

११. **वाज० सं०** ५.२३; ५.२५

१२. **श०प०** ३.४.४.२–३; ३.४.४.६–१४; १८–२२.

१३. **अ०सं०** ५.३१.१२.

ऋग्वेद में 'वल'

ऋग्वेद में 'वलग' शब्द तो प्राप्त नहीं है पर 'वल' शब्द का प्रयोग अनेकशः हुआ है। वल शब्द वहाँ 'घेरा', 'बाड़ा' या 'गुफा' के अर्थ में आया है जिसे इन्द्र भेदते हैं। यह शब्द प्रायः इन्द्र और बृहस्पति के मन्त्रों में प्रयुक्त है। **ऋग्वेद** में वल शब्द १.११.५; २.१२.३; ३.३०.१०; ४.५०.५ आदि स्थानों पर आया है। उन स्थलों का निरीक्षण वलग के अर्थ की दृष्टि से संभवतः उपयुक्त होगा।

ऋग्वेद १.११.५ **त्वं वलस्य गोमतोऽपो वरद्रिवो बिलम्** की व्याख्या सायण ने इस प्रकार की है– "हे अद्रिवः वज्रयुक्तेन्द्र ! त्वं गोमतः वलस्य गोभिर्युक्तस्य वलनामकस्यासुरस्य सम्बन्धि बिलम्। अपावः स्वसैन्यमुखेन अपावृतवानसि ! वृञ् वरणे"..................।

यहाँ सायण ने 'वल' को असुर मानते हुये एक पुराकथा दी है कि 'वल' नामक एक दैत्य ने देवताओं की गायों को चुराकर किसी बिल में छिपा दिया था। तब इन्द्र ने उस बिल को अपनी सेना से घेर कर उससे गायों को बाहर निकाला अर्थात् इन्द्र ने 'वल' के द्वारा निरुद्ध की गई गायों को उसके घेरे से मुक्त किया। **तैत्तिरीय संहिता** में भी इसका सन्दर्भ प्राप्त होता है।

ग्रिफिथ 'वल' को वृत्र या वृत्र का भाई मानते हैं और गुफा का अर्थ 'घने बादल' लेते हैं[१४]।

ऋग्वेद मन्त्र २.१२.३ "यो हत्वाहिमरिणात्सप्तसिन्धून्यो गा उदाजदपधा वलस्य" में भी 'वल' से वल नामक असुर का ही अर्थ सायण ने लिया है–"यः अहिं मेघं हत्वा मेघहननं कृत्वा सप्त सर्पणशीला सिन्धून् स्यन्दनशीला अपः अरिणात् प्रैरयत्। यः च वलस्य वलनामकस्यासुरस्य अपधा तत्कर्तृकान्निरोधान्निरुद्धाः गाः उदाजत् निरगमयत्"। ग्रिफिथ अपधा का अर्थ 'cave' ही लेते हैं।

ऋग्वेद ३.३०.१० का मन्त्र है–"**अलातृणो वल इन्द्र व्रजो गोः**"। सायण ने यहाँ 'वल' को मेघ माना है– "हे इन्द्र अलातृणः बहूदकतया अलमत्यर्थमातृद्यते हिंस्यत इत्यलातृणः। गोः माध्यमिकायाः वाचः व्रजः गोष्ठभूतः वलः। वृणोत्याकाशमिति वलो मेघः"। सायण ने **निरुक्त** (६.१) में यास्क कृत व्याख्या को भी उद्धृत किया है जो इस प्रकार है–

"अलातृणोऽलमातर्दनो मेघो वलो वृणोतेर्व्रजो व्रजत्यन्तरिक्षे गोरेतस्या माध्यमिकाया वाचः पुरा हननाद्भयमानो व्यार सुगान्पथो अकृणोन्निरजे गाः.....। वलः वल संवरणे। वल्यत आच्छाद्यते नभोऽनेनेति वलो मेघः"।

ग्रिफिथ उक्त पंक्ति का अनुवाद, "He who withheld the kine in silence" करते हैं। मैक्समूलर भी अलातृणः का अर्थ "in silence" ही लेते हैं।

ऋग्वेद ३.३४.१० में **बिभेद वलम्** में सायण ने 'वलम्' का अर्थ मेघ लिया है– "संव्रियतेऽनेन आकाशमिति वलो मेघः। तं मेघं बिभेद उदकप्रेरणार्थमभिदत्"।

ऋग्वेद ३.४५.२ के **वलं रुजः** की सायण कृत व्याख्या इस प्रकार है– "वलं रुजः। वृणोत्याकाशम् इति वलो मेघः। तस्य भंजकः। रुजो भंगे।" इन्द्र ने मेघ का भेदन करके जल को मुक्त किया। ग्रिफिथ ने भी यही अर्थ (cloud) लिया है।

---

१४. "...kept the light and waters imprisoned in dark clouds".

ऋग्वेद ४.५०.५ में बृहस्पति द्वारा बड़े शोर के साथ वल अर्थात् घेरे को तोड़ने का उल्लेख है। सायण 'वल' से यहाँ असुर अर्थ लेते हैं। मंत्र है–

स सुष्टुभा स ऋक्वता गणेन वलं रुरोज फलिगं रवेण। सायण – "सः बृहस्पतिः सुष्टुभा शोभनस्तुतिमता ऋक्वता दीप्तिमता गणेन अंगिरसां रवेण शब्देन च सह फलिगम्। ञिफला विशरणे" फलिर्भेदः तेन गच्छतीति फलिगम्[१५]। वलं वलनामानमसुरं रुरोज बभञ्ज"।

इन मन्त्रों से स्पष्ट है कि 'वृत्र' और 'वल' का अपने धात्वर्थ 'घेरे' से सम्बन्ध था। वृत्र ने जल को घेरे में बाँध रक्खा था और 'वल' ने 'बाड़ा' के घेरे में गायों को बाँध रक्खा था। 'वल' अर्थात् 'घेरा' रूप रुकावट जो राक्षस का पर्याय बन गया। 'वल' नामक राक्षस वृत्र का सम्बन्धी या भाई था जो इन्द्र द्वारा जीता गया था। 'वल' का अर्थ घेरना, आच्छादित करना, ढाँकना, छिपाना है। इस प्रकार 'वल' का सम्बन्ध घेरे से, गुफा या गूढ़ स्थान से है जो क्रमशः वल राक्षस का प्रतीक बन गया। वलग घेरे में छिपा राक्षस का प्रतीक है इसीलिये वलग को गड़ढे में छिपा कर रखते हैं। ऋग्वेद २.१२.११ में वर्णित असुर शम्बर भी पर्वत की गुफाओं में रहता था जिसे इन्द्र ने खोज निकाला था।

यास्क ने 'वल' के लिये दो धातुयें संकेतित की हैं– 'वृ' तथा ' वल्' और दोनों से मेघ ही अर्थ लिया है जो आकाश को घेर लेता है, आच्छादित कर लेता है। सायण ने भी यही माना है। यही 'वल' आगे चलकर 'वल' नामक शक्तिशाली असुर हो गया है जिसके बाड़े को भेद कर इन्द्र जल–प्रवाह रूप गायों को छुड़ाते हैं। 'वल्' धातु आत्मनेपद और कभी कभी परस्मैपद भी है। वलते, वलति का अर्थ है, 'to turn round', गोलाकार, चक्राकार गति में चलना, घेरना, ढाँकना। वल्क पेड़ की छाल है जो पूरे वृक्ष को आच्छादित किये रहती है। वल्गा घोड़े की, उसके सिर को घेरते हुये, उसे नियन्त्रित करने वाली, उपकरणों से युक्त लगाम है। 'वलय' कंगन है जो कलाई को घेरने वाला गोलाकार आभूषण है। वल्कल और वल्कवासस् छाल के वस्त्र हैं जो ऋषि–मुनि धारण करते थे। याज्ञवल्क्य प्राचीन प्रख्यात ऋषि थे जिनका अन्तः बाह्य सब दिव्यता और आध्यात्मिकता से आच्छादित था। उपर्युक्त सभी शब्दों में घेरने या आच्छादन की क्रिया स्पष्ट दिखाई दे रही है। 'घेरा' या 'बाड़ा' या 'अवरोध' अर्थ ही आगे चलकर 'वल' राक्षस हो गया। जो राक्षस की तरह गति करे, अवरोध करे, चारों ओर से घेर कर हानि या नाश करे वह 'वलग' है। शत्रु को अभिलक्ष्य कर, उसकी उपभुक्त या कभी उससे सम्बद्ध रही वस्तु जब अभिचार रूप में गड़ढे में गाड़ी जाती है तो वह 'वलग' है जो शत्रु को आच्छादित कर उसे नष्ट कर देता है। "यस्य वधार्थं क्रियते तं रोगादिभिर्वृण्वन् आ प्रच्छादयन् गच्छतीति वलगः[१६]। ते वलगा बाहुमात्रे खाताः[१७]। ये वलग एक हाथ गहरे गड़ढे में गाड़े जाते हैं। खोद कर फेंक देने पर इनका प्रभाव जाता रहता है। 'वलगविद्' इसे प्रत्यभिचरण मन्त्रों से उलटे शत्रु के विरुद्ध भी पलट देता है जिससे वह पलट वार करके अपने प्रयोक्ता को ही नष्ट कर देता है।

---

१५. मैक्डानल फलिग से अर्थ 'receptacle' और मोनियर विलियम्स 'mountain' लेते हैं। ग्रिफिथ "he destroyed obstructive vala" अर्थ करते हैं।

१६. आचार्य उवट, मन्त्र भाष्य, शुक्ल यजुर्वेदसंहिता, ५.२३। द्रष्टव्य तै०सं० १.३.२ पृ० ३५४ जीर्णकटपटादिखण्ड बद्धा........ ये भूमौ निखन्यन्ते ते वलगाः।

१७. असुरा वै निर्यन्तो देवानां प्राणेषु वलगान्यखनन्तान्बाहुमात्रेऽन्वविन्दन्तस्माद्बाहुमात्राः खायन्ते। (तै०सं० ६.२.११)।

अथर्ववेद संहिता में वलग

अ०सं० में वलग का उल्लेख कई मन्त्रों में कृत्या के साथ ही आया है। 'कृत्यापरिहरण गण' में परिगणित एक सूक्त[१८] हर प्रकार की कृत्याओं और वलगों के विरुद्ध प्रयुक्त होता है। इसी के एक अन्य मन्त्र में[१९] यातुविदों की कई श्रेणियों में एक 'वलगिन्' का भी उल्लेख है। अ०सं० के दशमकाण्ड का प्रथम सूक्त 'कृत्यादूषण' है जो कृत्याओं के विरुद्ध प्रयुक्त है। इसके दो मन्त्रों में वलग का उल्लेख है[२०]। इसी संहिता के एक मन्त्र में जो कि 'शान्तिगण' में परिगणित है उल्काभिहत नक्षत्र, अभिचार, कृत्याओं और निखात वल्गों आदि के शान्त होने एवं कल्याण करने की प्रार्थना की गई है[२१] –

नक्षत्रमुल्काभिहतं शमस्तु नः शं नोऽभिचाराः शमु सन्तु कृत्याः।
शं नो निखाता वल्गाः शमुल्का देशोपसर्गाः शमु नो भवन्तु।।

उपर्युक्त मन्त्र में 'वल्गाः' शब्द ध्यातव्य है जबकि अन्यत्र सभी स्थलों में 'वलगाः' पद ही मिलता है। संभवतः 'वलग' के साथ–साथ 'वल्ग' रूप भी प्रचलित था जिसका एक रूप 'वल्गा' (लगाम) में आज भी मिलता है।

तैत्तिरीय संहिता में वलग

श्रौत यज्ञों में विभिन्न अनुष्ठानों की प्रक्रियाओं को माध्यम या साधन बना कर लगे हाथ दूसरे अभीष्टों की भी सिद्धि कर ली गई है। इनके प्रमुख उद्देश्यों में एक है–शत्रुओं का नाश। जो भी समान, या असमान, विद्या, बुद्धि, वित्त, सौभाग्य आदि की दृष्टि से समकक्ष या असमकक्ष किसी से द्वेष करता है, शत्रुभाव रखता है, उसका नाश श्रौत यज्ञों की विविध क्रियाओं को साधन बना कर प्रतीकात्मक रूप से कर लिया जाता है। **तैत्तिरीय संहिता (तै०सं०)** में १.३.२ तथा ६.२.११ में शत्रुओं द्वारा गाड़े गये वलगों एवं शत्रुओं को नष्ट करने के लिये 'अग्निष्टोम' नामक याग में उपरवों के निर्माण की याज्ञिक प्रक्रिया को साधन बना कर प्रतीकात्मक रूप से अभीष्ट सिद्धि की गई है। अग्निष्टोम सोमयज्ञों की प्रकृति एवं आदर्श है। सोमक्रयण, यजमानदीक्षा, सदनिर्माण आदि कृत्यों के बाद अग्निशाला से हविर्धान नामक दो शकट महावेदि के दक्षिण एवं उत्तर में रक्खे जाते हैं जिनमें हवि के रूप में सोम रखा रहता है। उनके चारों ओर आवरक के रूप में हविर्धान नामक मण्डप बनाया जाता है जो साक्षात् विष्णु रूप या विष्णु देवताक माना जाता है।

उपरव-निर्माण

अध्वर्यु दक्षिण हविर्धान के सामने भूमि में लकड़ी की स्फ्य से अवटों (गर्तों) के परिलेखन के बाद एक हाथ गहरे चार गड्ढे खोदता है। जैसे यूप के लिये अवट बनाया जाता

---

१८. अ०सं० ५.३१.४ वलगं वा नराध्याम्।

१९. अ०सं० ५.३१.१२.

२०. यां ते बर्हिषि यां श्मशाने क्षेत्रे कृत्यां वलगं वा निचख्नुः (१०.१.१८)

२१. अ०सं० १९.९.९.

है वैसे ही ये चार गर्त (गड्ढे) बनाये जाते हैं जिन्हें 'उपरव' कहते हैं[२२]। इन गर्तों के ऊपर अधिषवण फलक (लकड़ी के तख्ते) बिछा कर अधिषवण चर्म (बैल का लाल चर्म) रक्खा जाता है जिस पर चार प्रस्तर खण्डों से सोम का रस निकाला जाता है। प्रस्तर खण्डों से उत्पन्न घोष (ध्वनि) को ये चारों गड्ढ़े गुञ्जित कर देते हैं इसी से इन्हें 'उपरव' कहा जाता है[२३]। जिस क्रम से चारों गड्ढे खोदे जाते हैं उसी क्रम से उन गड्ढों से मिट्टी, तृणादिक, मन्त्रपूर्वक उखाड़ फेंके जाते हैं। यह क्रिया शत्रुओं द्वारा भूमि के अंदर गाड़े गये वलगों को खोद कर अन्यत्र फेंकने का आभिचारिक प्रयोग भी है। चूँकि हविर्धान यज्ञ का शीर्ष है इसलिये चार कूप (गर्त) खोदे जाते हैं जो दो कानों के छिद्र और नांसिका के दो छिद्रों के प्रतीक हैं। अवटों के ऊपर कुशाच्छादन केशों का प्रतीक है। प्रस्तर खण्ड दन्त रूप है। एक सुन्दर रूपक द्वारा उपरवों की प्रशंसा की गई है–

शिरो वा एतद्यज्ञस्य यद्धविर्धानम्। प्राणा उपरवा हनू अधिषवणे जिह्वा चर्म ग्रावाणो दन्ता मुखमाहवनीयो नासिकोत्तरवेदिरुदरं सदम्[२४]....।

चारों उपरवों को "**रक्षोहणो वलगहनो वैष्णवान् खनामि**[२५]" मन्त्र से खोदते हैं। ये उपरव राक्षसों एवं वलगों के नाशक और वैष्णव कहे गये हैं। तत्पश्चात् इन गर्तों से मिट्टी को निकाल फेंकने की क्रिया को "**इदमहं तं वलगमुद्वपामि यं नः समानो यमसमानो निचखानेदमेनमधरं करोमि यो नः समानो योऽसमानो राऽतीयति। गायत्रेण छन्दसाऽवबाढो वलगः**"। गर्तों से खोदी गई मिट्टी को यजमान के पैरों के पास नीचे डालते हैं जो शत्रुओं को यजमान के पैरों पर डाल देने, उन्हें नीचा या पराजित करने का प्रतीक है, साथ ही वलग के अवबाधित होने की भी पुष्टि है। सायण की व्याख्या द्रष्टव्य है–

"अस्मान् विनाशयितुं विद्यावित्तसौभाग्यादिभिः समानोऽसमानो वा यं वलगं निचखान तं वलगमहमिदमुद्वपाभि। किंचास्मानुद्दिश्य समानोऽसमानो वा यः कोऽप्यरातिवदाचरति एनमिदमधरं यजमानपादस्याधोवर्त्तिनं करोमि। गायत्रच्छन्दोभिमानिदेवेन वलगोऽवबाधितः।"

ये चारों उपरव नीचे से एकीकृत (मिले) रहते हैं क्योंकि प्राण, अपान, चक्षु, श्रोत्रादि सभी शरीर के अन्दर एक होकर रहते हैं। दक्षिणपूर्व उपरवों का यजमान अवमर्शण करता है और उत्तर–पश्चिम उपरवों का अध्वर्यु। यजमान पूछता है "**किमत्र**" (यहाँ क्या है।) अध्वर्यु उत्तर देता है– "**भद्रम्**" (कल्याण, शुभ)। यजमान कहता है "**तन्नौ सह**" (वह हम दोनों को हो)[२६]। तत्पश्चात् इन उपरवों का अभिमर्शण "**विराडसि सपत्नहा, सम्राडसि भ्रातृव्यहा, स्वराडस्याभिमातिहा, विश्वाराडसि विश्वासां नाष्ट्राणां हन्ता**" इन चार मन्त्रों से प्रदक्षिण क्रम से किया जाता है जो कि सभी शत्रुओं का सर्वनाश करने वाला है। पश्चात् "**रक्षोहणो वलगहनः**

---

२२. **कात्यायन श्रौतसूत्र** ८.४.२५ "दक्षिणस्यानसोऽधः प्रउगं खनति"....।

२३. **का० श्रौ० सू०** ८.४.१८ की टीका।

२४. **तै०सं०** ६.२.११

२५. **तै०सं०** १.३.२ (सायणभाष्य सहित) आनन्दाश्रमसंस्कृतग्रन्थावलिः ४२, १६५६।

२६. **तै०सं०** १.३.२.

प्रोक्षामि वैष्णवान्" मन्त्र से उपरवों का प्रोक्षण और **"रक्षोहणो वलगहनोऽवनयामि वैष्णवान्"** मन्त्र से उपरवों में जल उँडेला जाता है। उसके पश्चात् **"यवोऽसि. यवयास्मद् द्वेषो यवयाराती"** मन्त्रों से यथाक्रम उपरवों में यवों को डाला जाता है। इस प्रकार प्रतीकात्मक रूप से आभिचारिक प्रयोग द्वारा यव के धात्वर्थ–शत्रुओं के दूरीकरण रूप अभीष्ट को प्राप्त किया जाता है। तत्पश्चात् **"रक्षोहणो वलगहनोऽवस्तृणामि वैष्णवान्"** मन्त्र के साथ उपरवों के अन्दर दर्भप्रक्षेपण करता है, क्योंकि अक्षि की पलकों एवं नासिका के छिद्रों में लोमदर्शन होता है (सायण)। **"बर्हिरवस्तृणाति तस्माल्लोमशा अन्तरतः प्राणाः" (तै० सं० ६.२.११)**। पश्चात् **"रक्षोहणो वलगहनोऽभिजुहोमि वैष्णवान्"** से होम किया जाता है। आज्य तेज है और प्राण उपरव हैं, इस प्रकार आज्य होम से प्राणों में तेज को स्थापित करता है[२७]। उसके बाद **"रक्षोहणौ वलगहनावुप दधामि वैष्णवी"** मन्त्र से अधिषवण फलकों को उपरवों पर रक्खा जाता है और **"रक्षोहणौ वलगहनौ पर्यूहामि वैष्णवी"** मन्त्र से फलकों को परस्पर दृढ़ता (कसाव) प्रदान की जाती है। पश्चात् **रक्षोहणौ वलगहनौ परिस्तृणामि वैष्णवी** मन्त्र से फलकों पर कुश बिछा कर **"रक्षोहणौ वलगहनौ वैष्णवी"** मन्त्र से फलकों का अभिमर्शण करता है। तत्पश्चात् चर्मफलक पर पत्थर से शब्द करता है– **"बृहन्नसि बृहद्ग्रावा बृहतीमिन्द्राय वाचं वद"** अर्थात् हे पाषाण ! तुम अपनी शक्ति से महान् हो, तुम बृहद्ग्रावा हो। तुम इन्द्र को सुनाने के लिये ऊँची ध्वनि करो"।

शुक्ल यजुर्वेद माध्यन्दिन संहिता[२८] में ५.२३, ५.२५ में भी उपरवों के निर्माण एवं उसके माध्यम से वलगों के नाश की प्रक्रिया वर्णित है जिसमें **तै० सं०** से इसके मन्त्रों में काफी पाठभेद एवं क्रम भेद है। यथा–

"रक्षोहणं वलगहनं वैष्णवीमिदमहं तं वलगमुत्किरामि यं मे निष्ट्यो यममात्यो निचखानेदमहं तं वलगमुत्किरामि यं मे समानो यमसमानो निचखानेदमहं तं वलगमुत्किरामि यं मे सबन्धुर्यमसबन्धुर्निचखानेदमहं तं वलगमुत्किरामि यं मे सजातो यमसजातो निचखानोत्कृत्यां किरामि" (५.२३)।

उवट-भाष्य- ".......रक्षोहणम्। रक्षांसि या वागपहन्ति सा रक्षोहा तां रक्षोहणम्.... वलगहनम् वलगान् कृत्यविशेषान् भूमौ निखनितान् शत्रुभिर्विनाशार्थं हन्तीति वलगहा वाक् तां वलगहनम्....। वलो वृणोतेः। यस्य वधार्थं क्रियते तं रोगादिभिर्वृण्वन् आ प्रच्छादयन् गच्छतीति वलगः। वैष्णवीं विष्णुदेवत्यां वाचं वद इति सम्बन्धः। उत्किरति। इदमहं यत्करोमि तद्वलगं कृत्याविशेषम्। उत्किरामि उद्वपामि। यं मे निष्ट्यः। यं वलगं मे मम निष्ट्यः पुत्रः। स हि निर्गत्य शरीरात्ततो विस्तीर्णो भवति यं च अमात्यः वलगं निचखान निखनति........ द्वितीयमुत्किरति। यं मे समानः विद्यादिभिः सदृशः। असमानः विद्यादिभिरसदृशः।........ तृतीयमुत्किरति। यं मे सबन्धुः। सबन्धुः स्वजनः। असबन्धुस्तद्विपरीतः। .... चतुर्थमुत्किरति। यं मे सजातः। सजातो भ्राता। स हि समान- जन्मा भवति। असजातः असमानजन्मा भ्रातुरसदृशः।.........सर्वमुत्किरति उत्कृत्यां किरामि उत्किरामि कृत्याम्"।

---

२७. तै०सं० ६.२.११

२८. शु०य०सं०-श्रीमदुवटाचार्यविरचितमन्त्रभाष्येण श्रीमहीधराचार्यकृतवेददीपभाष्येण च समन्विता, मोतीलाल बनारसीदास, १९८७.

महीधर भाष्य

"............तथा वलगहनं वलगान् हन्तीति वलगहा ताम्।............पराजयं प्राप्य पलायमानैः राक्षसैरिन्द्रादिवधार्थमभिचाररूपेण भूमौ निखाता अस्थि–केश–नखादिपदार्थाः कृत्याविशेषा वलगाः..... ... यस्य वधार्थं क्रियते तं वृण्वन्नाच्छादयन् गच्छतीति वलगः। ते वलगा बाहुमात्रे खातास्ततस्तदु–द्धारार्थमुपरवस्य तावन्मात्रखननम्। तान्बाहुमात्रान्खनेत् इति श्रुतिः (३.५.४.६) तित्तिरिः।

"...........नितरां स्त्यायति संघातरूपेण सह वर्तत इति निष्ट्यः। यद्वा निर्गत्य शरीरात् स्त्यायति विस्तीर्णो भवतीति निष्ट्यः पुत्रादिः। यद्वा निर्गतो वर्णाश्रमेभ्यो निष्ट्यः चण्डालादिः। ...... धनिकस्य स्वामिनो धनगृहादिनिर्वाहकोऽमात्यः। केनापि निमित्तेन कुपितः पुत्रोऽमात्यो वा मे मह्यं मद्वधार्थं यं वलगं निचखान निखातवान् तं वलगहमुत्किरामि उद्वपामि उद्धृत्य अन्यत्र परित्यजामि। ....समानो धनकुलादिभिः सदृशः। असमानो न्यूनोऽधिको वा। ....संबन्धुः कुलशीलादिभिः समानो मातुलपैतृष्वसेयादिः तद्विपरीतोऽसबन्धुः। ....सजातः समानजन्मा भ्राता तद्विपरीतोऽसजातः। ....येयं कृत्या शत्रुभिरभिचरद्भिः सम्पादिता वलगरूपा तामुत्किरामि उद्धृत्य दूरे क्षिपामि" (५.२३)।

यहाँ अर्थ की स्पष्टता की दृष्टि से दोनों (उवट–महीधर) भाष्यों को दिया गया है। **तै० सं०** में उद्वपन क्रिया के साथ जहाँ केवल "समान–असमान" है, वहीं यहाँ **शु०य०सं०** में चार उपरवों के लिये, चार अलग–अलग पुत्र–अमात्य समान–असमान, सबन्धु–असबन्धु, सजात–असजात इन शत्रु श्रेणियों के लिये चार भिन्न–भिन्न मन्त्र दिये गये हैं। **शु०य०सं०** में शत्रु–भाव रखने वालों में पुत्र, अमात्य, भाई को भी निर्दिष्ट किया गया है।

काठक संहिता– उपरवों से मिट्टी के उद्वपन के समय वलगों से सम्बन्धित उपर्युक्त मन्त्र यजुर्वेदीय **काठक संहिता**[२६] (२.११) में थोड़े पाठभेद से निम्न रूप में प्राप्त है–

"रक्षोहणं वलगहनं वैष्णवीमिदमहं तान् वलगानुद्वपामि यान्स्समानो यानसमानो निचखानेदमहं तान् वलगानुद्वपामि यान्नस्सबन्धुर्यानसबन्धुर्निचखानेदमहं तान् वलगानुद्वपामि यान्नस्सनाभिर्यानसनाभिर्निचखानेदमहं तान् वलगानुद्वपामि यान्नस्स्वो यानरणो निचखान............" इत्यादिः।

काठक संहिता का ही २५.६ भी द्रष्टव्य है–

"देवाश्च वा असुराश्च व्यभ्यचरन्त। तेऽसुरा देवानां प्राणेषु वलगान्यखनँस्तान् बाहुमात्रेऽन्व विन्दँस्तस्माद्बाहुमात्राः खेयाः........। इदमहं तान् वलगानुद्वपामि यान्नस्समानो यानसमानो निचखानेति। यदेवास्यात्र शप्तं यदभिचरितं तदनुविद्योद्वपति........"।

उपरवों की खनन–प्रक्रिया में प्रहार एवं क्रूरता समाहित है इसीलिये रक्षोघ्न, वलगघ्न वैष्णव उपरवों को अवसिञ्चित कर शान्त किया जाता है– "अथो यदेवैषां खनन्तः क्रूरं कुर्वन्ति तच्छमयति"।

---

२६. सम्पा० श्रीपाद दामोदर सातवलेकर, स्वाध्याय मंडल, पारडी, १९८३.

शतपथ ब्राह्मण— वाजसनेयि माध्यन्दिन शाखा के **शतपथ ब्राह्मण**[३०] (३, ४.४, २–३ तथा ३.४.४, ६–२२) में वलगों का प्रसंग प्राप्त है। इसमें उपरवों के निर्माण का दो प्रयोजन बताया गया है। प्रथम–हविर्धान के यज्ञ के शीर्ष रूप होने के कारण सोमाभिषव के लिये चार उपरवों का खनन होता है। द्वितीय कारण है असुरों द्वारा द्वेष्य–वधार्थ भूमि में स्थापित वलगों को उखाड़ फेंकना। जैसे देवों में वैसे ही मनुष्यों में यह अनुष्ठान कृत्यापरिहारोपाय है। **"द्वयं वा अभ्युपरवाः खायन्ते........ देवाश्च वा असुराश्च। उभये प्राजापत्याः पस्पृधिरे ततोऽसुरा एषु लोकेषु कृत्यां वलगान्निचख्नु.............. (२)। तद्वै देवाऽअस्पृण्वत। त एतैः कृत्यां वलगानुदखनन्यदा वै कृत्यामुत्खनन्त्यथ साऽलसा मोघा भवति। तथो एवैष एतद्यद्यस्माऽअत्र कश्चिद् द्विषन् भ्रातृव्यः कृत्यां वलगान्निखनति तानेवैतदुत्किरति तस्मादुपरवान्खनति स दक्षिणस्य हविर्धानस्याऽधोऽधः प्रउगं खनति" (३)।**

शतपथ ब्राह्मण में उपरवों के खनन से न केवल वलग बल्कि शत्रुओं द्वारा गाड़ी गई कृत्याओं को भी नष्ट किया जाना बताया गया है–

"इदमहं तं वलगमुत्किरामि यम्मे निष्ठ्यो यममात्यो निचखानेति। निष्ठ्यो वा वाऽमात्यो वा कृत्यां वलगान्निखनति तानेवैतदुत्किरति" (३.४.४.१०) इत्यादि।

इस प्रकार श्रौत–यज्ञीय–प्रक्रिया का कितनी कुशलतापूर्वक घोर आभिचारिक प्रयोग किया गया है और उसे वलगों, राक्षसों और शत्रुओं को नष्ट करने का साधन बनाया गया है।



---

३०. शतपथ ब्राह्मणम्, ज्ञान पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली, १९८७

CONTRIBUTOR'S – LIST(Vols. L -Liii)

1. Agrawal, K. L.
2. Agrawal, P. K.
3. Angne Lal
4. Arora, U. P.
5. Arun Kumar
6. Bajpai, K. D.
7. Bajpai, Santosh Kumar
8. Bhandari, D. R.
9. Bhattacharya, Sibhesh
10. Bhuvan Vikram
11. Chattopadhyaya, Bhaskar
12. Dubey, D. P.
13. Dubey, Sitaram
14. Dwivedi, Lavakush
15. Dwivedi, U. C.
16. Gopal, Lallan ji
17. Goyal, Shanker
18. Goyal, S. R.
19. Gupta, N. P.
20. Handa, Devendra
21. Jain, Prem Suman
22. Jani, Varsha G.
23. Jayaswal, Kusum
24. Kamal Giri
25. Krishna Kumar
26. Lalit Kumar
27. Lokesh Chandra
28. Malaviya, Maya
29. Mishra, Ajay Kumar
30. Mishra, Bina
31. Mishra, B. N.
32. Mishra, Jayadeva
34. Mishra, Shivagopal
35. Mishra, Vibha
36. Mishra, V. D.
37. Mittal, K. K.
38. Murthy, A. V. Narasimha
39. Nagarch, B. L.
40. Ojha, Aditya Prasad
41. Om Prakash
42. Pande, Anupa
43. Pande, Susmita
44. Pandeya, Lalit
45. Pandey, O. P.
46. Pandey, S. L.
47. Pandey, Uma
48. Pathak, S. M.
49. Pathak, Vishvambhara Sharan

50. Puri, B. N.
51. Mukherjee, Sandhya
52. Renubala
53. Roy, Anamika
54. Roy, S. N.
55. Roy, U. N.
56. Sahay, Kiran
57. Seth, Veda
58. Sharmà, D. P.
59. Sharma, I. K.
60. Sharma, Madhuri
61. Sharma, S. K.
62. Shashi Kant
63. Shastri, Ajay Mitra
64. Singh, A. K.
65. Singh, Abhay Kumar
66. Singh, Keshav Prasad
67. Singh, Purushottam
68. Shukla, Pradeep Kumar
69. Singh, Tahsildar
70. Singh, Y. B.
71. Sinha, Atul Kumar
72. Sinha, Chitta Ranjan Prasad
73. Singhal, S. D.
74. Srivastava, A. L.
75. Srivastava, O. P.
76. Srivastava, Shashibala
77. Srivastava, V. C.
78. Sullerey, S. K.
79. Thakur, Upendra
80. Thakur, Vijay Kumar
81. Thaplyal, K. K.
82. Thosar, H. S.
83. Tiwari, Gauri Shankar
84. Tiwari, Maruti Nandana
85. :Tiwari, Ramchandra
86. Tripathi, D. N.
87. Tripathi, G. C.
88. Tripathi, Krishna Kumar
89. Trivedi, C. B.
90. Varma, R. K.
91. Vishwakarma, Ishwar Sharan
92. Yadav, B. N. S.

□□□

गैर्वाणीगौरवग्रन्थमाला

गीर्वाणवाणीगौरवभूतप्रत्ननूतनलघुग्रन्थानां
संकलनम्



गङ्गानाथझाकेन्द्रीयसंस्कृतविद्यापीठ-
शोधपत्रिकायाः परिशिष्टम्

✻

सप्तदशं पुष्पम्

सुन्दरकथा

संपादकः

डॉ० गयाचरण त्रिपाठी

अष्टादशं पुष्पम्

मूर्खशतकम्

संपादिका

डॉ० बीना मिश्रा

✻

२००० ई०

अज्ञातकर्तृका

सुन्दरकथा

चौरपञ्चाशिकामधिकृत्य कृता प्रबन्धकल्पना



सम्पादकः

गयाचरण त्रिपाठी



गङ्गानाथझाकेन्द्रीयसंस्कृतविद्यापीठम्
प्रयागः

॥ पूर्वपीठिका ॥

'चौरपञ्चाशिका' संस्कृत गीति-साहित्य का एक अनुपम रत्न है। युवजनसुलभ उद्दाम श्रृंगार के संयोग एवं वियोग दोनों पक्षों को एक साथ प्रस्तुत करने वाला यह गीतकाव्य श्रृंगार की अनेक मधुर एवं कोमल अनुभूतियों का अत्यन्त ललित और मनोरम चित्रण करता है। एक दूसरे के साहचर्य के लिये तड़पते हुए प्रेमी और प्रेमिका की मिलन वेला पर दोनों की शारीरिक और मानसिक स्थिति की अपूर्व अभिव्यक्ति इस खण्ड काव्य में हुई है। फिर भी केन्द्र बिन्दु में रही है नारी की रमणीयता, सरसता, कोमलता, भावविह्वलता एवं लज्जाशीलता के साथ-साथ अपने प्रियतम के प्रति त्याग एवं पूर्ण समर्पण की भावना। सारा का सारा काव्य वस्तुतः नारीसौन्दर्य की प्रशंसा में रचित एक उत्कृष्ट स्तोत्र है।

इस सरस काव्य का रचयिता कौन था, हमें ठीक से पता नहीं। परम्परागतरूप से इसका श्रेय प्रसिद्ध ऐतिहासिक काव्य विक्रमांकदेवचरित के यशस्वी कर्ता काश्मीरी कवि बिल्हण (११वीं शती) को दिया जाता है। पर इसमें कोई पुष्ट प्रमाण नहीं। काव्य का शीर्षक भी असामान्य है– चौरपञ्चाशिका अर्थात् एक चोर के द्वारा कहे गये ५० पद्य। यह चोरी चौर्य-सुरत से संबन्धित है, किसी का धन चुराने से नहीं। चौरपञ्चाशिका के समस्त पद्य इस 'चोर' के द्वारा एक अवैध प्रेमप्रसंग में भोगे हुए सुख की पुनः-स्मृति के रूप में रचित हैं। इस दृष्टि से कविता की आंग्ल कवि वर्ड्सवर्थ द्वारा दी गई परिभाषा– **'Emotions recollected in tranquility'** का यह उत्तम निदर्शन है। आज हमें न तो इस चोर की पहचान है, न ही उसकी सुरतसंगिनी की जब कि इस रचना के अस्तित्व में आते ही लोगों को इस विषय में उत्कट जिज्ञासा रही होगी।

जब तथ्यात्मक सत्य 'हिरण्मय पात्र' में बन्द हो तब उद्भावन-प्रवणता एवं कल्पनाशाक्ति का 'पूषा' ही उसका ढक्कन हटा कर उस 'सत्यधर्म' का दर्शन करा सकता है, जिसके लिये सहृदय रसिक पाठकों के मन में व्याकुलता रही है। मेघदूत के प्रसंग में भी ऐसा ही हुआ। कालिदास तो यक्ष के विषय में केवल "स्वाधिकारात् प्रमत्तः" कह कर

आगे बढ़ गये। पर सहृदय टीकाकारों ने अपनी कल्पना से आखिर उस 'अधिकार' (=कर्त्तव्य) की खोज ही निकाला जिसमें प्रमाद करने से यक्ष को अपनी प्रिय पत्नी से एक वर्ष तक पृथक् रहना पड़ा।

कुछ ऐसा ही इस "सुन्दरकथा' के संबन्ध में भी है। चौर पञ्चाशिका में कहीं कोई संदर्भ नहीं है कि आखिर किस चोर ने किस प्रसंग में ये अतीव रमणीय पद्य कहे। अतः सहृदय पाठक–लेखकों ने अपनी उत्प्रेक्षा को पंख लगाए और कल्पना–लोक से उतार लाए इस सुन्दर कथा को। जब काव्य की नायिका अनुपम सुन्दरी है तो नायक तो 'सुन्दर' होगा ही। विशेषण ही संज्ञा का काम करेगा। कन्या राजकुमारी है तो सुन्दर का राजकुमार होना भी आवश्यक है। कालिदास की काल्पनिक जीवनी के प्रसंग में विद्योत्तमा नाम सुलभ एवं परिज्ञात था, और उसकी यह प्रतिज्ञा भी कि वह अपने से अधिक विद्वान् से ही विवाह करेगी। हमारी कथा को इसका लाभ मिला और हमारी राजकुमारी बनी 'विद्या' तथा सुन्दर बना एक सर्वशास्त्रविशारद पण्डित। प्रतिज्ञा वही रही, अतः सुन्दर को कोई कठिनाई नहीं हुई विद्या को पाने में। विद्योत्तमा ने ऊँट की आवाज़ पर प्रश्न किया था, तो विद्या ने मोर की।

यह "सुन्दरकथा" हमारे विद्यापीठ में अवस्थित एक मातृका की सम्पादित-संशोधित पुनः प्रस्तुति है। मातृका प्रयाग के दारागंज निवासी सुविज्ञ महाराष्ट्री संस्कृत पण्डित डॉ० विद्याधर धर्माधिकारी से प्राप्त हुई थी। दुर्भाग्य से इसका प्रथम पृष्ठ विनष्ट हो गया है अतः यह 'अव्यक्तादि' है। आगे के कथानक से लगता है कि आरम्भ में नसीर शाह नामक राजा का, उसकी राजधानी (रत्नावली) का तथा उसके पुत्र एवं हमारे कथानायक सुन्दर की दिग्विजय यात्रा का वर्णन रहा होगा। माधव भट्ट, अर्थात् माधव नाम के भाट, से उज्जयिनी के राजा वीर सिंह की पुत्री विद्या के रूप एवं वैदुष्य का वर्णन सुन कर उसे प्राप्त करने के लिये सुन्दर अकेला उज्जयिनी आता है। प्रथम पत्र के अन्तिम अंश में उज्जयिनी का वर्णन प्रारंभ ही हुआ होगा जिसका सातत्य द्वितीय पत्र में है, जहाँ से हमारी मातृका प्रारम्भ होती है। यही माधव-भट्ट (भाट) कथा के अन्त में वीरसिंह के दरबार में आकर उसे सुन्दर एवं उसके

पिता नासीर शाह का परिचय देता है। नसीरशाह की पहचान मैं नहीं कर पाया, शायद हो भी नहीं सकती। सुन्दरकथा के पात्र इतिहास की वस्तु नहीं हैं। पर मुसलमानी छाप लिये एक हिन्दू राजा का यह नाम अपने उद्‌भव के लिये उस काल की ओर संकेत करता है जब अरबी-फारसी के कुछ शब्द धीरे-धीरे भारतीय भाषाओं में ऐसे घुल मिल गये थे कि हिन्दुओं को भी उन्हें नाम के रूप में अपनाने में कोई हिचकिचाहट नहीं थी। यह नाम इस कथा के उद्‌गम के रूप में संभवतः सिन्ध, गुजरात या पंजाब की ओर भी इंगित करता है।

इस कथा की भाषा अत्यन्त सरल एवं प्रवाहमय संस्कृत है जिसमें यदा कदा छोटी-छोटी भूलें भी मिल जाती हैं (पृ०३ पर 'वेधाः अनुकूलः' के स्थान पर 'वेधानुकूलः' तथा पृ० पर 'रात्रिवासः परित्यज्य' के स्थान पर ' रात्रिवासं परित्यज्य' ऐसी ही प्रमादजन्य त्रुटियाँ हैं। पृ० ४ पर 'विद्ययातीव कुपितया पाणिना प्रहारः कृतः' के स्थान पर 'विद्यातीव कुपिता...' पाठ था जिसे मैंने लिपिकर्ता का प्रमाद मान कर शुद्ध कर लिया है, एवं क्वचिदन्यत्रापि)। मातृका संवत् १७३१ (सन् १६७४ ई०) में श्री नारायण त्रिपाठी द्वारा लिपिबद्ध की गई थी। उनके लेखन की त्रुटियों को यथासंभव सुधारा गया है पर यह सुविज्ञात है कि एक अकेली मातृका से मूल शुद्ध पाठ तैयार करना लगभग असंभव है। फिर भी यदि मैं इस रचना को विद्वानों के सम्मुख प्रस्तुत करने का साहस कर रहा हूँ तो केवल इसलिये कि यह आगे आने वाले विद्वान् शोधकर्ताओं के लिए एक स्रोत-ग्रन्थ का कार्य करे।

सुन्दरकथा की प्रमुख उपयोगिता इसमें उद्‌धृत चौरपञ्चाशिका के पद्यों में विद्यमान पाठान्तरों को लेकर है क्योंकि पञ्चाशिका के प्रायः सभी पद्य इसमें गुम्फित हैं, यद्यपि क्रम भिन्न है। चौरपञ्चाशिका के अधिसंख्य पद्यों में प्रचुर मात्रा में पाठान्तर प्राप्त होते हैं। बाद के मातृका लेखकों तथा पाठक-लेखकों ने अपनी-अपनी रुचि के अनुसार पद्यों के शब्दों तथा वाक्यांशों में खूब परिवर्तन किया है। इन्हीं डॉ० धर्माधिकारी से प्राप्त चौरपञ्चाशिका की एक स्वतन्त्र मातृका में अनेक पद्यों के पाठ पूर्णतया भिन्न है। मुद्रित संस्करणों के पाठों से तुलना करने पर भी प्रभूत अन्तर

मिलेगा। ४०वें पद्य में 'कुन्तलाक्षीम्' के स्थान पर अन्यत्र 'कुन्तलालिम्' (अधिक अच्छा !) पाठ है, ४१वें में 'दीर्घशयने स्खलितांगयष्टिम्' के स्थान पर 'दीर्घविरहग्लपितांगयष्टिम्' पाठ प्राप्त है, ४२वें में 'विशालजघना' के स्थान पर 'विशालनयना' है, ४४वें मे 'कस्तूरिकातरललेपविशुद्धगन्धाम्' के स्थान पर 'कस्तूरिकापरिमलोत्थविमिश्रगन्धाम्' है, ४८वें में हमारा 'श्रवणकुण्डल' अन्यत्र 'कनककुण्डल' है और 'मुक्ताफलप्रचुर' 'मुक्ताफलप्रकर' के रूप में प्राप्त होता है। अगले ४६वें श्लोक में 'श्रवणभंगुर' के स्थान पर 'प्रलयभंगुर' पाठ मिलता है जिसका मूल शुद्धरूप संभवतः 'प्रणयभंगुर' रहा होगा। ५४ वें 'विपरीतरताभियोगे' के स्थान पर कुछ मातृकाओं को 'सुरतक्लमविह्वलायाः' पाठ अभीष्ट है तो ६३वें में 'निर्वाक्यताद्विगुणिताश्रुजला' के स्थान पर 'वाचास्खलद्विगलदक्षिजला'। कहाँ तक गिनाया जाए, पाठान्तरों की संख्या बहुत बड़ी है। मेरा उद्देश्य चौरपञ्चाशिका का सामीक्षिक संस्करण तैयार करने का नहीं था, अतः उसे अन्य विद्वानों के लिये छोड़ दिया है। सहृदय पाठकवृन्द इस मनोरम कथा को पढ़कर यदि आनन्दित हुए तो मैं अपने परिश्रम को सफल समझूँगा, इत्यलम्।

विदुषामाश्रवः
गयाचरण त्रिपाठी

अथ श्री

।। सुन्दरकथा ।।

(चौरपञ्चाशिकामधिकृत्य कृता प्रबन्धकल्पना)

(मातृकायाः प्रथमं पत्रं नास्ति)

...नित्यं यत्र परं पुराणपठनं गोविन्दपूजा जपो
होमो, नृत्यकलाविलासकुशलाः योषिज्जना निर्भयाः।
दानं, दन्तितुरङ्गरङ्गरसिकः श्रीवीरसेनो नृपो
विद्या मूर्तिमती विराजति यतः कामारिमोहप्रदा।।1।।

तस्यां गच्छन् सुन्दरः सुन्दरं नानाशकुनिगणपंकेरुहवनमृदुलं सुरभितपवनगुञ्जन्मधुपयुतं सरोवरमाप्तवान्। अनन्तरं तस्य सरसो महीरुहमूले उपविष्टः कामपि विकचकमलविक्रेतुकामां मालाकारवामां विलोकयामास। अथ सा मालाकाराबला कुमारमालोक्य प्रहसितवदना पृच्छति—

कस्त्वं कस्य सुतोऽसि कुत्र नगरे वासः कुतो गम्यते
स्ववैद्यप्रतिमप्रतापतपनस्फूर्जच्छटामण्डलः।
मन्ये त्वं नृपनन्दनो गुरुतरं कार्यं विधातुं परं
धृत्वा वेशमपूर्वकैतवयुतं विद्योतितं निर्गतः।।2।।

ततस्तस्या इति वाचमाकलय्य सुन्दरो वाचमुवाच—

नसीरसाहतनयो रत्नावल्यां ममालयः।
सत्यं, सुन्दरनामास्मि यामि कामार्थमाकुलः।।3।।

इत्याभाष्यानन्तरं सोऽपि तां पप्रच्छ — किं नामास्या नगर्याः, राजा च कः ? ततश्च सा वदति— इयमुज्जयिनी नाम नगरी। नृपतिः श्रीवीरसिंहः अस्या अधीशः। ततः सुन्दर उज्जयिनीनाम श्रुत्वा विकसितहृदयकमलः पुनर्मालिनीं सस्मितमाह— भवत्याः किं नाम, सत्यं ब्रूहि। मालिनी वदति— श्रीवीरसिंहनृपतिमालिन्यहं नाम्ना सुचरितेति।

सुन्दरः — अहो, कस्मै कस्मै कुसुमं ददासि ?

मालिनी — *वीरसिंहसुता विद्या विद्याभूषणभूषिता।*

तस्यै प्रतिदिनं वीर ददामि दामपञ्चकम्।।4।।

सुन्दरः – आः, आप्यायितोऽस्मि भवतीवचनामृतेन। किन्तु दिनमणिरयमस्ताचलं चलितः। सुचरिते भवतीगेहे स्थातुं मनो विलसति। अथवा मूल्यं मणिमेकं नीत्वा बन्धकमपि कारय। ग्रामप्रवेश एव भवत्या यशः समाकर्ण्य मनोऽस्माकं नान्यत्र विशति।

मालिनि – दातव्यो न वो वासः परदेशिभ्यः। यतो दोर्दण्डमण्डित-प्रचण्डकोदण्डखण्डितशतशतकुकृतिदुर्वारोऽयमुर्वीशः उज्जयिनीतिनगर्य्याः प्रसिद्धः। सेनायुक्तो रजनीपालः करधृतकरवालः अन्यायतो न्यायतो वा परसदनमभिविश्य स्वयं दण्डं विधाय नृपमभिदिशति। भूपालबालापि अखिलकलाकुशला रूपेण रतिरिव। त्वमपि रूपलावण्येन खर्वीकृतमदनमहीपतिगर्वः। पद्यं च –

राजायमतिदुर्वारो रजनीपालकस्तथा।
दुर्वृत्तो, विदुषी विद्या भीता हन्त वरक्षणे।।5।।

सुन्दरः – *हेतुना केन चरिते वीरसेनकुलोद्भवा।*
पुरुषद्वेषिणी विद्या कथ्यतामत्र कारणम्।।6।।

मालिनी – *शृणु विप्रकुलाम्भोज विद्यावृत्तान्तमद्भुतम्।*
पुरुषद्वेषिणी विद्या विद्यागर्वेण गर्विता।।7।।

सुन्दरः – अहो, किमिति विद्या विद्याविलासिनी कुचकलशं विफलीकरोति ?

मालिनी – शृणुत तस्याः प्रतिज्ञाम् –

कुमुदबन्धुशिरोमणिवैरिणः किल रसालविशालतनुस्तनुः।
निखिलपुस्तकशस्तमतिः परां जयति मां यदि, जीवपतिः स तु।।8।।

भो, हस्तन्यस्तपुस्तक भवानपि लक्ष्यते। तत् किमिति सा न दासीक्रियते ?

सुन्दरः – विद्यायाः का कथा, तद्गुरुमपि पाठयितुं शक्नोमि।

मालिनी – अहो परदेशिन्, मैवं भण। विद्याकर्णकुहरे पतिते अनर्थो भावी।

सुन्दरः प्रकटं विहस्य वदति– चतस्रो दिशो विजिता मया। मालिनी, का विद्या !

मालिनीति समाकर्ण्य कुतुकिनी 'अस्तु अस्त्वि'ति पुनः पुनर्भणित्वा

नगरीनिन्दां विधाय गच्छन्तं तं करे धृत्वा ग्रामान्तावस्थित-पुष्पवाटिका निकटवर्तिनिजसद्मनि स्थापयामास। स तु मालिनीं प्राह– मुद्रामेकां नीत्वा वणिक्पथमेहि, परं किमपि एवं न कथयिष्यसि 'ममालये परलोकावस्थितिः, किन्तु भगिनीतनयोऽस्ति'। अपरमपि। यावद्दिनं नगरीवासो मम भवत्या एव गृहे, प्रत्यहमेवं च दास्यामि। ततो मालिनीति श्रुत्वा पाणिप्राप्तसुरपुरीकेवानन्दिता सती 'सत्यं कोऽपि महापुरुषो विद्योद्देशनार्थमत्रागतः। विधिनापि निधिरारोपितः पाणौ। विलासिनोऽस्य मनोऽभिलाषोऽवश्यं पूरयितव्यो मयेति चिन्तयन्ती पुनस्तं गोपनीयस्थले स्थापयित्वा यदा चलति तदा सुन्दरो वदति– मालिनि, स्वर्णङ्गुलीयकमपि नीत्वा गच्छ, उत्तमद्रव्यादिकं नीत्वा सत्वरमेहि। अहमद्य कुसुमं गुम्फामि। ततः सा द्रव्यं समानीय तं रन्धनमकारयत्। तेनापि भोजनं विधाय पुनरपि विद्यावयोलक्षणादिकं पृष्ट्वा रजनी नीता। ततः प्रातर्भृङ्गावली-कलकोलाहलमाकलय्य गतनिद्रा सा मालाकारिणी पुष्पवाटिकामाजगाम। तत्राभूतपूर्वकुसुमविकाशमालक्ष्य चिन्तयामास' ममासीद् वेधानुकूलः! यतो द्वादशवर्षावधि यो नाभूत् कुसुमविकाशः सोऽधुना दृश्यते। तदस्यागमनमेव कारणम्' इति निगद्य ततो नानाकुसुमान्यानीय विद्यादामगुम्फनमुद्यतां तां विलक्ष्य बन्धनद्रव्यानयनकैतवेन वणिक्पथं प्रस्थाप्य सुन्दरः स्वयं सौन्दर्यरसिको विना सूत्रम् अनन्तमणिखचितं कुसुमहारं गुम्फयामास। ततो मालिनी तत आगत्य त्वरितं हारमन्यदपि कुसुमं गृहीत्वा विद्यापूजास्थलं प्राप्तवती।

विधाय विधिवत्ततः स्नपनमेत्य पूजालयं
निकाममणिगुम्फितं कुसुमदाम विद्या तदा।
विलोक्य कुतुकान्विता चकितचारुनेत्राञ्चला
पुनः पुनरिदं वचः सभयमालिनीं पृच्छति।।9।।

'सत्यं ब्रूयाः, विलम्बः कथं पुष्पानयने, केन वाद्य गुम्फितं दाम ? किं परदेशिरसिकस्तवालयेऽस्ति' ? ततः सभयकौतुकमुखी मालिनी भणति– शृणु, भागिनेयोऽद्यागतो वर्तते न तु विदेशीति। विद्या– एवं न हि। सत्यं भण। कोऽपि न श्रोष्यति। "भवत्या किं मम चेतो न ज्ञायते", तद्दिने तथैव भणित्वा गृहमागता मालिनी।

परदिने –

विकचकमलवक्त्रा चारुकर्णान्तनेत्रा
ललितगतिविचित्रा चन्दनालिप्तगात्रा।
नृपपुरसमवेशा बद्धकेशा सुहासा
चलितचपलचित्ता मालिनी माल्यहस्ता।।10।।

एवंभूता विद्यायै दत्तवती दाम।

विद्या पुनरपि तादृशीं मालां विलोक्य जगाद –

'स्वरूपवचनं ब्रूहि मालाकारिणि साम्प्रतम्।
विदग्धः पुरुषः कोऽपि मन्दिरे तव तिष्ठति।।11।।

कठिने यदि एवं नहि, इयमपूर्वा प्रकटसौरभभूषिता मणिना कलिता विचित्रगुम्फिता कथमासीन्माला यदवलोकनेनैव मदनमृगयुमार्गणगण-मर्दितमृगीवाहमासम्'। पुनरपि मालिनी तथैव जगाद। विद्ययातीव कुपितया पाणिना प्रहारः कृतः। मालिनी नयनयोरसुधारामानीय मिथ्याप्रलापं कृत्वा 'भवत्या कण्ठे क्षुरिकामादाय प्राणनाशो विधेयः, परमपराध एव नास्ति, किमिति मयि प्रहारः ?' इति वदन्ती रोदनमारेभे। अथानन्तरं मालिनीविलापमालोक्य विस्मिता विद्या ताम्बूलं दत्त्वा प्रस्थापयामास।

मालिनी स्वगृहमागत्य कुमारं रोषाविष्टा वदति–

वासो वैदेशिकान्यत्र क्रियताम्, त्यजत गृहम्।
कर्मणा तव भाग्येन केवलं जीवितं मया।।12।।

कुमार ईषत्स्मेरमुखो वदति– मालिनि, तस्याश्चरितं ज्ञातम्। भवत्या गृहं त्यजामि, वसामि वा। परमादौ भण भवत्या सहाद्य यः संवादस्तस्या आसीत्। मालिन्यपि तत्संवादमवर्णयत्। अथानन्तरं कुमारोऽपि मालिनीसदने सुखशयने विद्याधरीमिव विद्यां ददर्श।

मालिन्या दत्तवासः कथमपि कलितश्चातुरीभिः कुमारः
स्वच्छन्देनाथ सुप्तः प्रमुदितमनसा संददर्शाभिरामाम्।
विद्यां सर्वानवद्यां सकलगुणगणालंकृतां पद्मवक्त्रां
स्वीयार्थासक्ताचित्तां मुखकमलसुधासिक्तभूषां सुवर्णाम्।।13।।

